| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 82,445.21 |
| निफ्टी | ~ | 25,103.20 |
| सोना | ~ | 97690 |
| चांदी | ~ | 1,08,000 |
| डॉलर | ~ | 85.66 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 14 जून 2025
आषाढ़ कृष्ण 03 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 259
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### सना मकबूल को हुआ लिवर सिरोसिस

मुंबई। कुछ दिन पहले बिग बॉस ओटीटी विनर टीवी एक्ट्रेस सना मकबूल की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें वो हॉस्पिटल में एडमिट नजर आ रही थीं। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि वो लिवर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं।सना ने कहा है कि मैं कुछ समय से ऑटोइम्यून हेपेटाइटिस से पीड़ित हूं, लेकिन हाल ही में हालात और खराब हो गए हैं। मेरी इम्यून सिस्टम ने मेरे लिवर पर अधिक आक्रामक तरीके से हमला करना शुरू कर दिया है, और अब मुझे लिवर सिरोसिस होने का पता चला है। लेकिन मैं मजबूत रहने की कोशिश कर रही हूं।

### एनआईए ने तेज की ग्रेनेड हमले की जांच

चंडीगढ़। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अमृतसर पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड हमले की जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने पंजाब और हरियाणा में बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी संगठन से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर छापे मारे हैं। छापे के दौरान टीम ने उनके घरों से मोबाइल, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जैसे संदिग्ध सामान जब्त किए हैं। साथ ही एनआईए की टीम अधिक जानकारी जुटाने और बीकेआई गिरोह की असली साजिश का पर्दाफाश करने की जांच भी कर रही है। जनवरी 2025 में पंजाब के अमृतसर जिले की गुमटाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ था। इसका आरोप बैन किए गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने लिया था, और हमले की जिम्मेदारी उनके सदस्य हैप्पी पासियां ने स्वीकार किया था।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी बुजुर्ग को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर की एक विशेष अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में बुजुर्ग को दोषी मानकर 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मोहम्मद अख्तर को दोषी ठहराते हुए 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक रमेश चन्द्र सिंह ने बताया कि यह मामला 2024 में गोसाईगंज थाना क्षेत्र का है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि 11 फरवरी 2024 को जब वे और उनकी पत्नी घर पर नहीं थे, तब उनका नजदीकी रिश्तेदार मोहम्मद अख्तर (65) घर पहुंचा। अख्तर बहलाकर उनकी बेटी को अपने साथ जंगल की ओर ले गया और दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में आरोपपत्र दाखिल किया। जिरह पूरी होने के बाद अदालत ने अख्तर को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### आईआईटी-बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप केस में 21 जुलाई को अंतिम बहस

वाराणसी। वाराणसी के आईआईटी-बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप केस में फास्ट ट्रैक कोर्ट में अब 21 जुलाई को अंतिम बहस करेगा। चोटिल होने के कारण पीड़िता कोर्ट नहीं आ सकी, जिसके बाद जज ने जिरह के लिए अगली तारीख तय की। उधर, आरोपियों को अंतिम अवसर मिला है। तमाम आरोपों के बावजूद फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज पीड़िता को वर्चुअल रूम से ही पेश कराएंगे।

# विमान हादसे में मरने वालों की संख्या हुई 297

## पीएम मोदी अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिले



अहमदाबाद। बीते रोज अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरी दुनिया स्तब्ध कर दिया है। हादसे में मरने वालों की संख्या अब 297 हो गई है। जबकि कई लोग घायल है जिनका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। शुक्रवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अस्पताल पहुंचे उन्होंने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस मौके पर गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु, केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल और राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद रहे। दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे में घायल हुए लोगों से मिलने अहमदाबाद सिविल अस्पताल पहुंचे।

गुरुवार को पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। घटना स्थल पर मौजूद एक एनडीआरएफ जवान ने बताया, अभी स्थिति सामान्य है। जो लोग बाहर मलबा गिरने के बाद जल गए थे, उन्हें निकाल लिया गया है। अब बाकी की तलाशी इमारत के अंदर की जाएगी। बाहर कोई नहीं बचा है। बाहर तलाशी अभियान कल से ही चल रहा था और सभी को वहां से निकाल लिया गया है।

अहमदाबाद एयर इंडिया विमान में मृतकों की संख्या 297 हो गयीअहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या 297 हो गई है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि केवल एक यात्री ही इस दुर्घटना में जीवित बचा है। मृतकों में 229 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य थे। इसके अलावा, विमान एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उस समय वहां मौजूद 56 लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंच गए हैं और दुर्घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं।

लंदन जाने वाला एयर इंडिया का विमान गुरुवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद दोपहर 1.38 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति चमत्कारिक रूप से बच गया। कल गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल का दौरा किया। इस बीच, दुर्घटना की जांच में तेजी आ गई है। सरकार ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

## मोदी ने किया अहमदाबाद प्लेन क्रैश साइट का दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ितों से मुलाकात के लिए आज अहमदाबाद पहुंच गए हैं। उन्होंने क्रैश साइट का दौरा किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात भी की। विमान हादसे में मरने वालों में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी और कई विदेशी नागरिकों समेत 265 लोगों की मौत हो गई थी।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) विमान गुरुवार दोपहर को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक मेडिकल कॉलेज परिसर में क्रैश हो गया था। इस हादसे में अब तक 265 लोग मारे जाने की खबर है। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हालांकि, इस भीषण हादसे में विश्वाश कुमार रमेश नामक एक यात्री चमत्कारिक रूप से बच गया। वह विमान के अंदर 11ए सीट पर बैठा था। एयर इंडिया के मुताबिक, विमान में सवार 230 यात्रियों में से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक थे। विमान में सवार अन्य 12 लोगों में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य थे।

अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना देश के सबसे घातक विमान हादसों में से एक है। डीसीपी कानन देसाई ने संवाददाताओं से कहा कि हमें प्राप्त संदेश के अनुसार 265 शव सिविल अस्पताल पहुंचाए जा चुके हैं। वहीं, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में चार एमबीबीएस छात्र और एक डॉक्टर की पत्नी भी शामिल है।

### मुकेश अंबानी मदद के लिए बढ़ाया हाथ

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने विमान हादसे पर दुख जताते हुए मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। दुख की इस घड़ी में रिलायंस चल रहे राहत प्रयासों को अपना पूरा और अटूट समर्थन देता है और हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि प्रभावित सभी लोगों को इस अकल्पनीय क्षति से उबरने की शक्ति और सांत्वना मिले।

### विजय रुपाणी की पत्नी अहमदाबाद पहुंचीं

गुजरात के पूर्व सीएम और भाजपा नेता विजय रुपाणी की पत्नी अंजलि रुपाणी अहमदाबाद पहुंचीं। विमान दुर्घटना में भाजपा नेता विजय रुपाणी की मौत हो गई थी।

### डीएनए सैंपल इकट्ठे करने का काम शुरू

अहमदाबाद में एआई-171 विमान दुर्घटना के बाद एकमात्र जीवित बचे यात्री और घायल एमबीबीएस छात्रों का इलाज तथा मृतक यात्रियों की पहचान के लिए डीएनए सैंपल एकत्रित करने का काम अहमदाबाद सिविल अस्पताल में किया जा रहा है।

### हॉस्टल में 45 से अधिक छात्र सुरक्षित निकाले गये

गुजरात आईएमए के अध्यक्ष डॉ. मेहुल शाह के अनुसार, हादसे के वक्त हॉस्टल में 50-55 लोग थे। दमकल व आपदा प्रबंधन कर्मियों ने तेज़ी से रेस्क्यू कर 45 से अधिक छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी

### मारे गए डॉक्टर्स के परिजनों को रू.50 लाख अंतरिम मुआवजे की मांग, केंद्र सरकार व एयर इंडिया को निर्देश देने की अपील

नई दिल्ली। अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक पत्र याचिका दायर की गई है। दो डॉक्टरों द्वारा दायर इस याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया है कि वह इस भीषण दुर्घटना का तत्काल स्वत- संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार और एयर इंडिया को पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता देने का निर्देश दे।

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार को निर्देशित किया जाए कि वह हादसे में मारे गए बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद के रेजिडेंट डॉक्टरों सहित सभी मृतकों के परिजनों को ?50 लाख का अंतरिम मुआवजा तत्काल प्रदान करे। इसके साथ ही याचिका में यह भी मांग की गई है कि केंद्र सरकार एक स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करे, जिसमें सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, विमानन विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री और बीमा विशेषज्ञ भी शामिल हों।

यह समिति मुआवजे की अंतिम राशि तय करने में त्रिवेणी कोड्केनी बनाम एयर इंडिया लिमिटेड मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का पालन करे। इसी के साथ याचिका में कहा गया है कि एयर इंडिया को



निर्देशित किया जाए कि वह बिना देरी के मुआवजा दावों का निपटारा करे, ताकि पीड़ित परिवारों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से न गुजरना पड़े।

याचिकाकर्ताओं ने यह भी मांग की है कि केंद्र सरकार मारे गए लोगों के योग्य परिजनों को पुनर्वास सहायता, स्थायी या वैकल्पिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।

#### हादसे की जांच और भविष्य की सुरक्षा पर बल

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से यह भी अपील की गई है कि वह केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को हादसे की गहन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दे, ताकि दोषियों की जवाबदेही तय हो और भविष्य में इस तरह की त्रासदियों को रोका जा सके।

## बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 के उड़ानों पर लग सकती है रोक

नई दिल्ली। अहमदाबाद प्लेन हादसे के बाद बोइंग को बड़ा झटका लग सकता है। केंद्र सरकार बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 की उड़ानों पर रोक लगाने का विचार कर रही है। अहमदाबाद एअरपोर्ट पर हुए हादसे के ठीक एक दिन बाद यह खबर सामने आ रही है। सूत्रों के अनुसार, एअर इंडिया के द्वारा विमानों के रखरखाव और इसकी संचालन प्रक्रिया भी जांच के घेरे में आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो भारत और अमेरिकी एजेंसियां इस मुद्दे पर बातचीत कर रही हैं। मुमकिन है कि बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8 की उड़ानों को रोक दिया जाए। अहमदाबाद प्लेन क्रैश की जांच के आधार पर बोइंग 787-8 की उड़ान रद करने पर बात चल रही है। इतना ही नहीं, एअर इंडिया पर भी गाज गिर गिरने की संभावना है।

### एअर इंडिया पर उठ रहे हैं सवाल

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी सनत कौल ने बताया कि डीजीसीए कई बार एअर इंडिया को पत्र लिखकर सिक्योरिटी चेकिंग समेत अन्य कमियों से रूबरू करवा चुका है। इस हादसे के बाद एअर इंडिया पर भी सवाल उठ रहे हैं कि वो अपने विमानों की मेंटिनेंस कैसे करते हैं?

### बोइंग 787 पर पहले भी लग चुकी है रोक

बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब बोइंग 787 को ग्राउंड करने की बात चल रही है। इससे पहले 2013 में बोइंग 787 की लिथियम-आयन बैटरी में आग लग गई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में इस फ्लीट पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी। ऐसे में अगर अहमदाबाद हादसे के पीछे इंजन फेलियर जैसी वजहें सामने आती हैं तो 2-3 या इससे ज्यादा समय के लिए भी बोइंग 787-8 की उड़ानों पर रोक लगाई जा सकती है।

## हादसे में जान गंवाने वाले हर शख्स के परिजनों को एक करोड़ रुपये देगा टाटा समूह

अहमदाबाद। अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया था। फ्लाइट में 230 यात्रियों के अलावा कुल 242 लोग थे, जिसमें दो पायलट और 10 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में फ्लाइट में सवार 241 लोगों की मौत हुई है और सिर्फ एक ही व्यक्ति जीवित बचा है। बता दें कि टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने हादसे के बाद मृतकों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद ये असमंजस बना हुआ था कि क्या राशि सिर्फ उन लोगों को मिलेगी जो विमान में सवार थे और हादसे का शिकार हो गए। या राशि का भुगतान उन लोगों के परिजनों को भी होगा जो विमान में सवार नहीं थे मगर हादसे में उनकी जान चली गई है। इस विरोधभास को लेकर अब तस्वीर साफ हो गई है। टाटा ग्रुप ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले हर व्यक्ति के परिजन को एक करोड़ रुपये की राशि मिलेगी। यानी ये राशि उन मृतकों के परिजनों को भी मिलेगी जो फ्लाइट में सवार नहीं थे मगर हादसे में उनकी मौत हुई है। इस हादसे में जान गंवाने वालों में पांच एमबीबीएस के छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी शामिल है। इतना ही नहीं टाटा समूह ने स्पष्ट किया कि हादसे में जो लोग घायल हुए हैं उनका इलाज का खर्च बी कंपनी उठाएगी। ये भी सुनिश्चित किया जाएगा कि उन्हें पूरा सहयोग मिले। कंपनी ने कहा कि बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल बिल्डिंग जो हादसे में क्षतिग्रस्त हुई है उसके पुनर्निर्माण में भी मदद की जाएगी।

## हॉस्टल की छत पर मिला ब्लैक बॉक्स

अहमदाबाद। बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गुरुवार दोपहर गिरा एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (फ्लाइट एआई-171) अब तक 265 लोगों की जान जाने की पुष्टि हो चुकी है। गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि तक 241 शव विमान के यात्रियों व क्रू के, जबकि 5 शव हॉस्टल परिसर में मौजूद लोगों के बरामद किए गए।

यहां बताते चलें कि विमान एआई-171 ने गुरुवार को 13-38 बजे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरी थी जो कि महज दो मिनट बाद क्रैश हो गया। इसमें कुल सवार 230 यात्री और 12 क्रू मेंम्बर थे, इस प्रकार कुल 242 लोग विमान में मौजूद थे। हादसे के बाद विमान से सिर्फ 1 यात्री जीवित बरामद किया गया। वहीं विमान



हादसे से बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर खासा असर पड़ा, जहां पर 50 से अधिक लोग मौजूद थे। इनमें 4 एमबीबीएस छात्र और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत हो गई।

हादसे का शिकार हुआ विमान का ब्लैक बॉक्स इमारत की छत से सुरक्षित निकाला गया है। हादसे की जांच करने के लिए जिन एजेंसियों को कार्य सौंपा गया है, उनमें एनआईए सहित नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, एयरक्राफ्ट क्सडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, बीएसएफ और सीआईएसएफ का जांच दल शामिल हैं।

दुर्घटना में दिवंगत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का पार्थिव शरीर पहचान से बाहर है। चिकित्सकों ने डीएनए प्रोफाइलिंग शुरू कर दी है; रिपोर्ट रविवार तक आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। रूपाणी के पुत्र के शनिवार तड़के अमेरिका से लौटने पर अंतिम संस्कार की तैयारियां राजकोट में होंगी।

## इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन उर्फ कमल कौर भाभी (30) की हत्या कर दी गई है। उसकी लाश बुधवार रात को बठिंडा में उसकी गाड़ी में सड़ी-गली हालत में मिली। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कमल कौर उर्फ कंचन सोशल मीडिया पर पिछले 7 साल से एक्टिव थी, लेकिन करीब तीन साल से इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी के नाम से जानी जाने लगी। वह सोशल मीडिया पर विवादित और अश्लील रील बनाकर पोस्ट करती थी। अश्लील कंटेंट को लेकर 7 महीने पहले आतंकी अर्श डल्ला ने मारने उसे मारने की धमकी भी दी थी। कंचन पहले प्राइवेट बैंक में नौकरी करती थी। कोरोना काल में उसने नौकरी छोड़ दी थी। हालांकि नौकरी छोड़ने का कारण सामने नहीं आया है। वह लग्जरी लाइफ की जीने की शौकीन थी। महंगे सूट पहनती थी। इसके साथ महंगे होटलों और सैलून में जाती थी। वह 9 जून को घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद घर नहीं लौटी। ज्यादातर बड़े होटलों में या बड़े सैलून में रील बनाकर पोस्ट करती थी। अकसर खरीददारी भी बड़े शोरूमों से करती थी। खरीदारी करते समय भी वह लेडीज अंडर गारमेंट्स पर कंटेंट तैयार करके वीडियो पोस्ट करती थी। कमल कौर उर्फ कंचन अपनी रील में जस्सी शब्द ज्यादा यूज करती थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास को जमानत दी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव को जमानत दी, जिन्हें आंध्र प्रदेश पुलिस ने अमरावती क्षेत्र की महिलाओं के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। ये टिप्पणियाँ इस माह की शुरुआत में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख और पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी के स्वामित्व वाले चैनल पर उनके डिबेट शो के दौरान की गई थीं।



न्यायालय ने पत्रकार राव द्वारा उनकी गिरफ़्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में शुक्रवार को ये आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की एक आंशिक कार्य दिवस पीठ ने निर्देश दिया कि 70 वर्षीय पत्रकार, जिन्हें 9 जून को हिरासत में लिया था, उन्हें रिहा किया जाए। न्यायालय ने कहा कि यह राव नहीं थे, बल्कि कार्यक्रम के एक पैनलिस्ट ने विवादास्पद टिप्पणी की थी। याचिकाकर्ता ने खुद लाइव टीवी शो में बयान नहीं दिया और उसके पत्रकारिता अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए ताकि उसकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनी रहे। पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई गई शर्तों के अधीन एफआईआर में रिहा करे। पीठ ने राव को निर्देश दिया कि वह अपने शो में कोई अपमानजनक बयान न दें और न ही भविष्य के प्रसारणों में किसी अतिथि को ऐसा करने दें। आंध्र सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाकर पीठ ने राव के पत्रकारिता अधिकारों को बरकरार रखने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। 6 जून को चैनल पर लाइव प्रसारित ये टिप्पणियां कथित तौर पर पत्रकार वीवी कृष्णम राजू द्वारा की गई थीं, जिन्होंने अमरावती क्षेत्र को कथित तौर पर वेश्याओं की राजधानी कहा था।

## पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरते ही अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

पठानकोट। भारतीय वायुसेना के एम17 अपाचे हेलीकॉप्टर की शुक्रवार को पठानकोट के नंगलपुर इलाके में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। माना जा रहा है कि तकनीकी खराबी के कारण एहतियातन लैंडिंग कराई गई। इसमें किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। अपाचे हेलीकॉप्टर ने पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरी थी। पुलिस ने कहा कि पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वाले हेलीकॉप्टर को तकनीकी दिक्कतों के बाद खुले मैदान में उतरना पड़ा। हेलीकॉप्टर को उतरते देख ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी। अभी तक भारतीय वायुसेना की ओर से आपातकालीन लैंडिंग के कारणों के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशनल और सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सार्वजनिक सुरक्षा या बुनियादी ढांचे को कोई खतरा नहीं है। इससे पहले 6 जून को भी इंडियन एयरफोर्स के एक अपाचे हेलीकॉप्टर की उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने बताया था कि एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अपाचे हेलीकॉप्टर ने सहारनपुर के पास एहतियातन लैंडिंग की। कुछ घंटे बाद एयरफोर्स के टेक्नीशियन की मदद से हेलीकॉप्टर को सहारनपुर एयरबेस पर वापस लाया गया।

# सर्वेयर को एक वर्ष से नही मिला मानदेय

## जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण अंचलों में किसान की गिरदावरी, ईकेवायसी और फार्मर रजिस्ट्री का काम करने वाले सर्वेयरों को एक वर्ष से उनका मानदेय नहीं दिया गया है। जिस कारण से अब वह परेशान हो रहे हैं उनका कहना है कि जब उन्हें काम पर रखा गया था , तब उन्हें काम के अनुसार मानदेय दिए जाने की बात कही गई थी, किंतु एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी आज तक एक भी मानदेय नहीं दिया गया है, जिसको लेकर वह जिला मुख्यालय में जमा होकर ,संगठन बनाकर अब आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं । वह कठिन परिस्थितियों में ग्रामीण अंचलों में काम कर रहे हैं, उन्हें आज मोबाइल का डाटा तक नहीं दिया जा रहा है, जबकि वह स्वयं अपने मोबाइल का डाटा इस्तेमाल कर काम कर रहे हैं । आज उनकी ग्रामीण क्षेत्रों में पहचान नहीं है, बीमा और अन्य सुविधा नही दी जा रही है । इसलिए वह अब आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं । सर्वेयरों द्वारा जिला मुख्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधि सहित प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सोपा है।

आपको बता दे कि शासन ने गिरदावरी के लिए ग्राम स्तर पर युवाओं को नियुक्त किया था। सर्वेयर बने, इन युवाओं से बाद में फार्मर रजिस्ट्री और ईकेवायसी भी कराई जाने लगी। जिन्हें विगत एक वर्ष से मानदेय नहीं मिला है। जिससे परेशान युवाओं ने सरकार से मानदेय की मांग की है। युवा सर्वेयरो के बताए अनुसार गिरदावरी के लिए प्रति खसरा 8 रूपए, फार्मर रजिस्ट्री के 10 रूपए और ईकेवायसी का कोई निश्चित नहीं किया गया था, लेकिन जिले में लगभग 700 से ज्यादा युवा, शासन के इस कार्य में लगे है, जिनके सामने अब यह समस्या है कि उन्हें काम करते एक वर्ष बीत जाने के बावजूद, अब तक एक रूपए का भी मानदेय नहीं मिला है। जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कार्य में लगे कई युवा, शादी-शुदा है, जिनके सामने, काम के बावजूद मानदेय नहीं मिलने, घर चलाने में परेशानी है, यही नहीं बल्कि मोबाईल रिचार्ज से लेकर किसानों तक पहुंचने के लिए वाहनों के उपयोग में लगने वाले ईधन का खर्चा उन्हें ही अपनी जेब से उठाना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं से जूझ रहे, युवाओं ने अपने मानदेय और निश्चित वेतन की मांग को लेकर, संगठन का गठन किया है। जिसमें अब अलग-अलग ब्लॉक के लगभग कई सैकड़ा सर्वेयर इन दिनों मानदेय नहीं मिलने से परेशान है। 13 जून को अलग-अलग तहसीलों के सर्वेयर जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जनप्रतिनिधि सहित जिले में बैठे प्रशासनिक अधिकारियों को भी अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा और उन्हें वेतन नहीं मिलने से आ रही परेशानियों को उनके सामने रखा। सर्वेयरों ने यह भी बताया कि यदि उनकी मांगों पर अब विभाग ध्यान नहीं देता तो वह प्रदेश स्तर के संगठन से चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाएंगे ।

### जीविका चलाने में काफी परेशानी हो रही हैं - उमेश

लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम सेलवा से पहुंचे सर्वेयर उमेश ने बताया कि आज वह ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भाइयों की ई केवाईसी से लेकर फार्मर रजिस्ट्री कर रहे हैं । तो उन्हें फील्ड में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है नेटवर्क समस्या उन्हें आए दिन उठानी पड़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि आज वह किसानों के घर तक जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, किंतु शासन उन्हें किसी प्रकार का कोई मानदेय नहीं दे रहा है और जो खसरा अनुसार पैसे दिए जाने की बात कही गई थी, वह भी अभी तक उन्हें नहीं दी गई है। आज उन्हें अपनी जीविका चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### एक वर्ष से मानदेय नहीं मिला है - शैलेन्द्र ठाकरे

जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि एक वर्ष से जिले के सभी सर्वेयर, जी-जान से सरकार के निर्देशो के अनुरूप गिरदावरी, फार्मर रजिस्ट्री और ईकेवायसी का काम कर रहे है लेकिन उनके ऐवज में मिलने वाला मानदेय, अब तक नहीं मिला है। जिससे घर के साथ ही स्वयं खर्च में उन्हें परेशानी हो रही है। इसके साथ ही उनके पास पहचान पत्र नहीं होने से अक्सर, हमें किसानों से कार्य के दौरान विवाद जैसी स्थिति का सामना करना पड़ता है, चूंकि सर्वेयरों का कोई बीमा नहीं होने से गिरदावरी के कार्य के दौरान, खेतो में जाने से जीव-जंतु या किसी विवाद में उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी भरपाई करने वाला कोई नहीं है। आज उनके संगठन के सभी पदाधिकारी और अलग-अलग तहसीलों के सर्वेयर जिला मुख्यालय पहुंचकर स्थानीय मोती गार्डन में जमा हुए, यहां से उन्होंने सबसे पहले सांसद भारती पारधी को ज्ञापन दिया उसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांग को रखा और यदि मांग पूरी नहीं होती तो वह प्रदेश स्तर के संगठन से चर्चा कर अब आंदोलन करने की रणनीति भी बनाएंगे ।

## बच्चों का शिक्षित होना और स्वस्थ होना दोनों आवश्यक-विधिक सहायता अधिकारी

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व जिला न्यायाधीश प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में गुरूवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से ग्राम सरंडी स्थित रमणिक फेरो प्लांट में आयोजित किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने बाल श्रम से संबंधित विधियों,संवैधानिक प्रावधानों और नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का शिक्षित और स्वस्थ होना दोनों देश के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। जिला श्रम विभाग के निरीक्षक श्री सुनील यादव, सुश्री वंदना उइके और आशुतोष दुबे ने श्रम विभाग से संबंधित योजनाओं और विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाने के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस शिविर का उद्देश्य बाल श्रम के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना था साथ ही श्रम विभाग की योजनाओं और उनके लाभों के बारे में भी जागरूकता देना था। इस शिविर में असिस्टेंट डिफेंस काउंसल दुर्गेश लिमजे,सुश्री प्रियंका शुक्ला व अन्य श्रमिक उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

मैं, योगेन्द्र एच.दहीकर, अधिवक्ता अपने पक्षकार आंचलिक प्रबंधक, भा. जी.बी.नि. गृह वित्त मर्या., छिंदवाडा की ओर से अधिकृत होकर आम सुचना जाहिर करता हूँ, कि -

मेरे पक्षकार के द्वारा एक अचल संपत्ति जो ग्राम बुढी प.ह.नं. 13/1 तह. व जिला बालाघाट में स्थित खसरा नं. 105/4ख/17 रकबा 0.015 हैं. / 1665 वर्ग फुट भूमि हैं, जों श्रीमति ललिता अगारे पति विनय कुमार अगारे, जाति महार निवासी जगला तह0 बिरसा जिला बालाघाट के नाम व आधिपत्य की हैं, जिसे श्रीमति ललिता अगारे पति विनय कुमार अगारे, की ही सहमति से मेरे पक्षकार के समक्ष बंधक रखा जा रहा हैं।

यह कि, उपरोक्त भूमि संपत्ति श्रीमति ललिता अगारे पति विनय कुमार अगारे, जाति महार निवासी जगला तह. बिरसा जिला बालाघाट के द्वारा श्रीमति अंजली खापरडे पति श्री धनेन्द्र खापरडे जाति महार निवासी वार्ड नं0 01, बुढी, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट, से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.11.2015 के माध्यम से कय किया गया था। तथा उपरोक्त संपत्ति श्रीमति अंजली खापरडे पति श्री धनेन्द्र खापरडे जाति महार निवासी वार्ड नं. 01, बुढी, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट के द्वारा श्री नारायण तेलकर पिता श्री स्व. श्री फेकनसाव तेलकर, जाति कलार निवासी वार्ड नं. 09, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 19.08.2002 के माध्यम से क्रय किया गया था।

चूकि रजिस्ट्री दिनांक 19.08.2002 की, जो श्रीमति अंजली खापरडे पति श्री धनेन्द्र खापरडे जाति महार निवासी वार्ड नं. 01, बुढी, बालाघाट तह0 व जिला बालाघाट के नाम की रजिस्ट्री घर में ही कही रख रखाव में गुम (खो) गई हैं, ऐसी जानकारी मेरे पक्षकार को श्रीमति ललिता अगारे पति विनय कुमार अगारे, के द्वारा दी हैं। अत: मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को अपने समक्ष रहन/बंधक रख रहा हैं, इसलिए ज्ञातव्य हो कि उक्त रजिस्ट्री दिनांक 19.08.2002 से कोई संव्यवहार किया जाता हैं, वह अवैध व शुन्य होगा, उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो, तो इस प्रकाषन के 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे, अवधि बीत जाने पर कोई विचार नही किया जायेगा, तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को रहन रखने हेतु स्वतंत्र होगा।

**वास्ते सूचना जानों।**

दिनांक 13.06.2025

**योगेन्द्र एच0 दहीकर**
**पेनल एडव्होकेट**
**भा0 जी0 बी0 नि0 गृह वित मर्या0, छिंदवाडा**
**सर्किट हाउस रोड, आजाद चौंक, बालाघाट**

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर करेली का हुआ वर्चुअल असेसमेंट



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर श्री मीणा व एसडीएम अर्पित गुप्ता के निर्देशानुसार बैहर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर करेली का वर्चुअल असेसमेंट किया गया। भारत सरकार के केंद्रीय दल द्वारा नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) द्वारा किया गया। इस असेसमेंट में केंद्रीय दल में भारत सरकार के नेशनल असेसर डॉ. चिरंजीत नौटिया और डॉ. सत्येंद्र शुक्ला शामिल थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने जानकारी दी कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर करेली का असेसमेंट राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया गया। संस्था में वर्तमान में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम और आशा कार्यकर्ता पदस्थ हैं। संस्था के अंतर्गत ग्राम करेली, गोरखपुर, उम्रदेही और परसाटोला शामिल हैं। संस्था का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप, डीपीएम विक्रम सिंह ठाकुर और अन्य अधिकारियों का सहयोग रहा। जिला क्वालिटी मेंटर विनोद कामड़े और सीएचओ मेंटर श्रद्धा उके ने भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर करेली के एनक्यूएएस की तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## विमान दुर्घटना को लेकर जिला चिकित्सालय में मृतको को दी गई श्रद्धांजलि

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अहमदाबाद में हुये विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों सहित डॉक्टरों की मौत पर जिला चिकित्सालय बालाघाट के डॉक्टर, स्टाफ सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने मृतक डॉक्टर और यात्रियों को श्रद्धांजलि दी । यहां उन्होंने 13 जून को जिला चिकित्सालय के सभा हाल में एक शोक सभा का आयोजन किया । जहां सिविल सर्जन निलय जैन द्वारा यात्रियों सहित डॉक्टरों की हुई मौत को लेकर दु:ख व्यक्त किया और कहा कि सभी मृतको को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें और इस घटना को बहुत ही दुखदाई बताया।



आपको बता दे कि गुरूवार को अहमदाबाद में एयर इंडिया का यात्री विमान क्रेश हो गया। जिसमें एक यात्री को छोड़कर सभी यात्रियों की मौत हो गई। साथ ही डॉ. के रेसिडेंट हॉस्टल में प्लेन क्रेश होने से चार डॉक्टरों सहित एक डॉ. पत्नी की मौत से जिले के चिकित्सा जगत में शोक और मायुसी का माहौल है। इस हादसे में मारे गए यात्रियों और चिकित्सकों को, शुक्रवार, जिला अस्पताल में चिकित्सको और अस्पताल स्टॉप ने मौन श्रद्धाजंलि दी। जिला अस्पताल के एआरटी सभाहॉल में आयोजित शोकसभा में सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, पूर्व सीएचएमओ डॉ. मनोज पांडे, डॉ. गीता बोकड़े, डॉ. मीनल नगपुरे, डॉ. सुषमा गोयल, सहायक प्रबंधक इरफान बेग सहित अस्पताल और नर्सिग स्टॉफ मौजूद था। सिविल जैन डॉ. निलय जैन ने बताया कि अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रेश हादसे में एक यात्री को छोड़कर सभी 240 से ज्यादा लोगो की मौत की घटना दुखद और झकझोर कर देने वाली है। इस हादसे में चिकित्सीय जगत ने अपने होनहार डॉक्टरो को भी खोया है, जिससे चिकित्सीय जगत स्तब्ध और हतप्रभ है। भगवान मृतात्माओं को अपने चरणो में स्थान दे और शोकाकुल परिवार को इस गहन दु:ख से लड़ने की शक्ति प्रदान करें, इसी भाव को लेकर अस्पताल के एआरटी सेंटर में शोक सभा आयोजित की गई थी। जिसमें सभी ने मृतकों के प्रति शोक श्रद्धाजंलि व्यक्त की।

## ई-नगरपालिका 2.0 - 24 सेवाएं ऑनलाइन मिलेंगी, अब घर बैठे पूरे होगा काम

भोपाल। मप्र में नगरीय निकाय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब 24 सेवाएं ऑनलाइन मिलेंगी। इसके लिए नगरीय निकायों में ई-नगरपालिका पोर्टल लॉन्च करने वाला है। यह पोर्टल नागरिकों को घर बैठे ही कई तरह की सेवाएं प्रदान करेगा। इसमें जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नल कनेक्शन, संपत्ति कर भुगतान जैसी कई सुविधाएं शामिल होंगी। पोर्टल को और बेहतर बनाने के लिए जीआईएस और एआई तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस नए पोर्टल का नाम ई-नगरपालिका 2.0 है। यह पुराने पोर्टल का उन्नत संस्करण है। इससे पहले वाले पोर्टल में कुछ तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं। उन्हें दूर करने के लिए इस नए पोर्टल को और ज्यादा तकनीकी रूप से मजबूत बनाया गया है। इससे लोगों को बेहतर और सुविधाजनक सेवाएं मिल सकेंगी। मप्र ऐसा पहला राज्य बनने जा रहा है जहां प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को एक पोर्टल पर लाया जा रहा है। हालांकि अभी भोपाल नगर निगम का अलग पोर्टल बीएमसी ऑनलाइन है। इसका अनुबंध पूरा होने पर भोपाल नगर निगम को भी ई-नगर पालिका से जोड़ा जाएगा।

जानकारी के अनुसार नगरीय विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एक साथ ऑनलाइन सेवाएं देने के लिए ई-नगर पालिका 2.0 सॉफ्टवेयर तैयार करा लिया है। ई-नगर पालिका 2.0 का राजस्व, उद्योग और पंजीयन विभाग के साथ एकीकरण किया गया है। इससे प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण हो जाएगा और प्रॉपर्टी टैक्स का खाता भी बन जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत उद्योगों को भी जल्द ऑनलाइन अनुमतियां जारी होंगी। नागरिकों को भी घर बैठे. नगरीय निकायों की सेवाएं मिलेंगी, उन्हें कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को ऑनलाइन सेवाओं से जोडने् के लिए केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना शुरू कर दी है। यह योजना डिजिटल इंडिया अभियान को प्रदेश में आगे बढ़ाने और पारदर्शी तथा त्वरित नागरिक सेवाएं देने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके पहले ई-पगरपालिका 1.0 शुरू किया गया था। इसके द्वारा नगरीय निकायों द्वारा दी जा रही नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, सभी तरह के भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत किया गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अब नई सेवा के तहत आवेदन के साथ 24 प्रकार की सेवाएं भी ऑनलाइन ही दी जाएंगी। यानी घर बैठे नागरिक ऑनलाइन आवेदन करेंगे और उन्हें ई-कि मेल और अन्य माध्यमों से सेवा प्रदान कर दी जाएगी।

अभी तक लोगों को नगर निगम के कामों के लिए दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते थे। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नल कनेक्शन, या कोई और काम हो, सबके लिए ऑफिस जाना ज़रूरी था। लेकिन अब इस नए पोर्टल के जरिए लोग घर बैठे ही ये सभी काम कर सकेंगे। इससे समय की भी बचत होगी और परेशानी भी कम होगी। ई-नगरपालिका 2.0 को कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ जोड़ा जा रहा है।

## कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट

### संक्षिप्त प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/4124/जि.पं./ पी.एम.पोषण/25 बालाघाट, दिनांक 12/06/2025

कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत कार्यों के मूल्यांकन व अनुश्रवण हेतु मासिक एवं प्रतिदिवस दर आधार पर वाहन एसयूवी (जैसे-बुलेरो) की आवश्यकता है। जिसके लिए संबंधित प्रोप्राइटर/फर्म/एजेंसी से प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने मुहरबंद निविदाएं दिनांक 26/06/2025 दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाए दिनांक 27/06/2025 को दोपहर 12.00 बजे जिला पंचायत बालाघाट के सभाकक्ष में खोली जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रपत्र रु. 2000.00 आवेदन शुल्क (नॉनरिफंडेबल) ऑनलाईन पैमेंट (QR CODE से) जमा कर दिनांक 13/06/2025 से कार्यालयीन दिवसी व समय में कार्यालय पीएन पोषण शाखा से प्राप्त किये जा सकते है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत बालाघाट**

## सूर्य ऊर्जा का घर में उपयोग और सब्सिडी के लिए एमपीईबी लगायेगा शिविर



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सूर्य ऊर्जा का उपयोग हम घर में बिजली के लिए अब आसानी से कर सकते है। इसके लिए घर पर सोलर पैनल लगाकर आवश्यकता अनुसार बिजली के उपकरण काम में ले सकते है। भारत शासन द्वारा सोलर पैनल लगाने व इसके प्रोत्साहन के लिए पीएम सूर्य घर बिजली योजना के माध्यम से सब्सिडी दी जा रही है। कलेक्टर मृणाल मीना ने गुरुवार देर शाम को एमपीईबी और जिले के सभी वेंडर्स के साथ इस सबंधं में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए है कि आज के समय में इस योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जाना है। इसके लिए मासिक कैलेंडर बनाये और उसके अनुसार विभाग और क्षेत्र के वेंडर्स जाकर सब्सिडी और उसके फायदे तथा पूरी प्रक्रिया के बारे में बताये। एमपीईबी के अधिक्षण यंत्री दीपक उइके ने योजना के तहत अब तक हुए कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मार्च की स्थिति में योजना के तहत 485 नागरिकों ने पंजीयन कराया था। जिसमें 66 ने पैनल की स्थापना की ओर 63 ने सब्सिडी क्लेम की। इस तरह 12 जून की स्थिति में 646 पंजीयन हुए है और 288 ने सोलर स्थापना कर 205 ने सब्सिडी क्लेम की है।

### बालाघाट में सबसे अधिक सोलर पैनल

अधिक्षण यंत्री श्री उइके ने बताया की बालाघाट सम्भाग में अब तक 231 सोलर पैनल स्थापित किये जा चुके है। बैहर में 9 और वारासिवनी में 48 सोलर पैनल स्थापित हुए है। विभाग जल्द ही कैलेंडर जारी कर क्षेत्रवार शिविर लगाकर योजना के बारे में जानकारी देगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, एडीएम जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, एमपीईबी के एसई और जिले के सभी वेंडर मौजूद रहे।

आवश्यकता है
उत्कर्ष कम्पयुटर लालबर्रा में
• कम्प्युटर टीचर्स - 03 पद
• स्टेनो टीचर्स - 02 पद
• टैली टीचर्स - 02 पद
• ऑफिस कार्य - 02 पद
इच्छुक युवक-युवती सम्पूर्ण बॉयोडाटा इंस्टीट्यूट में जमा कर सकते है
वेतन-योग्यतानुसार
पता-उत्कर्ष कम्प्युटर
पंवार समाज भवन के पास, सिवनी रोड बालाघाट
7691909255, 9424663575

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# वार्ड क्रमांक 26 में पानी निकासी के नाले पर एक वार्ड वासी ने किया पक्का अतिक्रमण, अन्य वार्डवासी हो रहे परेशान

## नगर पालिका नहीं दे रही ध्यान ,वार्डवासियों को बरसात में जल भराव का सता रहा डर

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।अब कुछ ही दिनों में बरसात शुरू हो जाएगी । बरसात शुरू होते ही वार्ड वासियों को जल भराव की समस्या सताने लगी है । नाले नालियों से पानी निकासी को लेकर वार्ड वासी परेशान होने लगे हैं। बहुत से जगह नगरीय क्षेत्र में कुछ लोगों ने पानी निकासी के नालों पर पक्का निर्माण कर लिया है। जिसको लेकर दूसरे वार्ड वासी जिनका पानी नालों से निकलता है एवं बरसात के दौरान जल भराव से वह डरने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला है शहर के वार्ड क्रमांक 26 का , जहां पर एक वार्ड वासी द्वारा पानी निकासी के नाले पर अतिक्रमण कर लिया गया है ।अन्य वार्ड वासी उस पक्के अतिक्रमण को तोड़ने नगर पालिका के चक्कर लगा रहे हैं और वार्ड वासियों का कहना है कि यदि अधिक बरसात हुई तो नाले पर पक्का अतिक्रमण किए जाने से उनके घरों में जल भराव की समस्या बनेगी , इसी को लेकर उन्होंने मीडिया के सामने आकर किए गए नालों पर पक्के अतिक्रमण को तोड़ने की मांग की है।



आपको बता दे कि नगरीय क्षेत्र में पानी निकासी की समस्या पहले से ही गंभीर बनी हुई है, ऐसी स्थिति में कुछ रहवासी ऐसे भी है, जिन्होंने अपनी जमीन नाला निर्माण तक के लिए दे दी है, वहीं कुछ लोग ऐसे भी है, जो अवैध तरीके से नाला के उपर ही निर्माण कार्य कर पानी निकासी के मार्ग को अवरुद्ध कर रहे है। इस निर्माण को हटाने के लिए नगरीय प्रशासन व जिला प्रशासन से बार-बार निवेदन करने और जिला प्रशासन के द्वारा अवैध निर्माण को हटाने का आदेश देने के बाद भी निर्माण को नहीं हटाने से नाराज रहवासियों का सब्र शुक्रवार को फूट गया और उन्होंने एकजुट होकर नगरीय प्रशासन के विरुद्ध नाराजगी जताई है, और जल्द ही अवैध निर्माण को हटाने की मांग की हैं।

### अवैध तरीके से नाला पर बन रहा मकान - अनुपम गोधे

रहवासी अनुपम गोधे सहित अन्य ने बताया कि वार्ड क्रमांक 26 में पानी की निकासी के लिए नाला बनाया गया है, और इसी नाला के माध्यम से प्रेम नगर के साथ ही गोंदिया रोड सहित अन्य स्थानों का पानी आगे की ओर जाता है। उन्होंने बताया कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी के कार्यकाल में नाला निर्माण का कार्य करवाया गया है, लेकिन शासकीय भूमि न होने पर उनके कहने पर गोधे परिवार ने अपनी स्वयं की जमीन पर नाला निर्माण की अनुमति दी जिसके बाद नाला निर्माण का कार्य पूर्ण हो पाया था, और वर्षा के दौरान जल भराव की होने वाली समस्या का समाधान हो पाया था, लेकिन उक्त नाला के उपर एक वार्ड वासी के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर नाला के उपर मकान निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत वार्डवासियों के द्वारा कलेक्टर से की गई थी और कलेक्टर महोदय ने नगर पालिका को उक्त स्थान की जांच कर अतिक्रमण को हटाने का कहा था बावजूद इसके नगर पालिका का अमला अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि नगरीय प्रशासन ही इस अवैध अतिक्रमण निर्माण को बढ़ावा दे रहा हैं।

### बरसात के समय भरेगा घरों में पानी - विजय खुरसाड़िया

रहवासियों विजय खुरसाड़िया ने बताया कि करीब 15 साल पहले बड़ा नाला न होने की स्थिति में पूरे कालोनी में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी और लोगों के घरों के अंदर तक पानी घुस जाता था जिससे गृहस्थी भी खराब होती है, और वर्तमान समय में ये कालोनी ओर भी अधिक घनी हो गई है, ऐसे में नाला के उपर हो रहे अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा गया तो इस वर्ष वर्षाकाल में इससे भी अधिक गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाएगी और रहवासियों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में नगरीय प्रशासन इस मामले में तत्परता से कार्रवाई करें अन्यथा रहवासी निजी भूमि में बने नाला को ही बंद कर देंगे जिसकी जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन की होगी।

**राह चलती युवती की लज्जा भंग करने की नीयत से छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप**

# रोशन लाल नावानी गिरफ्तार, भेजा गया जिला जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।राह चलती एक युवती की लाज भंग करने की नीयत से उसे के साथ छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में कोतवाली पुलिस ने रोशन कुमार उर्फ रोशन लाल पिता रमेश नावानी 52 वर्ष वार्ड नंबर 20 सिंधी मोहल्ला बालाघाट निवासी को गिरफ्तार कर लिये। इस व्यक्ति के विरुद्ध छेड़छाड़ और अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप एक 28 वर्षीय युवती लगाई थी। रोशन कुमार उर्फ रोशन लाल नावानी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह 28 वर्षीय युवती बूढ़ी बालाघाट में रहती है। और वह बी ए प्रथम वर्ष की पढ़ाई करने के साथ ही नगर के एक होटल में कैटरिंग का काम करती है। 4 वर्ष पहले से यह युवती रोशन लाल नावानी की दुकान में काम करती थी। जिससे रोशनलाल नावानी की इस युवती से पहचान थी। यह युवती रोशन लाल नावानी की दुकान में काम करके जब घर जाती थी। तब रोशनलाल नावानी रास्ते में उसका पीछा कर उसे मानसिक रूप से परेशान करने लगा था। जिसके कारण इस युवती ने वहां से काम छोड़कर नगर के एक होटल में काम करने लगी थी। वहां पर भी रोशनलाल नावानी ने जाकर इस युवती को कई बार परेशान किया। इस संबंध में इस युवती ने इस होटल के मलिक को भी बताई। जिन्होंने रोशनलाल नावानी को समझाये थे। लेकिन बाद में रोशनलाल नावानी इस युवती को अकेले मिलने के लिए और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। 9 जून की शाम 7:30 बजे करीब जब यह युवती अपनी सहेली के साथ होटल से अपने घर जा रही थी। तभी बूढ़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास पीपल के पेड़ के किनारे रोशनलाल नावानी आया और इस युवती को साथ चलने के लिए बोलने लगा और रोशनलाल नावानी इस युवती का हाथ पकड़ कर उसे खींचतान करने लगा था। चिल्लाने पर रोशनलाल नावानी ने इस युवती के साथ मारपीट किया और जातिगत अश्लील देकर जातिगत रूप से अपमानित करते हुए जान से खत्म कर देने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद यह युवती रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुंची। कोतवाली पुलिस ने इस युवती द्वारा की गई रिपोर्ट पर रोशन कुमार उर्फ रोशनलाल नावानी वार्ड नंबर 20 सिंधी मोहल्ला बालाघाट निवासी के विरुद्ध धारा 74,75(1)(द्वद्व),78,296,115(2),351(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 और धारा3(1)(2)(द्व),3(2)(1) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया। उपनिरीक्षक किरण वरकडे ने इस मामले में 12 जून को रोशनलाल नावानी को गिरफ्तार करके बालाघाट की स्पेशल कोर्ट में पेश कर दिए। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना को देखते हुये जिले में कई कार्यक्रम और जनप्रतिनिधियों के दौरे हुये निरस्त

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश होने की घटना के बाद सभी राजनीतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं । जिले में सभी स्वयंसेवी संस्था सहित शासकीय अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने स्तर पर मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं । जबकि 13 जून को कई शासकीय और अशासकीय रूप से होने वाले कार्यक्रम बैठक आयोजन धरना प्रदर्शन सभी संगठनों द्वारा विमान दुर्घटना की घटना के बाद निरस्त कर दिए गए हैं। जबकि शहर में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन पीजी कॉलेज का घेराव कर रहा था तो वहीं कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का भी बालाघाट दौरा निरस्त हो चुका है।

आपको बता दे की 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के बाद कई लोगों के मारे जाने की जानकारी आ रही है इसके बाद विमान दुर्घटना की खबर से हर वर्ग स्तंभित है और सभी इस घटना को दुखदाई घटना बता रहे हैं। इस घटना के बाद जिले में होने वाले कई शासकीय और अशासकीय कार्यक्रम दौरे , निरस्त हो चुके हैं ।कई पार्टियों द्वारा अपने धरना प्रदर्शन और संगठनात्मक होने वाली बैठकों को भी निरस्त कर दिया गया है। जबकि पूर्व से निर्धारित कुछ कार्यक्रम 13 जून को शहर में होना था । जिसमें अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारी पीजी कॉलेज का घेराव कर रहे थे , तो वहीं कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का जिले में, कांग्रेस जिला अध्यक्ष की पैनल की प्रक्रिया के लिये विधानसभा वार बैठक भी आयोजित होना था , किंतु विमान दुर्घटना की खबर के बाद सभी कार्यक्रम, प्रदर्शन और बैठके कांग्रेस ने निरस्त कर दी तो, वहीं भाजपा द्वारा भी पूर्व मुख्यमंत्री कि विमान दुर्घटना में हुई मौत के बाद सभी पार्टी कार्यक्रम और बैठके निरस्त कर दी हैं । जिसमें नगर पालिका में भी परिषद की बैठक आहूत होना था उसे भी निरस्त कर दिया गया एवं जिले में अलग-अलग संगठन और स्वयं सेवी संस्थाओं ने अपने-अपने स्तर पर विमान दुर्घटना में मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# एक व्यक्ति को अपनी भाभी और भतीजे को मारना पड़ा महंगा,जब भाभी के तीन भाइयों ने उसकी जमकर दी पिटाई

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट एक व्यक्ति को अपनी भाभी और भतीजी को मारपीट करना उस समय महंगा पड़ गया। जब इस व्यक्ति की भाभी के तीन भाइयों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। यह घटना जिले के बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सलघट में हुई। बिरसा पुलिस ने श्रीमती गंगा पति चीमनदास सार्वे 40 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके देवर चैनदास पिता तीरथदास सार्वे द्वारा की गई रिपोर्ट गंगा सार्वे के तीनों भाई परमात्मादास सोनवाने,नरोत्तमदास सोनवाने, पुरुषोत्तमदास सोनवाने सभी निवासी सालेवाडा जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया गया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा सार्वे घरेलू काम करती है और वह अपने पति और बच्चों के साथ में रहती है। जिसके पड़ोस में देवर चैनदास सार्वे अपने परिवार के साथ रहता है। गंगा सार्वे और उसके देवर चैनदास सार्वे के बीच काफी दिनों से बोलचाल बंद है। बुधवार को गंगा सार्वे के तीनों भाई परमात्मादास सोनवाने नरोत्तमदास सोनवाने और पुरुषोत्तमदास सोनवाने मेहमानी में आए हुए थे। रात्रि 10:00 बजे करीब गंगा सार्व अपने पति चीमनदास सार्वे से बोल रही थी कि घर के कवेलू टूट फुट रहे है। कवेलू सुधरवाये नही और हमारी सुनते नही हो बोल रही थी। गंगा सर्वे और उसके पति चिमनदास सार्वे के बीच घरेलू बातें हो रही थी। तभी चैनदास सार्वे अपने घर से निकाल कर आया और गंगा सार्वे के घर के अंदर घुसकर भाभी गंगा सार्वे को बोलने लगा कि तुम मेरे भाई को बोलने वाले कौन होते हो कहकर वह अपनी भाभी गंगा सार्व को अश्लील गालियां देने लगा। उसे समय गंगा सार्वे की बेटी अंजली सार्वे भी थी जिसे भी चैनदास सार्वे अश्लील गालियां देने लगा। गंगा सार्वे और उसकी बेटी अंजली सार्वे ने उसे गाली देने से मना की तो चैनदास सार्वे ने भतीजी अंजली सार्वे को पड़कर आंगन में ले गया और उसे हाथबुक्के से मारपीट करने लगा उसके बाल पड़कर दीवाल से पटक दिया। बीच बचाव करने जब गंगा सार्वे गई तो उसे भी चैनदास सार्वे ने हाथ बुके से मारपीट करने लगे। बहन और भांजी को पीटते देख परमात्मा दास सोनवाने नरोत्तम दास सोनवाने और पुरुषोत्तम दास सोनवाने ने चैनदास सार्वे को उसके घर में घुसकर उसे अश्लील गालियां देते हुए और मेरी बहन और भांजे के साथ क्यों मारपीट करते हो कहकर तीनों ने मिलकर चैनदास सार्वे को हाथ बुक्के से जमकर मारपीट किये ।बीच बचाव करने के लिए चैन दास सार्वे की पत्नी जगनबती और माँ रामदुलारी आई तो तीनों ने उनके साथ भी हाथ बुक्के से मारपीट किए और बहन और भांजी को। पुनः मारपीट करने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। बीच बचाव के बाद दोनों पक्ष रिपोर्ट करने के लिए बिरसा पुलिस थाना पहुंचे। उप निरीक्षक शिवलाल परते ने गंगा सार्वे पति चिमनदास सार्वे 40 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके देवर चैन दास पिता तीर्थ दास सार्वे ग्राम सलघट निवासी के विरुद्ध और चैनदास सार्वे 47 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर गंगा सार्वे के तीनों भाई परमात्मादास पिता जगन दास सोनवाने, नरोत्तमदास सोनवाने और पुरुषोत्तमदास सोनवाने तीनों ग्राम सालेवाड़ा थाना सालेवाड़ा जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ निवासी के विरुद्ध धारा 333 296 115(2) 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने बाल देखरेख संस्थानों में सामाजिक प्रतिनिधित्व के लिए किया आमंत्रण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थानों में सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए समाज के जिम्मेदार और साधन संपन्न व्यक्तियों को आमंत्रित किया है। इन संस्थानों में निवासरत बच्चों को शिक्षण, प्रशिक्षण, खेलकूद, कला, संगीत, नृत्य और कैरियर परामर्श में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभाग ने समाज के प्रबुद्ध वर्ग से सहयोग की अपील की है। बाल देखरेख संस्थानों में सामाजिक प्रतिनिधित्व का उद्देश्य बच्चों को अवसाद की स्थिति से बाहर निकालना और उन्हें महसूस करवाना है कि समाज ने उन्हें अलग नहीं किया है और समाज अभी भी उन्हें अपने साथ लेने के लिए उत्सुक है। विभाग ने प्रशासनिक, स्वास्थ्य, कानून और अन्य संबंधित क्षेत्र के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर, वकील जैसे पेशेवरों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल गृह वार्ड नंबर 2 भटेरा चौकी बालाघाट, सावित्री फुले बालिका गृह वार्ड नंबर 2 भटेरा चौकी बालाघाट और खुला आश्रय गृह वार्ड नंबर 33 गायखुरी बालाघाट में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने आमंत्रित किया है। विभाग का उद्देश्य इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने और उन्हें बेहतर भविष्य प्रदान करने में मदद करना है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत हुआ कार्यशाला आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शुक्रवार को कलेक्टर मृणाल मीणा व जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में साइबर अपराध और सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। साइबर नोडल श्रीमती मेघा तिवारी और सुश्री चांदनी शांडिल्य ने बताया कि साइबर अपराध से कैसे बचा जा सकता है और कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर टू स्टेप वेरिफिकेशन करने और अपने आधार पर जारी किए गए सिम कार्ड की जानकारी लेने के महत्व पर जोर दिया। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री रचना चौधरी ने साथी अभियान के



बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत बेसहारा बच्चों का चिन्हांकन कर उनके आधार कार्ड बनाने और उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं और हितग्राही उपस्थित रहे। इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को साइबर अपराध और सुरक्षा के बारे में जागरूक करना और उन्हें साथी अभियान के तहत मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी देना था।

# बारातियों को लेकर जा रही बस का फटा टायर, बस संचालक पहुंचे उपभोक्ता आयोग

## शिकायत पर उपभोक्ता आयोग ने दर्ज की शिकायत भेजा कंपनी को नोटिस, 24 को होगी सुनवाई

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)।एक ट्यूबलेस टायर की क्षमता लगभग 60 हजार किलोमीटर की दूरी तय करने की होती है । बावजूद इसके एक नया ब्रांडेड कंपनी का टायर महज 160 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद फट गया। जिस समय यह टायर फटा उस समय एक निजी कंपनी की बस बारातियों को लेकर एक शादी समारोह में जा रही थी। गनीमत रहा की कोई भी अप्रिय दुर्घटना नहीं हुई । इस विषय की शिकायत को लेकर जब बस संचालक टायर कंपनी के पास शिकायत करने पहुचे तो टायर कंपनी ने शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद बस संचालक ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग में की है। जहां इस मामले पर आयोग द्वारा मामले को दर्ज करते हुए टायर कंपनी को नोटिस भेजा गया है । अब इस विषय पर 24 जून को सुनवाई होना है। आपको बता दे कि निजी बस सर्विस के संचालक श्याम कौशल ने बताया कि भाटिया टायर हाउस जबलपुर से एमआरएफ कंपनी के दो टायर जिनका माडल एमआरएफ 295,80 आर 22.5 के चार टायर लिये थे ,जिसमे एक टायर की कीमत 24 हजार रुपये हैं ।इस तरह से कुल दो टायर उनके द्वारा 48 हजार रुपये के क्रय किए थे, जिनकी वारंटी एक साल की है। जिनके




दो मई 2025 को बालाघाट पहुंचने के बाद उन्हें बस क्रमांक जेडइ 4954 में प्रकाश टायर की दुकान में ले जाकर मशीन से लगवाया गया था। फिर बस बारातियों को लेकर बालाघाट से भोपाल की ओर रवाना हुई थी लेकिन रात करीब 11 बजे सिवनी व चौरई के मध्य चलती बस में एक टायर फट गया। ऐसे में चालक ने बस को संभालकर उसे किनारे लगाया और स्टेपनी लगाकर बस को अपने गंतव्य की ओर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि टायर फटने की सूचना संबंधित डीलर को दी गई और टायर को जबलपुर भिजवाया गया ।यहां पर क्लेम तैयार कर एक सप्ताह में प्रकरण का निपटारा करने का आश्वास दिया गया था, लेकिन क्लेम यह कहकर निरस्त कर दिया गया कि टायर सही तरीके से नहीं लगाने के कारण फटा है इसमें कंपनी की कोई गलती नहीं है। इस पर संचालक ने बताया कि उस दिन बस में आगे-पीछे इस तरह चार नये टायर लगाए गए थे और यदि सही तरीके से टायर नहीं लगाए जाते तो सभी टायर फट जाते जबकि एक ही टायर फटा है जिससे साफ प्रतीत होता है कि कंपनी की गलती है, बावजूद इसके कंपनी समस्या का समाधान करने के बजाय अनुचित व्यवहार कर रही है।जिसके चलते ही उन्होंने जिला उपभोक्ता फोरम में मामले की शिकायत की गई है जिसकी 24 जून को सुनवाई निर्धारित की गई हैं।

# सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायत का अटेंड करना आवश्यक

## बैंक्स में लंबित शिकायतों के लिए हुई विशेष डीएलसीसी की बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वित्त विभाग सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतो के निराकरण में हर माह टॉप 5 में ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहा है। लेकिन अप्रैल माह में विभाग की रैंक 25 से नीचे रही। वहीं इन शिकायतों को कई बैंकर्स द्वारा अटेंड भी नहीं करने से विभाग पिछ?ा है। सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने एक विशेष डीएलसीसी की बैठक बुलाई। बैठक में बैंकर्स से कहा गया कि सबसे जरूरी है कि किसी भी शिकायत को अटेंड किया जाए। उसके बाद शिकायत की प्रकृति को समझते हुए शिकायतकर्ता से बात करें, कई बार समस्या कुछ और होती है



व लिखा कुछ और होता है।इसलिए आवश्यक है कि कॉल करें। तत्पश्चात् जवाब दर्ज कराए, इसमें यह भी जरूरी है कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाए। वित्त विभाग में मई माह में कुल 164 शिकायतें प्राप्त हुई है। इसमें 41.71 प्रतिशत के साथ 58 शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद हुई है। जिला पंचायत सीईओ श्री सराफ ने मई माह तथा 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कई शिकायतों में दर्ज किये गए जवाबों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को देखने के लिए 7 दिन मिलते है। इसके बाद वह शिकायत दूसरे लेवल पर चले जाती है। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र को ग्राहक सेवा में सुधारने और शिकायतों में कमी लाने के निर्देश दिए है। लंबित शिकायतों को बैंक गंभीरता से ले और संतुष्टिपूर्वक बंद कराये। बैठक में एलडीएम श्री संजीव कुमार सहित सभी शाखाओं के प्रबंधक व नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व में बढ़ी पर्यटकों की संख्या, रोजाना हो रहे बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों के दीदार

## सुबह व दोपहर दो शिफ्ट में होती है सफारी की सवारी, पर्यटकों का मनमोह रहे जंगली वन्यप्राणी








लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले लालबर्रा वन परिक्षेत्र के सोनेवानी वन्यजीव अनुभव भ्रमण क्षेत्र को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गत दिवस राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 29 वीं बैठक में सोनेवानी को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद से रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक सोनेवानी वन्यजीव अनुभव भ्रमण क्षेत्र में पहुंचकर जिप्सी में सवार होकर वन्यप्राणियों के दीदार कर रहे है। आपको बता दें कि राष्ट्रीय उद्यान व अभ्यारणों की तरह ही दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले लालबर्रा वन परिक्षेत्र के सोनेवानी वन्यजीव अनुभव भ्रमण क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पशु बाघ सहित अन्य जंगली जानवारों का भ्रमण व रहवास बड़े स्तर पर होता है और अब धीरे धीरे इनकी संख्या भी बढ़ते जा रही है। जिसको ध्यान में रखते हुए वनविभाग के द्वारा सरकार को एक प्रपोजल के माध्यम से सोनेवानी में होने वाले वन्यप्राणियों के मुवमेंट व उनका पंसदीदा स्थल होने की जानकारी दी गई थी एवं विगत कई वर्षो से इस अभ्यारण बनाये जाने की भी मांग की जा रही थी परंतु कुछ राजनैतिक कारणों के चलते यह अभ्यारण नहीं बन पाया था। वहीं वर्तमान में प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के द्वारा गत दिवस राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 29 वीं बैठक में बैतूल के ताप्ती सहित सोनेवानी को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद से बालाघाट की पहचान में चार चंद लग गये है। इस कंजर्वेशन क्षेत्र में भ्रमण करने जिले सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। सोनेवानी वन्यजीव अनुभव भ्रमण क्षेत्र में वन्यप्राणी बहुतायत संख्या में पाये जाते है। जिनमें विशेष रूप से राष्ट्रीय पशु बाघ, राष्ट्रीय पक्षी मोर, जंगली भैंस, तेंदुआ, भालू, सोनकुत्ता, हिरण, सांभर, चीतल सहित अन्य वन्यजीव व पक्षियों के दीदार पर्यटकों को होते है। जिसमें सबसे अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने वाला वन्यप्राणी बाघ है, जो विगत कई दिनों से पर्यटकों को दिखाई दे रहा है। जिसे देखने के लिए सुबह से ही पर्यटकों की भीड़ सोनेवानी पहुंच रही है और पर्यटक अपने पूरे परिवार के साथ इस क्षेत्र में आकर प्राकृतिक सौंदर्य, टेकाड़ी जलाशय की सुंदरता का लुत्फ उठाकर खुशी से लौटते है।

### भविष्य का टाइगर रिजर्व हो सकता है सोनेवानी

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा दक्षिण सामान्य वन्य मंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोनेवानी में राष्ट्रीय पशु बाघ सहित अन्य जंगली जानवरों की बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुये कंजर्वेशन रिजर्व घोषित किया गया है क्योंकि सोनेवानी वन्य क्षेत्र का वातावरण जंगली जानवरों को खुब भा रहा है। यहीं वजह है कि विगत कुछ वर्षों से इस क्षेत्र में बाघ सहित विभिन्न जंगली जानवारों की जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और जंगली जानवर इस क्षेत्र में रहना, विचरण करना पसंद कर रहे है। यह क्षेत्र जंगली जानवरों का पंसदीदा क्षेत्र बन चुका है एवं जिस तरह से जंगली जानवरों व राष्ट्रीय पशु बाघ की जनसंख्या में तेजी से वृध्दि हो रही है। उसके अनुसार सोनेवानी को भविष्य में टाइगर रिजर्व क्षेत्र की दृष्टि से भी देखा जा रहा है।

### राष्ट्रीय पार्क व अभ्यरणों की अपेक्षा कम खर्च में होते है वन्यप्राणियों के दीदार

दक्षिण सामान्य वन मंडल लालबर्रा का सोनेवानी वन्यप्राणी अनुभव क्षेत्र पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है क्योंकि इस अनुभव क्षेत्र में पर्यटकों को राष्ट्रीय उद्यानों व अभ्यरणों जैसा रोमांच एवं वन्यप्राणियों के दुर्लभ दर्शन बहुत ही कम खर्च में रहे है। इसलिये यह पर्यटक स्थल बहुत ही कम समय में पर्यटकों का सबसे पंसदीदा पर्यटक स्थल बन चुका है। राष्ट्रीय उद्यानों व अभ्यरणों में भ्रमण करने व वन्यप्राणियों की अनुभूति व दीदार के लिये बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। वहीं इस वन अनुभव क्षेत्र में पर्यटकों को बहुत ही कम खर्च में राष्ट्रीय उद्यानों व अभ्यरणों की तरह ही प्राकृतिक सौंदर्य की अनुभूति व वन्यप्राणियों के दीदार हो जाते है और इसकी बढ़ती लोकप्रियता के चलते इसे अभ्यारण बनाने का प्रस्ताव भी भेजा जा चुका था। लेकिन राजनीतिक कारणों के चलते यह अभ्यारण नहीं बन पाया।

### कंजर्वेशन की स्वीकृति से बढ़ेगा पर्यटन

प्रदेश सरकार के द्वारा सोनेवानी वन्यप्राणी अनुभव क्षेत्र को कंजर्वेशन रिजर्व घोषित कर दिया गया है, जिसके पश्चात् अब इसके लिये नई गाइड लाइन व कार्ययोजना तैयार की जायेगी। जिससे अधिक से अधिक पर्यटक भ्रमण के लिये पहुंच सके और सोनेवानी में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके इस ओर भी वनविभाग काम कर रहा है। वहीं यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि कंजर्वेशन रिजर्व की स्वीकृति के बाद यह क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक अलग पहचान बनायेगा। जिससे इस क्षेत्र में तेजी से पर्यटन बढ़ने के आसार नजर आ रहे है।

# विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल का किया सुधार कार्य

## बिजली सप्लाई हुई शुरू, वार्डवासियों ने विद्युत विभाग का जताया आभार



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत घोटी स्थित वार्ड नं. 7 में स्थित विद्युत पोल गत दिवस तेज आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो (गिर) गया था। जिससे वार्ड नं. 1 से 7 तक के वार्ड में बिजली गुल हो गई थी। जिसके कारण वार्डवासियों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से किसी प्रकार की बड़ी दुर्घटना घटित नही हुई क्योंकि आंधी-तूफान के चलते बिजली गुल थी, अगर बिजली सप्लाई चालू रहती तो बहुत बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। विद्युत विभाग के द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत पोल का मरम्मत कार्य कर बिजली सप्लाई प्रदाय कर दी है और नियमित रूप से वार्डवासियों को बिजली मिल रही है। चर्चा में पंच सीताराम गजबे ने बताया कि गत दिवस तेज आंधी-तूफान के चलते वार्ड नं. 1 स्थित विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से वार्ड नं. 1 से 7 तक की बिजली गुल हो गई थी। जिससे एक दिन तक वार्डवासियों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी थी। जिससे सभी को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसके बाद विद्युत पोल गिर जाने (क्षतिग्रस्त) होने की जानकारी तत्काल ग्रामीणों के द्वारा विद्युत विभाग को दी गई थी। जिनके द्वारा बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। जिसके बाद दुसरे दिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तेज आंधी-तूफान में गिरे (क्षतिग्रस्त) विद्युत पोल का मरम्मत कर सुधार कार्य पूर्ण कर बिजली सप्लाई प्रारंभ कर दी है। वहीं विद्युत व्यवस्था बहाल होने पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया है। इस कार्य में लाइनमेन विजय धुर्वे, दिलीप पंचेश्वर, योगेश पंचेश्वर, मुकेश गौतम का सराहनीय योगदान रहा।

# चिल्लौद में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का हुआ समापन






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चिल्लौद में गत 29 मई से जारी विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का गुरूवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया। यह कार्यक्रम नोडल अधिकारी (प्राचार्य ) कृषि विभाग के अधिकारी आर के शेंडे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर हुआ। जिसमें ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक का उपयोग, धान बीज उत्पादन कार्यक्रम जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने व कम लागत तकनीकी अपना कर अधिक उत्पादन बढ़ाने की जानकारी कृषको को दी। जिससे कि कृषकों की आय में वृध्दि हो सके तथा कृषकों की आर्थिक उन्नति हो सके। वहीं वैज्ञानिक डॉ. आर के ठाकुर ने एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, जैव उर्वरक का उपयोग, डीएपी के विकल्प और पोटाश और मॉलीब्लेडिनम का संतुलित उपयोग, धान में लगने वाले कीट जैसे सांवरदेही लगने का कारण और नियंत्रण, फसल विविधीकरण के बारे में जानकारी दी। साथ ही, ग्राम छिंदलई के ऋषभ पुंड द्वारा ड्रोन का तकनीकी प्रदर्शन किया गया। कृषि विस्तार अधिकारी जी.एस. भौतेकर के द्वारा सुपर सीडर से नरवाई प्रबंधन व पैडी ट्रांसप्लांटर के प्रदर्शन अनुदान, समय की बचत, श्रमिकों में निर्भरता कैसे कम की जा सके आदि पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि विस्तार अधिकारी संजय मडके द्वारा लाइट ट्रैप, बीज शोधन, बीज उपचार की प्रक्रिया कृषकों को साक्षात करके दिखाया साथ ही इसके अतिरिक्त अन्य विभागीय अधिकारी द्वारा विभागीय जानकारी दी गई और अभियान में कृषकों को मक्का, ढेंचा, अरहर बीज व मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती सुनीता भौतेकर, सरपंच नंदकिशोर जगने, कृषि अधिकारी प्रीति पंद्राम, मत्स्य निरीक्षक वीके मेश्राम, उपसंचालक पशु.चि. विभाग डॉ. एनके पुरी, डॉ. नीलिमा मेश्राम, उद्यानिकी विभाग के अधि. एच एल मसकोले, कीर्ति नगपुरे, कृषि विस्तार अधिकारी शीतल शुक्ला, आंचल खोब्रागढ़े, अंकित शरणागत, उत्तम रंगारे, वर्षा मेश्राम, उर्मिला शेंडे, प्रतिभा रंगारे, डी बी उयके, श्रुति भलावी, लक्ष्य जनेवार, शेरिल सिंदूर, सतीश हेडाउ, ईफको प्रतिनिधि रत्नेश शुक्ला, बीमा प्रतिनिधि खिलेंद्र जिजोते, सर्वेयर जागृति उईके सहित किसानगण उपस्थित रहे।

# कोटवार संघ ने स्थानांरित हुए सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी एवं भृत्य को दी विदाई

## तहसील कार्यालय में विदाई समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन, स्थानांतरित कर्मचारियों को संविधान की पुस्तक की गई भेंट





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी सहायक ग्रेड 3 व भृत्य का प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत अन्य तहसीलों में स्थानांतरण हो गया है और उनके स्थान पर राजस्व विभाग की अन्य शाखाओं में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 व भृत्य को लालबर्रा तहसील कार्यालय में पदस्थ किया गया है जिससे प्रशासनिक व्यवस्था बनी रही। इस स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत तहसील कार्यालय लालबर्रा में पदस्थ नायब नजीर डेलेंद्र मेश्राम, अतुल बिसेन, सहायक ग्रेड 3 सुरेंद्र भंडारकर व भृत्य श्री केकरे का स्थानातरण हो गया है। जिनके द्वारा 12 जून को अपने नये कर्मचारियों को प्रभार देकर लालबर्रा तहसील से प्रभार मुक्त हो गये है। तहसील कार्यालय में 12 जून की शाम 6 बजे ब्लाक कोटवार संघ के द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम, नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा व कानूनगो श्री शिंदे की प्रमुख उपस्थित में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने स्थानांतरित हुए कर्मचारियों का तिलकवंदन कर स्वागत किया एवं उपहार स्वरूप भारतीय संविधान की पुस्तक भेंट कर उनके उ'जवल भविष्य की कामना कर उन्हे विदाई दी। वहीं स्थानांतरित हुए नायब नजीर डेलेन्द्र मेश्राम, अतुल बिसेन, सहायक ग्रेड 3 सुरेन्द्र भंडारकर व भृत्य का कार्यकाल तहसील कार्यालय में बेहतर रहा है जिन्होने अपना काम ईमानदारी से करते हुए राजस्व सहित अन्य प्रकरणों में अच्छा कार्य किया है। उपस्थित तहसीलदार, नायब तहसीलदार ने स्थानांतरित हुए कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं नायब नजीर अतुल बिसेन ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार हम लोगों ने अपना काम पूरी ईमानदारी से किये है और इस विभाग में काम करने के दौरान कुछ परेशानियां भी आई। साथ ही बहुत कुछ सीखने को भी मिला है और हमारे स्थान पर जो भी कर्मचारी आये है वे भी अ'छा काम करेगें यह अपेक्षा करते है। इस अवसर पर सहायक ग्रेड 3 दीप्ति श्रीवास, आशुतोष पटले, भृत्य जहारू पंचेश्वर, कोटवार संघ जिला अध्यक्ष अशोक गेडाम, उपाध्यक्ष आनंद गजभिये, मुकुंद डोंगरे, धर्मेंद्र, रवि तुरक, सेवक उईके, किरण मेश्राम, अनिल रंगारे, अनुसुईया मेश्राम, धर्मेन्द्र रामटेके, बसंत गनवीर, नरेश रंगारे, महेश भौतेकर, विजय, संजय निकोस व चंद्रशेखर हुमनकर सहित समस्त स्टाप उपस्थित रहा।

# ऐशबाग आरओबी निर्माण की होगी जांच

भोपाल। भोपाल के ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन आरओबी की पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इसके बाद ब्रिज को लेकर निर्णय लिए जा सकेंगे। हालांकि, 90 डिग्री के मोड़ को लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने रिपोर्ट तैयार की है। जिसमें 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया गया है। इससे अधिक स्पीड में गाड़ी चली तो हादसा होने का खतरा है। बता दें कि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह की जानकारी में आने के बाद उन्होंने एनएचएआई के अफसरों से संपर्क किया और उनसे रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद एनएचएआई की टीम भी मौके पर पहुंची और रिपोर्ट तैयार की है। मंत्री सिंह ने सोशल मीडिया पर भी जानकारी दी है कि शुक्रवार को तकनीकी रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी कार्रवाई होगी।

### सोशल मीडिया पर मीम्स भी बने

दरअसल, राजधानी में बना यह रेलवे ओवर ब्रिज इन दिनों अपनी अनोखी डिजाइन के कारण सुर्खियों में है। लोग सोशल मीडिया पर इसके मीम्स बना रहे हैं। इस ब्रिज पर 90 डिग्री के एंगल से मोड़ दिया गया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि यहां वाहन कैसे टर्न लेंगे। वाहनों के या तो ब्रिज की दीवारों से या फिर आपस में टकराने का खतरा बना रहेगा।

### वाहन ब्रिज से नीचे गिरने का रहेगा खतरा

इस बारे में मैनिट के ट्रैफिक एक्सपर्ट डॉ. सिद्धार्थ रोकड़े ने कहा कि यदि जगह की कमी के कारण एंगल कम दिया जाए तो गाडियों की स्पीड पर नियंत्रण जरूरी है। यहां सिर्फ साइन बोर्ड लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि यहां स्पीड कम करने के तरीके अपनाने होंगे। यदि यह नहीं किए गए तो गाड़ी नीचे गिर सकती है।

### क्रॉसिंग बंद होने से इसकी खास जरूरत

ब्रिज के निर्माण के समय रेलवे ने भी 90 डिग्री की इस टर्निंग पर आपत्ति की थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने यहां जगह कम होने का हवाला देते हुए कहा कि और कोई विकल्प नहीं है। ऐशबाग रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद इस इलाके के लिए आरओबी एक बड़ी जरूरत है। इसलिए कम जगह में भी इसे बनाना होगा। इस ब्रिज का निर्माण मई 2022 में शुरू हुआ था।

# गर्रा से पिपरिया मार्ग की हालत जर्जर

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्रा से पिपरिया रामपायली मार्ग की हालत लंबे समय से जर्जर हो गई है। जहां मरम्मत किए जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है ।परंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा ध्यान नही दिए जाने से मार्ग की स्थिति खराब बनी हुई है। आवागमन कर रहे लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दुर्घटना में चोटिल भी होना पड़ रहा है। जबकि यह मार्ग का निर्माण कुछ वर्ष पूर्व ही किया गया है किंतु यह अब खस्ताहाल होने की कगार पर है। जहां से आवागमन कर रहे राहगीरों एवं ग्रामीणों के द्वारा मार्ग के पुनर्निर्माण या मरम्मत किए जाने की मांग की जा रही है।**





### दो वर्ष पूर्व बनी सड़क की जर्जर हालत से ग्रामीणों में आक्रोश

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गर्रा से पिपरिया, रामपायली मार्ग का पक्का निर्माण बीते दो वर्ष पूर्व किया गया था। यह एक डामर सड़क है जिसमें जगह.जगह छोटे बड़े गड्ढे हो गए हैं तो वहीं मार्ग की चौड़ाई भी काम हो रही है क्योंकि आजू.बाजू से रोड़ उखड़ने लगा है। यह स्थिति करीब 1 वर्ष से उक्त स्थान पर बनी हुई है यह मार्ग नहर किनारे होते हुए पिपरिया जाता है और वहां से रामपायली सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के लिए निकलता है। जिसका उपयोग सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के लोग और छात्र छात्राएं करते है। क्योंकि गर्रा हायर सेकेंडरी स्कूल इसी मार्ग से विद्यार्थी आना जाना करते हैं जिस पर कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी है वही संभावना भी बनी हुई है। जिसको लेकर कई बार शिकायत भी ग्रामीणों ने की है पूर्व में सड़क की स्थिति खराब होने पर मरम्मत कार्य कराया गया था। परंतु वह स्पष्ट रूप से नहीं किया गया था साथ ही कई स्थानों को छोड़कर किया गया था। जिससे किया हुआ मरम्मत कार्य भी उखड़ रहा है तो वहीं दूसरे स्थान पर भी डामर उखड़ने लगा है जिस कारण से मार्ग की चौड़ाई भी कम हो गई है। जहां दिन के उजाले में लोग आवागमन सुरक्षित रूप से कर पा रहे हैं ,परंतु रात्रि में बहुत दिक्कत होती है जिसको लेकर सभी के द्वारा मार्ग का व्यवस्थित निर्माण करने की मांग की जा रही है। क्योंकि यह मार्ग का उपयोग छोटे बड़े सभी प्रकार के वाहन करते हैं तो वहीं भारी वाहन भी आते जाते रहते हैं जिसमें छोटे वाहन वालों को दिक्कत होती है। एक दो बार तो मोटरसाइकिल चालक नहर में उतर गए हैं जहां उन्हें चोटिल भी होना पड़ा है। इस परिस्थिति में विभाग को गंभीरता से मार्ग की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

### मार्ग की जर्जर हालत होने से सभी परेशान है-इम्तियाज कुरैशी

शिक्षक मोहम्मद इम्तियाज कुरैशी ने बताया कि यह गर्रा से पिपरिया मार्ग है जो रामपायली को निकलता है। मार्ग अच्छा नहीं है छोटी गाड़ियों को समस्या बनी रहती है यह मार्ग की स्थिति पहले से ऐसी है बीच में थोड़ी मरम्मत की गई थी परंतु वह कारगर नहीं थी। स्कूल का समय 10.30 बजे का है वारासिवनी से गर्रा आने में आधा घंटा लगता है परंतु यहां से पिपरिया जाने में आधा घंटा लग जाता है। कई बार शिक्षक तो हर बार विद्यार्थी स्कूल पहुंचने में लेट हो जाते हैं। साइड से रोड़ कट रहा है महिलाओं को सबसे ज्यादा मार्ग में दिक्कत है। इस मार्ग से आसपास के विद्यार्थी गर्रा हायर सेकेंडरी स्कूल में आते हैं यहां पर असुविधा बनी हुई है।



### इस मार्ग पर दुर्घटना होते रहती है कई बार लोग नहर में घुस जाते है-सेवाराम बारेकर

ग्रामीण सेवाराम बारेकर ने बताया कि मार्ग में बहुत ज्यादा तकलीफ है रोड़ पूरा फूट गया है स्पष्ट रूप से देख सकते हैं यहां से सभी साइकिल और गाड़ी वाले आना जाना करते हैं उन्हें बहुत समस्या होती है। स्कूल के बच्चे पिपरिया से पढ़ने आते हैं रास्ते में उनकी साइकिल खराब हो जाती है। उन्हें कई प्रकार की दिक्कतें होती है एक वर्ष हो गया है सड़क की यही स्थिति बनी हुई है। किसी के द्वारा समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया है शायद 2 वर्ष पहले ही यह रोड़ का निर्माण हुआ है दिखावे के लिये मरम्मत की गई थी वह भी उखड़ रही है। दुर्घटना होते रहती है कई बार लोग नहर में घुस जाते हैं टर्निंग पर गाड़ियां गिरती है दुर्घटना का खतरा बना हुआ हैं।



### मार्ग से सभी विद्यार्थीयों और ग्रामीणों का चलना दुभर हो गया है-प्रिंस राजपांड़े

छात्र प्रिंस राजपांड़े ने बताया कि हम गर्रा रहते हैं रोज इस मार्ग से हम रामपायली ट्यूशन के लिए आना जाना करते हैं। यहां से रामपायली 6 किलोमीटर है यह रोड़ की जो चौड़ाई है वह 10 फीट थी परंतु उखड़ कर 5 फिट हो जायेगी ऐसा लग रहा है। कई बार एक्सीडेंट हुए हैं फुटी हुई सड़क है लोग अचानक गिर जाते हैं सरपंच से बोले या नहीं बोले इसकी जानकारी तो नहीं हम छात्र है। परंतु यह मार्ग पूरा दिन चलता रहता है लोग पिपरिया रामपायली यहीं से आते जाते हैं बरसात में यहां से आना जाना नहीं हो पता है। बहुत दिक्कत है सड़क का सुधार होना चाहिए।



## सड़क हादसे में तीन लोग घायल दो जिला चिकित्सालय रिफर

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज) ।वारासिवनी कटंगी मार्ग स्थित ग्राम पंचायत कोचेवाही के आगे सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें वारासिवनी अस्पताल में भर्ती दो लोगों को जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजा पति कुणाल बावाने 28 वर्ष एवं शाहीन पति मजहर खान 30 वर्ष सहित अन्य एक सभी कटंगी निवासी है। इसमें बताया जा रहा है कि यह सभी बालाघाट पेपर देने के लिए गए हुए थे जहां से वह अपनी मोटरसाइकिल से वापस कटंगी के लिए जा रहे थे। तभी 13 जून को 1.40 बजे कोचेवाही के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसा हो गया जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। जिसमें एक घायल को उसके परिजन के द्वारा कटंगी अस्पताल ले जा लिया गया तो वहीं पूजा बावाने और शाहीन खान को उनके परिजनों के द्वारा स्वयं के वाहन एवं संजीवनी 108 की मदद से सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती किया गया। जहां डॉक्टर के द्वारा उक्त दोनों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में दोनों को हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी छोटे आई है।

## बैलगाड़ी से गिरने पर सेवकराम ठाकरे घायल




वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम अंसेरा निवासी सेवकराम पिता नाथूलाल ठाकरे बैलगाड़ी से गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवकराम पिता नत्थूलाल ठाकरे 76 वर्ष खेती किसानी का काम करता है जो हर बार की तरह 13 जून को बैलगाड़ी लेकर अपने खेत पैरा लाने के लिए गया हुआ था। जहां से वापस घर आने पर बैलगाड़ी से उतरने के दौरान वह गिर गया जिससे उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटे आ गई। जिसे तत्काल परिजनों के द्वारा सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती किया गया जहां उसका उपचार जारी है।

## अल्टो कार की टक्कर से शिक्षक ऋषि डहाके घायल

### घटना के बाद मौके से वाहन फरार, घायल जिला चिकित्सालय रिफर



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वारासिवनी बालाघाट मार्ग स्थित टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय के सामने 13 जून की दोपहर करीब 12.30 बजे अल्टो कार की टक्कर से 51 वर्षीय माध्यमिक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब ऋषि पिता रामचंद्र डहाके तहसील कार्यालय के निर्वाचन शाखा के लिए जा रहे थे। जिन्हें संजीवनी 108 की मदद से सिविल अस्पताल वारासिवनी में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषि पिता रामचंद डहाके उम्र 51 वर्ष वार्ड नं. 32 मोतीनगर बालाघाट निवासी वारासिवनी क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक शाला मुरमाडी में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। जो बालाघाट से वारासिवनी तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन शाखा में बीएलओ के काम से जा रहे थे।तभी उनकी मोटरसाइकिल को दीनदयाल चौक से बालाघाट की ओर जा रही अल्टो कार क्रमांक एमपी 50 जेडए 8705 के द्वारा टिहलीबाई शासकीय माध्यमिक शाला के सामने जबरदस्त टक्कर मार दी गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग आवाज सुनकर दौड़ने लगे मौके पर कार चालक के द्वारा वाहन रोक कर घायल को देखा गया। जिस पर उपस्थित लोगों के द्वारा घायल को उसकी कार से सिविल अस्पताल ले जाने की बात कही गई तो वह मौके पर घायल को उपचार के लिए नहीं ले जाने की बात कहते हुए अपनी कार से फरार हो गया। इसके बाद संजीवनी 108 को घटना की जानकारी दी गई इसके चालक इस्माइल खान और ईएमटी पंजरे के द्वारा घायल ऋषि ड़हाके को सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया वहीं अस्पताल तहरीर थाना वारासिवनी को भेज दी गई। जिस पर प्रधान आरक्षक राम प्रसाद चौधरी के द्वारा अस्पताल में घायल के बयान दर्ज किए गए। जिन्हें बालाघाट से हायर सेंटर के लिए रिफर कर दिया गया है। इस दुर्घटना में ऋषि डहाके को हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न स्थानों पर अंदरूनी और बाहरी गंभीर चोटे आई है।

## भाजपा महिलाओं के वोट से सरकार बनाती है किये गए वादों को कभी पूरा नही करती-उमंग सिंघार

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। प्रदेश कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शुक्रवार को वारासिवनी नगर के रेस्ट हाउस पहुंचे और कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवालो का जवाब दिया। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के द्वारा सृजन संगठन अभियान के तहत पार्टियों को और मजबूत कर रही है। मगर अहमदाबाद में हूए विमान हादसे के कारण कांग्रेस पार्टी के सारे कार्यक्रम स्थगित किया गया हैँ ।विमान हादसे में मारे गए सभी परिवारों के सदस्यों के साथ हमारी संवेदना है और केंद्र सरकार से मांग करते हैँ की इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटना ना हो,परिवार समझता है की उस परिवार में क्या कमी रहती है उसकी पूर्ति कभी कोई नही कर सकता है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चर्चा में कहा की भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनाव के समय नई योजना लाती है।अभी लाडली बहना योजना की क्या स्थिति है सभी को पता है, भाजपा उस योजना को बंद करने की सोच रही है। चुनाव तो जीत लिया क्या तीन हजार रूपये बहनो को मिल रहा है क्या भाजपा महिलाओं के वोट से सरकार तो बना सकती है मगर किये गए वादों को कभी पूरा नही कर सकती। मोदी जी ने कहा था किसानो की आय दुगुनी होंगी महगांई कम होंगी अभी ग्यारह वर्षो में क्या हुआ जनता को पता चल गया है। लघु उद्योग बंद हो रहें है युवाओं को नौकरी नही मिल रही है रोजगार नही दे पा रही है भाजपा ने जो जनता से वादे किये थे उन्हें पूरा नही कर पाई है। वहीं विधायक विवेक पटेल ने कहा की कांग्रेस पार्टी हमेशा से मजबूत रही है कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करता है। भाजपा पार्टी पैसो के दम पर कांग्रेस के विधायकों को डरा धमकाकर खरीद लेती है,अगली बार प्रदेश और केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो गरीब वर्ग के हर व्यक्ति का ध्यान रखती है। भाजपा पार्टी पैसो वालों की पार्टी है आज कल के युवा भाजपा में जाना पसंद नही करता है। उन्हें भी पता है देश को ऊंचाईयों तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही पहुंचा सकती है, हमारे विधानसभा क्षेत्र का हर एक कार्यकर्ता मजबूत है। पूरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी का काम करते है और आगे भी करते रहेंगे किसी से कभी डरते नही है मगर कुछ लोग पैसो के लालच में अपने आप को बेचकर भाजपा में शामिल हो जाते है। इस दौरान पूर्व सांसद बोधसिंह भगत,विश्वेश्वर भगत,पूर्व नपाध्यक्ष अनीश बेग,धवल माडल, महेंद्र राणा,स्वप्निल डोंगरे,शाहिद खान, सुदेश गुड्डु सोनी,अनिल पिपरेवार,विवेक जुझार, गगन बिसेन,नरेंद्र राहंगडाले, छोटू ठाकरे,राजकुमार चौधरी, हरि क्षिरसागर,विजय बिसेन,सोमू शुक्ला, सुभाष क्षिरसागर,चिंटू जैन,संदीप बाघमारे, आनंद बिसेन,जगदीश बंसोड,अशोक मरार सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## कोपे के सार्वजनिक कुएं में डूबने से मुस्तफा की मौत

### पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच की प्रारंभ

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपे निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति की 13 जून की सुबह करीब 8 बजे कुएं में डूबने से मौत हो गई। यह घटना उस समय हुई जब मुस्तफा पिता बब्बू कुरैशी सार्वजनिक कुएं से पानी खींच रहे थे। तभी कुएं पर रखी हुई पट्टी टूट गई जहां उपस्थित लोगों के द्वारा मुस्तफा कुरैशी को बचाने का हर संभव प्रयास किया गया किंतु गाद के कारण वह ऊपर नहीं आ पाए। मामले में पुलिस के द्वारा शव बरामद कर आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।**

### कुएं से पानी खींचते समय कुएं में गिरा मुस्तफा

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुस्तफा कुरैशी पिता बब्बू कुरैशी उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड नं.5 कोपे थाना वारासिवनी में अपने परिवार के साथ निवास करता था। जो प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को मकान के पास स्थित सार्वजनिक कुएं से पानी घर के उपयोग के लिए लाने के लिए गया हुआ था। जहां पर वह कुएँ पर बिछी पट्टी पर खड़े होकर कुएँ में बाल्टी डालकर रस्सी की मदद से पानी निकाल रहा था। तभी उसके पैरों के नीचे की पट्टी अचानक टूट गई जिससे वह सीधे कुंए के अंदर गिर गया। इस दौरान आस पड़ोस के लोगों ने यह देख कर हल्ला मचाए और दौड़कर आए। जहां पर ग्रामीणों के द्वारा देखा गया कि पानी में मुस्तफा का केवल हाथ ऊपर दिख रहा था। जिसे निकालने के लिए प्रयास किया गया किंतु कुंए के अंदर जमी हुई गाद मे वह फंस गया था। जिसके कारण पानी के ऊपर नहीं आ पाया और डूबने से मौत हो गई जिसकी सूचना तत्काल पुलिस थाना वारासिवनी को दी गई। मौके पर पुलिस के द्वारा सार्वजनिक कुएं के अंदर से मुस्तफा कुरैशी का शव बरामद किया गया। जहां मौके पर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही कर शव को सिविल अस्पताल वारासिवनी स्थित शव विं छेदन गृह में लाकर पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में मर्ग क्रमांक 39/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।






### पानी निकालते समय पटिया टूट गई जिससे वह कुएं में गिरा-लक्ष्मण आचरे

सरपंच लक्ष्मण आचरे ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे मुझे फोन आया कि कोई व्यक्ति कुएं में गिर गया है। मैं जाकर देखा तो पता चला कि कुएं में पानी लेने गया हुआ गांव का मुस्तफा कुरैशी गिरा हुआ है। जो पानी निकालते समय पटिया टूट गई जिससे वह कुएं में गिरा उसकी पसली में भी चोट आई थी। वह जब कुएं में गिरा तो अंदर फंसा रह गया जिससे उसका हाथ ऊपर दिख रहा था किंतु नीचे फंसने से और पानी में डूबे रहने से उसकी मौत हो गई।

### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि घटना की जानकारी लगने पर मौके पर जाकर देखा तो मुस्तफा पिता बब्बू कुरैशी उम्र 55 वर्ष की मौत हो चुकी थी। मामले में आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया गया है । जांच की जा रही है मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता हो पाएगा।

**राजेश सनोडिया सहायक उपनिरीक्षक पुलिस थाना वारासिवनी**

# विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ता मध्यप्रदेश

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पहले सपना था लेकिन अब हकीकत बनकर हमारी आँखों के सामने आ चुका है। मध्यप्रदेश विकास का रोल मॉडल बनकर तेजी से उभरा है। इसका प्रमाण है जन-जन का विकास और संचार समेत अन्य संसाधनों में उल्लेखनीय प्रगति। प्रसंगवश बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार मध्यप्रदेश की सराहना कर चुके हैं। विकास के मामलों में पिछड़ते जा रहे राज्यों पर जब गहन चिंतन मनन होता है तब मध्यप्रदेश का उदाहरण सबके सामने प्रस्तुत किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस प्रदेश के साथ साथ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से भी अत्यधिक प्रभावित हैं। उनकी कर्तव्य परायणता का जिक्र वे अपने भाषणों में अक्सर करते हैं। डॉ.मोहन यादव हैं भी तारीफ के काबिल, क्योंकि अपनी अकर्मण्यता, कौशल्य के दम पर उन्होंने मध्यप्रदेश को अग्रणी स्थान दिलाया है। उनकी सक्रियता प्रदेश भर में है। सुदूर क्षेत्रों में भी यदि समस्या हो तो वे उसके निराकरण के लिए प्रयासरत होते हैं। प्रशासनिक अमला भी उनके दिशा निर्देशों का तटस्थता सजगता से पालन करता है। वर्षों की समस्या को देखते देखते सुलझा लिया जाता है। डॉ.मोहन यादव के काम, उनके आश्वासन और वायदों पर प्रदेश के लोगों ने भरोसा जताया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के डेढ़ वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। सरकार के कामकाज को परखने उससे संतुष्ट होने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है लेकिन आलोचना करने वाले भी कम नहीं । इन सबके बीच विपक्ष की आलोचना,टीका टिप्पणी को नजर अंदाज कर मध्यप्रदेश कर्ा विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का लक्ष्य अपने गंतव्य पर निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है।

यह सदी विकास की है। एक तरफ जहाँ देश ने विश्व पटल पर अपनी पृथक पहचान स्थापित कर ली है। वहीं मध्यप्रदेश ने विकास के विभिन्न आयाम स्थापित कर साबित कर दिया है कि हौसले बुलंद हों तो कुछ भी असम्भव नहीं। याद दिलाना होगा कि इस सदी के आरम्भ से ही मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता की बागडौर सम्भाल रखी है। खास बात यह है कि आम आदमी की फिक्र करने के साथ सबको एक नजरिये से देखा जाता है। बीच के कुछ महीने छोड़ दें तो अधिकांश समय सत्ता की चाबी भारतीय जनता पार्टी के पास ही रही है। इस दौरान गुजरते वक्त के साथ भाजपा ने प्रदेश के लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनायी है। यहाँ बता दें कि मध्यप्रदेश बड़ा राज्य है और बड़े दिल वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इन दिनों पूरी सक्रियता के साथ प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं। वे आम आदमी से सीधे जुड़कर उससे सीधा संवाद कर रहे हैं। जनता का असीम स्नेह उनके कार्यों की सफलता की गारंटी है। यह भी एक चमत्कार की तरह है कि वे जनता की दवा बनकर हमेशा साथ खड़े हो जाते हैं। मसला किसानों की समस्याओं का हो, मजदूरों का हो या प्रदेश के साथ न्याय नहीं होने का । उनका दिल मध्यप्रदेश के लिए ही धड़कता है और मध्यप्रदेश में ही बसता है। डॉ.मोहन यादव ने यह साबित कर दिया है कि कुशल प्रबंधन तथा अथक परिश्रम से कुछ भी असम्भव नहीं। सबका साथ सबका विकास की थीम पर मध्यप्रदेश अपनी तासीर के अनुरूप भाषा, बोली और जाति के नाम पर किसी भी नागरिक से पराये सा व्यवहार नहीं करता है, बल्कि जो आता है उसे गले लगा लेता है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक विकास की बुनियाद को मजबूत करने के लिये भौतिक तथा मानवीय आधारभूत संरचना मजबूत होना चाहिये।

# स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को ब?ावा देकर उजाला बने

किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान् दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है। इस दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण कारण स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। जो यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ने पर सुरक्षित रक्त मिल सके। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। रक्तदान करने वाले ज्यादातर लोग अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाते हैं और लंबी उम्र




जीते हैं, यह वजन घटाने, स्वस्थ लीवर और आयरन के स्तर को बनाए रखने, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और प्लाज्मा दान की निरंतर आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, दानकर्ताओं के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देना, तथा राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश करने और उन्हें बनाए रखने के लिए सरकारों और विकास भागीदारों से समर्थन जुटाना है। भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है। रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है। रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है। जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है। रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह रक्तदान कर सकता है।

भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में रक्तदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर रक्तदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह रक्तदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा एवं जीवन प्रदान करती है।

**- ललित गर्ग**

# पति की जान की दुश्मन बनती नई नवेली दुल्हनें

एक जमाना था जब शादी के बाद दुल्हनों को ससुराल में कभी दहेज के लिए तो कभी अन्य कारणों से प्रताड़ित किया जाता था,लेकिन अब हालात विपरीत हो गए है ,अब नई नवेली दुल्हनें अपने ही सुहाग को निपटाने में लगी है।ऐसी एक नही अनेक घटनाएं हो गई है ,जिनमे पत्नियों ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर या फिर खुद ही क्रूरता की हदे पार कर अपनी ही पति को मौत के घाट उतार दिया है।हाल ही में मेघालय में राजा रघुवंशी की हत्या का खुलासा हो गया है। राजा की पत्नी सोनम ने ही अपने प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना तैयार की थी।शादी से पहले सोनम और राज के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। राज इंदौर में सोनम के पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था, जहां दोनों की मुलाकात हुई और प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। सोनम उम्र में राज से 5 साल बड़ी है। पुलिस के मुताबिक, सोनम के कहने पर राज ने राजा की हत्या की साजिश रची और भाड़े के हत्यारो को सुपारी दी गई।

राजा की पत्नी यानी सोनम रघुवंशी वारदात वाली जगह पर मौजूद थी और उन्होंने अपने पति को मरते हुए देखा।'सभी चार आरोपियों ने राजा रघुवंशी की हत्या करने की बात कबूल की है।पहला वार विशाल उर्फ विक्की ठाकुर ने किया था।' पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कैसे राजा रघुवंशी पर हमला किया और बाद में उसकी लाश को एक गहरी खाई में फेंक दिया।

क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, तीन आरोपी विशाल, आकाश और आनंद ट्रेन से इंदौर से चले थे। वे कई ट्रेनों को बदलते हुए पहले गुवाहाटी और फिर शिलॉन्ग पहुंचे, एसीपी यादव ने बताया सोनम का प्रेमी और सह-साजिशकर्ता राज कुशवाहा इंदौर में ही रुका रहा लेकिन उसने तीनों को यात्रा खर्च के लिए 40,000-50,000 रुपये दिए गए थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राजा की हत्या के समय सोनम मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने सब कुछ देखा,इधर सोनम शिलॉन्ग पहुंच चुकी है।अब उससे राजा की हत्या का राज उगलवाया जाएगा। सोनम को लगा था कि उसके भाड़े पर के किलर और प्रेमी राज कभी सोनम का सच सामने नहीं आने देंगे।मगर पुलिस की मार पड़ते ही चारों आरोपियों ने न केवल अपना जुर्म कबूला, बल्कि यह भी कह दिया कि सोनम ने कैसे अपनी आंखों के सामने अपने पति को मरवाया।मेघालय पुलिस के 'ऑपरेशन हनीमून' ने इस साजिश की कई परतें उजागर की हैं, जिसमें सोनम की हत्या के समय मौके पर मौजूदगी, सुपारी किलरों के साथ उनकी मुलाकात, और जांच को भटकाने की कोशिशें शामिल हैं। इस मामले में कई चौंकाने वाले अपडेट्स सामने आए, जिन्होंने इस हत्याकांड की क्रूरता और साजिश की गहराई को और स्पष्ट किया है। सोनम अब भी यही दावा कर रही है कि उसे अगवा किया गया था,हालांकि पुलिस ने उसके दावे को खारिज कर दिया है।वहीं इस मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों के कबूलनामे ने सनसनी मचा दी है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार चार आरोपियों राज कुशवाहा, आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान, और आनंद कुर्मी ने मर्डर का जुर्म स्वीकार कर लिया है।इंदौर क्राइम ब्रांच की सहायक पुलिस आयुक्त पूनम चंद यादव ने यह जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने यह भी बताया कि हत्या के समय सोनम रघुवंशी भी वेई सॉडोंग झरने के पास मौजूद थी और उसने अपने पति राजा को मरते हुए देखा था। आरोपियों ने खुलासा किया कि सोनम ने राजा की हत्या से पहले चिल्लाकर कहा, 'मार दो इसे,' और हत्या के बाद राजा के शव को खाई में धक्का देने में उनकी मदद की।सोनम ने राजा की हत्या को लूट का रूप देने की योजना बनाई थी।वह कुछ समय तक विधवा बनकर रहना चाहती थी, फिर अपने परिवार को राज कुशवाहा से शादी के लिए मनाने की कोशिश करती। पुलिस ने 39 सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें सोनम और तीनों सुपारी किलर शिलॉन्ग और गुवाहाटी के होटलों में दिखे।हत्या में इस्तेमाल हथियार गुवाहाटी के एक होटल के बाहर की दुकान से खरीदा गया था। सोनम और राज कुशवाहा की मुलाकात दो साल पहले हुई थी। राज, जो सोनम के भाई की टाइल कंपनी में काम करता था, सोनम को 'दीदी' कहकर बुलाता था ताकि किसी को शक न हो, वहीं इन दोनों ने हत्या की योजना शादी के तीन दिन बाद बनाई गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना को समाज के लिए सबक बताते हुए कहा, 'यह बहुत दुखद है।शादी में दो परिवारों के बीच सावधानी बरतनी चाहिए।बच्चों को इतनी दूर भेजने पर भी विचार करना चाहिए।' राजा रघुवंशी हत्याकांड ने न सिर्फ इंदौर और मेघालय, बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। सोनम रघुवंशी की गिरफ्तारी और आरोपियों के कबूलनामे ने इस साजिश की क्रूरता को उजागर किया है।मेघालय पुलिस की तेजी और साक्ष्यों ने इस मामले को लगभग सुलझा लिया है, लेकिन सोनम के पिता के दावे और सीबीआई जांच की मांग इस केस में नए मोड़ ला सकते हैं। इससे पहले भी कई ऐसे प्रेम प्रसंग के मामले सामने आ चुके है ,जिनमें शादी के बाद पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की या कराई है। अप्रैल के महीने में उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक महिला ने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या कर दी और शव को दो टुकड़ों में काटकर ट्रॉली बैग में भरकर ठिकाने लगाने की कोशिश की।38 वर्षीय नौशाद अहमद 10 दिन पहले ही दुबई से लौटा था,मईल थाना क्षेत्र के भटौली गांव में उसके घर से करीब 55 किलोमीटर दूर तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक खेत में उसका शव मिला।मेरठ के सौरभ हत्याकांड में भी ऐसा ही हुआ था।3 मार्च को मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर दी ।उसने शव के टुकड़े करके नीले ड्रम में सीमेंट के साथ बंद कर दिया गया था,इसके बाद दोनों घूमने निकल गए,जब वे लौटे, तब इस हत्या का खुलासा हुआ। तब से मुस्कान और साहिल दोनों सलाखों के पीछे हैं।इसी तरह मेरठ में अमित कुमार की हत्या उसकी पत्नी रविता ने अपने प्रेमी अमरदीप के साथ मिलकर की । हत्या को हादसा दिखाने के लिए रविता ने अमित के शव के पास सांप रख दिया और कहा कि उसकी मौत सांप के काटने से हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सच छिप न सका,जांच में पता चला कि रविता और अमरदीप ने मिलकर अमित की गला घोंटकर हत्या की थी।वही अप्रैल माह में बिजनौर के फारूक की हत्या कर दी गई। फारूक सऊदी में काम करता था और गांव लौटा था।उसे पता चला कि उसकी पत्नी अमरीन का गांव के मेहरबान से प्रेम प्रसंग है। फारूक ने अमरीन की पिटाई की, जिससे नाराज होकर अमरीन ने मेहरबान के साथ मिलकर उसे मारने की साजिश रची,जिस पर मेहरबान और उसके साथी उमर ने फारूक को गोली मार कर उसकी हत्या कर दी।इन घटनाओं से अब पति भी डरे हुए है ,नये रिश्तों में भी चौकसी बरती जा रही है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**- डॉ श्रीगोपाल नारसन**

# बच्चों के भविष्य की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है

वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है!कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति!कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है,अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों ? स्वास्थ्य, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास,गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं।

साथियों बात अगर हमह्ल हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो ,परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था , उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो,पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5 . 2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमज़ोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में!इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें, बल्कि फलते-फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं,जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है।बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके,डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है।उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे



स्वास्थ्य में मना सकें।स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीडित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं।इन सीमाओं के बावजूद उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए,डब्लूएचओ बचपन की बीमारी के एकीकृत प्रबंधन के निरंतर कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है। निमोनिया, दस्त,मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं- स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार।प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं।बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं।जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीकों, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है, तो उन्हें लाभ होता है। दूसरों की देखभाल करने के लिए उन्हें खुद को अच्छा महसूस करने की आवश्यकता होती है और इसलिए, देखभाल करने वाले के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करना उन सेवाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो बच्चों के स्वस्थ विकास और विकास का समर्थन करती हैं।

साथियों बात अगर हम भारत मैं प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की करें तो बच्चों सहित युवाओं का शरीर स्वस्थ तभी होगा जब उसे जरूरी मात्रा में पौष्टिक तत्व मिलते रहेंगे, लेकिन आज के दौर में लगभग सभी उम्र के लोगों में अनहेल्दी फूड हैबिट्स काफी ज्यादा बढ़ गई है।शरीर के लिए पोषण की जरूरत के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है।जिस तरह इंजन को चलने के लिए पेट्रोल की जरूरत होती है, वैसे ही हमारे शरीर को कार्य करने के लिए आहार की जरूरत होती है,लेकिन शरीर स्वस्थ व निरोगी रहे, हर आयु में उसका विकास सतत रहे तथा शरीर के सभी तंत्र व प्रणालियां सही तरह से कार्य करें, इसके लिए बहुत जरूरी है शरीर को जरूरी मात्रा में पोषण मिलता रहे। लेकिन अलग-अलग कारणों से बहुत बड़ी संख्या में लोग विशेषकर बच्चे जरूरी मात्रा में पोषण ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बच्चों के भविष्य की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है।आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता सुधार,स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत फलदार वृक्ष रुपी स्वस्थय व गुणवान बनाएं। माता- पिता व परिवार द्वारा बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली जीने में सतर्कता से ध्यान देने पर उनका पूरा जीवन सरलता से जीने की संभावना बढ़ती है।

**- किशन सनमुखदास भावनानीं**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** मॉंग की सुस्तता से शुक्रवार को खाद्य तेल बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में टिकाव रहा। दलहनों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। किराना बाजार में खोपरा गोला सुर्खी पर रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में सुस्त उठाव के बीच बाजार नरमी के रहे। तिलहनों में तिलहनों में टिकाव बना रहा। दलहनों में कामकाज की मात्रा कम ही देखी गयी। चना पूर्वस्तर पर कमजोर देखा गया। उधर, किराना बाजार में खोपरा गोला सुर्खी पर देखा गया। शक्कर में सुस्ती रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4110-4130, खोपरा गोला 250-285, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1200, क्लीन 1350-1600, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्स्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्स्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2600-2650, (160) 2900-3000, (200) 3300-3400, (250) 3400-3500

**तेल**- सींगदाना 1340-1360, मुम्बई 1375, राजकोट तेलिया 2150, सोया साल्वेंट 1070-1075, सोया रिफाइंड 1130-1135, कपास्या 1170, धूलिया 1175, कड़ी 1180,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1340, मुम्बई पाम 1150, मुम्बई सोया 1165,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2250, देवास-उज्जैन 2250, खंडवा-बुरहानपुर 2225, अकोला 3100 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 6300-6400, रायडा 5500-5600, सोयाबीन 4100-4200, टोली (महुआ बीज) 4300-4400, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5700-5750, एवरेज 5100-5200, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5900-6000, मूंग देशी 6200-6300, पाला 6300-6400, चमकी 6400-6500, नायलोन 6500-6600, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7500-8500, मीडियम 7400-7600, बेस्ट 7700-7800, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8000, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 260, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शुक्रवार को विदेशी बाजारों की अगुवाई में स्थानीय सराफा बाजार में दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 103500, चाँदी (99) 103200, टंच 102800, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 98800,

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया 59 पैसे की गिरावट के साथ ही 86.11 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया 56 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.08 पर आ गया। इज़राइल के ईरान के परमाणु स्थलों पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेजी और डॉलर के मजबूत होने का असर घरेलू मुद्रा पर दिखा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों की कमजोर शुरुआत और विदेशी पूंजी की भारी निकासी से भी स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.25 पर खुला। फिर 86.08 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 56 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों के शत्रु उन पर हावी होने की कोशिश करेंगे। आपके अंदर ऊर्जा रहने से आपकी काफी समस्याएं आसानी से हल होंगी। आपका कोई मित्र आपके लिए निवेश संबंधी योजना लेकर आने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिए लिहाज से कमजोर रहने वाला है, क्योंकि मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा। बिजनेस में भी आप जल्दबाजी के कारण कोई बड़ी गलती कर सकते हैं, जिससे आपको कोई नुकसान भी हो सकता है। आप किसी के साथ कोई लेनदेन पूरी लिखा पढ़ी करके करें, नहीं तो आपके साथ धोखा होने की संभावना है।

**मिथुन**- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपका कोई नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई नया पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई वाद विवाद चल रहा था, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलने से आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई काम न करें। छोटे बच्चों को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको अपने पारिवारिक मुद्दों को लेकर थोड़ा समझदारी दिखानी होगी। आपका कोई मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है, जिसमें आप तुरंत इन्वेस्टमेंट करने से बचें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़कर आपकी छवि और निखरेगी। आप जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। आप अपने दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं, लेकिन लेनदेन के मामलो में आप किसी अजनबी से डील फाइनल न करें। किसी खास मेहमान के घर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, लेकिन आपको किसी से मांग कर वाहन चलाने से बचना होगा। आपका किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाई व बहनों से आपकी खूब पटेगी। आपकी किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक रहेगी, लेकिन आपके मन में किसी काम को लेकर संशय पैदा हो सकता है, जिसे आप दूर करने की कोशिश करें।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको किसी परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। संतान ने यदि किसी एग्जाम को दिया था, तो उसके परिणाम आने से माहौल खुशनुमा रहेगा और किसी पूजा पाठ का आयोजन भी हो सकता है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपने नए घर के निर्माण का कार्य शुरू कर सकते हैं। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तो उसमें कोई बिगड़ सकती है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए काम को लेकर कुछ नई योजना बनाने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर मानसिक तनाव चल रहा है, तो उसे भी बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो उसमें आपको छुटकारा मिलेगा। आप अपनी इनकम को बढ़ाने की कोशिश में जुटे रहेंगे, तभी आपको कामयाबी हासिल होगी, लेकिन आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। जीवनसाथी का प्रेम व सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की उनके कामों से एक नई पहचान बनेगी।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए कुछ नये संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आप बुद्धि व विवेक से यदि कोई निर्णय लेंगे, तो उससे आपके कामों से एक नई पहचान बनेगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपनी किसी शारीरिक समस्या को नजरअंदाज ना करें, नहीं तो बाद में वह बढ़ सकती है। पिताजी आपको बिजनेस को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में नए-नए आइडिया आएंगे। यदि आप बिजनेस में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो वह आप कर सकते हैं। आप कार्यक्षेत्र में अपनी अच्छी सोच का लाभ उठायेगे। बॉस भी आपसे काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपनी कला से लोगों के दिल में जगह बनाने में कामयाब रहेंगे।

## शब्दजाल - 7929

शब्दजाल में 'अमिताभ' अभिनीत10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | वां | य |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | का | द | र | दि | ग | उ | ख़ु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | जी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

अजनबी, मेजर साब, मोहब्बतें, बागबां, आंखें, खुदा गवाह, शराबी, अंधा कानून, कालिया, सुहाग

### शब्दजाल - 7928 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | त्त | दा | ई | गा | व | क | फ | लो | श | दा |
| च | बा | जी | न | न | जी | ल | री | ग | प | बा |
| मो | पा | ल | का | व | ह | इ | श्क | र | प | द |
| ली | क | ल | रा | ख | न | रा | बा | द | प | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**14 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.22 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 07.36 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.52 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.14 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.29 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.45 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.37 बजे से |
| | | मीन | 00.09 बजे से |
| | | मेष | 01.40 बजे से |
| | | वृष | 03.20 बजे से |

राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक

**शनिवार** 2025 वर्ष का 165 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 00.22 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 13.13 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.47 बजे तदनन्तर बव 03.53 बजे रात्र को समाप्त।

**चन्द्रायु** 17.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872375
**जूलियन दिन** 2460840.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6873

**बायें से दायें:-**

१. नाना, सलमान, सीमा, मनीषा की 'आज मैं ऊपर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जै जै शिवशंकर' गीत वाली संजीव कुमार, राजेश, मुमताज की फिल्म-३,३
७. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबानो की 'आज की रात नया चांद' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली अजय, मा.सत्यजीत, अलका की फिल्म-३
११. मनोजकुमार, बबीता की 'वो परी कहां से लाऊं' गीत वाली फिल्म-४
१२. 'राम हो क्या तुम' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-२,३
१४. फिल्म 'बावरे नैन' में राजकुमार के साथ नायिका कौन थी?-२
१६. अमिताभ, नीतूसिंह की 'छूकर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि कपूर, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
१९. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिल ने चाहा है क्या' गीत वाली सनी देओल, फरहा की फिल्म-३
२१. फिल्म 'चोरी चोरी' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन है.?-२
२२. संजयदत्त, फरहा की 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'तूने जिंदगी में आके' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय खन्ना, अमीषा पटेल की फिल्म-४
२७. अमिताभ, वहीदा, नीतू सिंह की 'हमका ऐसा वैसा ना' गीत वाली फिल्म-४
२८. फिल्म 'मासूम' का नायक था-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'वादा रहा' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२. मिथुन चक्रवर्ती, मुनमुन सेन की १९८६ की एक फिल्म-२
४. 'एक चतुर नार' गीत वाली सुनीलदत्त, किशोरकुमार, सायराबानो की फिल्म-४
५. अनिल, जैकी, पूजा भट्ट की 'जो मांगा था ख्वाब में' गीत वाली फिल्म-२,१,२
६. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
८. अजय देवगन, अक्षय, उर्मिला की 'ये ताजगी ये सादगी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'राजा की आयेगी बरात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
११. राकेश रोशन, हेमा की 'आज उनसे पहली' गीत वाली फिल्म-३,२
१३. 'जाना तेरे प्यार में' गीत वाली अश्मित पटेल, इमरान हाशमी, मल्लिका की फिल्म-३
१५. प्रदीपकुमार, बीना राय की 'पाँव छू लेने दो' गीत वाली फिल्म-५
१७. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिलकपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१९. फिल्म 'प्यार कोई खेल नहीं' में महिमा के साथ नायक कौन था-२
२१. 'अकेले हैं चले आओं' गीत वाली राजेशखन्ना, बबीता की फिल्म-२
२३. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की 'चुपके से दिल देदे' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'गाँवार' में नायक कौन था-३
२६. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6872

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | व | ■ | प्रे | म | क | हा | नी | ■ | जी |
| व | ■ | तु | म | ■ | सू | ■ | तू | फा | न |
| ता | ल | ■ | पु | का | र | ■ | सिं | ■ | त |
| ■ | क्ष्य | ■ | जा | ■ | ■ | तो | ह | फा | ■ |
| नी | ■ | मे | रे | जं | ग | ■ | ■ | गु | स |
| क | बी | ला | ■ | ग | ■ | प्या | ■ | न | ■ |
| री | ■ | ■ | सो | ल | वां | सा | ल | ■ | दा |
| ■ | जु | ग | नू | ■ | टे | ■ | व | ही | दा |
| ध | र्मा | ■ | ■ | ■ | ड | ■ | स्ते | ■ | गि |
| ■ | ना | जा | य | ज | ■ | चो | री | चो | री |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: आंखें होते हुए भी अंधा

एक आदमी कहीं जा रहा था. उसे वहां पहुंचने की जल्दी थी. इसलिए बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा था. सोच रहा था कि समय पर वहां पहुंच नहीं पायगा और उसका जाना बेकार हो जायगा. वह अपने विचारों में खोया था. अचानक उसे किसी चीज की ठोकर लगी, उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर पड़ा. निगाह उठाकर उसने देखा, एक खोपड़ी पड़ी थी. उस आदमी को बड़ा गुस्सा आया. देर हो जाने से वैसे ही उसका मन खिन्न हो रहा था. अब गिर जाने से उसके पैर में चोट आ गई और चलना उसके लिए मुश्किल हो गया. उसने दांत पीसते हुए कहा, "अरी, दुष्ट, सताने के लिए क्या मैं ही रह गया था?" उसी समय कहीं से आवाज आई, "अरे ओ नादान, तू इसे क्यों दोष दे रहा है? क्यों इस पर क्रोधित हो रहा है? इसके तो आंखें नहीं हैं, जो तुझे देख लेतीं, लेकिन तेरे तो आंखें हैं? तू ही बता कि जिसकी आंखें हैं, उसको देखना चाहिए, या जिसके आंखें नहीं हैं, उसे?"

## सूडोकु नवताल- 7182

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7181 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8397

**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -8396 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | बा | दा | ■ | स | ल | वा | र |
| प | ■ | ■ | न | सी | ब | ■ | ■ | त |
| ल | ■ | र | वी | ■ | क | ल | ■ | ज |
| क | म | त | र | ता | ■ | त | म | गा |
| ■ | द | ■ | ता | ■ | रा | ■ | ग | ■ |
| म | न | का | ■ | मो | ह | त | र | मा |
| र | ■ | ला | र | ■ | दे | र | ■ | म |
| ह | ■ | ■ | प | र | ख | ■ | ■ | ला |
| म | र | घ | ट | ■ | ना | पा | क | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इजरायल के ईरान पर हमले के बाद दोनो देशों के बीच तनाव बढ़ने से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही वैश्विक मंदी की आशंका और निवेशकों की मुनाफावसूली से भी बाजार पर दबाव आया। इसके साथ ही अमेरिका-चीन सौदे पर संदेह और ब्याज दर कटौती में देरी की आशंका से निवेशकों ने मुनाफा निकालना शुरू किया, जिससे भारी बिकवाली हुई।दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 573 अंक की गिरावट के साथ आज 81,118.60 अंक पर बंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 169 अंक फिसलकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सबसे बड़े घाटे में रहने वाली कंपनियों में तेल मार्केटिंग कंपनियां भी शामिल हैं। एचपीसीएल (एचपीसीएल), बीपीसीएल (बीपीसीएल) और आईओसी (आईओसी) सभी के शेयर 3 फीसदी से अधिक गिरे। ईरानऔर इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड 7 फीसदी से अधिक बढ़ गया है। आज कारोबार के दौरान अडानी ग्रुप के शेयरों पर भी भारी बिकवाली का दबाव रहा। वहीं मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 46 अंकों की बढ़त के साथ 16,391.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं आज मणप्पुरम फाइनेंस, मैक्स हेल्थकेयर और आईसीआईसीआई लोंबार्ड के शेयरों में 3.22 फीसदी, 2.55 फीसदी और 2.04 फीसदी की बढ़त रही। जुबिलेंट फूड और आयल इंडिया के शेयरों में भी 2.04 फीसदी और 2.01 फीसदी की बढ़त आई दूसरी ओर इंडियन रिन्यू, इंटरग्लोब एविएशन, केनरा बैंक, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस और एंजल वन में 4.72 फीसदी, 3.92 फीसदी, 3.61 फीसदी, 3.08 फीसदी और 3.07 फीसदी की गिरावट रही।




# सोना और चांदी के भाव 1 लाख के पार

नई दिल्ली। सोने वायदा भाव अब एक लाख रुपये के पार कर गया है। साथ ही इसके वायदा भाव शुक्रवार को सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। चांदी की कीमतों में भी शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के भाव तेजी के साथ खुले। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 1,00200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट आज 1,108 रुपये की तेजी के साथ 99,500 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 98,392 रुपये था। इस समय यह 1,833 रुपये की तेजी के साथ 1,00225 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 565 रुपये की तेजी के साथ 1,06,450 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,05,885 रुपये था। इस समय यह 757 रुपये की तेजी के साथ 1,06,642 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,406.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,402.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 61.90 डॉलर की तेजी के साथ 3,464.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.41 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.29 डॉलर था। इस समय यह 0.33 डॉलर की तेजी के साथ 36.62 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।



# पेट्रोल-डीजल यूपी के गौतम बुद्ध नगर और बिहार में हुआ सस्ता

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों ने आग पकड़ ली है। मध्यपूर्व के इलाकों में बढ़ रहे तनाव की वजह से ओपेक ने क्रूड की कीमतों में तगड़ा उछाल किया। ब्रेंट क्रूड 2 दिनों में ही करीब 10 डॉलर महंगा होकर 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार सुबह जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी उछाल दिख रहा। शुक्रवार को कई शहरों में तेल महंगा हुआ तो कुछ जगह कीमतों में कटौती की गई है। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 22 पैसे सस्ता होकर 94.52 रुपये लीटर बिक रहा है। डीजल भी 34 पैसे गिरा और 87.55 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 12 पैसे चढ़कर 94.82 रुपये और डीजल 15 पैसे महंगा होकर 87.97 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 20 पैसे गिरावट के साथ 105.21 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 18 पैसे गिरकर 91.48 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी बड़ा उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 5 डॉलर बढ़कर 74.43 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब?ल?यूटीआई भी बड़े उछाल के साथ 73.20 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, न्नई में पेट्रोल 100.76 रुपये और डीजल 92.35 रुपये प्रति लीटर और कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है।



# दो पक्षो के बीच मे मारपीट , शिकायत पर मामला कायम

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम चिचेवाड़ा में बीती रात्रि 12 जून को लगभग 8ः30 बजे दो पक्षो के बीच मे मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। जहां दोनो ही पक्ष ने बहेला थाना पहुंचकर एक दुसरे के विरूद्ध अपराध दर्ज करवाया है। बहेला पुलिस के द्वारा लगभग 10 लोगो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बतादे कि प्रार्थी कृष्ण कुमार बैठवार पिता प्रेमदास निवासी चिचेवाड़ा ने पुलिस को जानकारी में बताया कि खेती बाड़ी के हिस्से बंटवारे की बात को लेकर राजू मस्करे एवं उसके परिवार के लोगो से हमारा पूर्व से विव्राद चल रहा है 12 जून को रात्रि करीब 8ः30 बजे की बात है राजू उर्फ राजीव मस्करे शराब पीकर हमारे घर बाड़ी तरफ आया हम लोगो को गंदी गंदी गाली गलौच करने लगा, तो मैने और पत्नि ने गाली देने से मना किया तो राजू ने अपने भाई राजा को बुलाया और दोनो ने मेरे साथ मारपीट की। राजा मस्करे ने पत्थर से मुझे आंख के पास मारा जिससे मुझे चोट आई और खुन भी निकला, बीच बचाव करने मेरी पत्नि, माँ आई तो राजू ने अपने बहन गायत्री मस्करे, ज्योति मस्करे को आवाज देकर बुला लिया। जिन्होने मेरी पत्नि और माँ को मारपीट किये। उक्त कथन के आधार पर बहेला पुलिस के द्वारा आरोपी गण राजू उर्फ राजीव मस्करे, राजा मस्करे,




गायत्री मस्करे एवं ज्योति मस्करे के विरूद्ध अपराध क्रमांक 34/25 धारा 296, 115-(2), 351-(2) एवं 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसी कड़ी में दुसरे पक्ष की ओर से प्रार्थी शिवानी मस्करे पति राजा मस्करे निवासी चिचेवाड़ा ने बताया कि हमारे परिवार की जमीन प्रेमदास बैठवार के घर के पीछे है जिसमें हम लोगो ने उड़द की फसल लगाये है जिसे दो तीन दिन पहले जानवरों ने चर लिया। फसल को देखने के लिये मेरे जेठ राजीव मस्करे, जेठानी संध्या मस्करे गये थे। 12 जून को रात्रि 9 बजे की मेरे जेठ और जेठानी ने प्रेमदास बैठवार से कहा कि मेरे खेत की उड़द को मवेशियों ने नुकसान किया है तुम लोगा अपने जानवरों को बांध कर क्यों नही रखते इसी बात को लेकर प्रेमदास बैठवार कमल दास बैठवार कृष्ण कुमार बैठवार मेरे जेठ और जेठानी को गाली गलौच करने लगे उन्हे मना करने पर भी मारपीट करने पर उतारू हो गये। जिसके कारण मेरे जेठ जेठानी अपने खेत बाड़ी तरफ आ गये कुछ देर बाद प्रभुदास बैठवार, गजानन फुल्हारे, सुखराम फुल्हारे आये और जेठ जेठानी के साथ मारपीट की जिससे चोटे आई है। इसके अलावा भी अन्य जानकारी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उक्त कथन के आधार पर बहेला पुलिस के द्वारा आरोपी गण प्रेमदास बैठवार, कमलदास बैठवार, कृष्णकुमार बैठवार, प्रभुदास बैठवार, गजानंद फुल्झारे, सुखराम फुल्झारे के विरूद्ध अपराध क्रमांक 35/25 धारा धारा 296, 115-(2), 351-(2) 324 -(4) एवं 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# तोषराम कनोजे सीनियर राष्ट्रीय वुशु कुंगफू प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए



लांजी(पद्मेश न्यूज)। लांजी के तोषराम कनोजे 14 से 19 जून तक जयपुर राजस्थान में आयोजित सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम से ट्रेडिशनल कुंग फू में लचकदार हथियार नान चाकू का प्रदर्शन करेंगे। तोषराम कनोजे का चयन 7 जून को देवास में आयोजित वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की हेडहाक कमेटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर किया गया तथा 24 वे मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय सीनियर प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त करने के आधार पर किया गया। श्री कनोजे 20 सालों से कराटे, बॉक्सिंग, जुजित्सु, ताइक्वांडो, जूडो किकबॉक्सिंग, कल्लारीपयट्टू, वुशु कुंगफू , मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस कर रहे एवं राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका, साउथ अफ्रीका , शारजाह, दुबई आदि देशों में ऑफिशल अधिकृत मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता वर्ल्ड चैंपियनशिप , कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप में भारत देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। तोषराम कनोजे वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा में जिला खेल प्रशिक्षक कराते कोच के पद पर कार्यरत है।

# संगठन सृजन अभियान के तहत आज कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन





लांजी(पद्मेश न्यूज)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा संपूर्ण देश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। यह संगठन सृजन अभियान कार्यकर्ताओ को एकजूट करने के साथ आगामी समय में कांग्रेस संगठन मे होने चुनाव के लिये भी महत्वपूर्ण देखा जा रहा है। जिसके तहत लांजी विधानसभा क्षेत्र में आज 14 जून को सिद्धेश्वर मंगल भवन लांजी में संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन शाम 5 बजे से किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सुरज हेंगड़े एवं मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त संपूर्ण आयोजन का नेतृत्व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, किरनलापुर, बहेला एवं शहर कांग्रेस के द्वारा किया जा रहा है। बतादे कि संगठन सृजन अभियान राहुल गांधी जी के मंशानुरूप पूरे देश में आयोजित किया जा रहा है। ताकि अभी से ही चुनाव के पूर्व संगठन को मजबूत किया जा सके। जिसको लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक प्रत्येक जिले में पंहुच रहे है जिसमें बालाघाट जिले के लांजी तहतसील में उक्त पर्यवेक्षक कांग्रेस कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर रायशुमारी करेंगे। इस चर्चा में जहां जिलाध्यक्ष का भी चयन होना है वहीं ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के चयन किये जायेंगे। क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओ से उपस्थिती की अपील पूर्व विधायक हिना कावरे, देवेन्द्र खोंगल, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष जनपद अजय अवसरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, ओंकार रहांगडाले, युसूफ पटेल अध्यक्ष किरनापुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल सहित अन्य पदाध्रिकारियों के द्वारा की गई है।

# अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर हुई कार्यशाला

## नगर परिषद में देखा गया लाइव टेलीकास्ट प्रसारण







लांजी(पद्मेश न्यूज)। शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद लांजी में 13 जून 2025 को अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शासन के मंशानुरूप पर्यावरण को बचाने के विभिन्न उपाय और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में रविन्द्र भवन भोपाल एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसका लाइव टेलीकास्ट प्रसारण एलईडी टीवी के माध्यम से नगर परिषद लांजी सभाकक्ष में दिखाया गया। जिसमें पर्यावरण, वृक्षारोपण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम को देखने नगर परिषद लांजी के सभा कक्ष में परिषद पदाधिकारी उपाध्यक्ष संदीप रामटेकक्कर, सभापति दिनेश कचवाहे, श्रीमती कस्तूरा वाकडे, स्वसहायता समूह की दीदियो में श्रीमती वीणा उपराड़े, श्रीमती मंजू भालाधारे, श्रीमती बिंदु अजीत, श्रीमती वछिला सोनवाने, श्रीमती पदमा पलिवार, श्रीमती सीमा भार्गव, श्रीमती शीतल गोडूले, सूर्यरेखा गोंडुले, भूतपूर्व सैनिक गणेश मोरघड़े, नगर परिषद कर्मचारी श्रीमती वंदना भार्गव, संतोष भार्गव, कैलाश उरोड़े, श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, तेजराम आसटकर, शैलेंद्र दुरूगकर, रणदीप वराडे, शैलेंद्र पाण्डे, आकाश महोबिया, मचलेश चोरवाडे एवं अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी. एल. लिल्हारे के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।

# यूपीएस लागू करने की तैयारी में मप्र सरकार

भोपाल। मप्र की मोहन यादव सरकार केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम को किसी भी वक्त राज्य में लागू कर सकती है। प्रदेश के अधिकारियों का कहना है कि यूपीएस को लागू करने के लिए सरकार को इसका प्रस्ताव सदन में पटल पर रखना होगा। सरकार जब चाहे तब ये कदम उठा सकती है। प्रदेश के वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने यूपीएस को लेकर शुरुआती तौर पर काम कर लिया है। इस पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए सरकार को 225 करोड़ अतिरिक्त रुपयों की जरूरत होगी। यानी, सरकार को यूपीएस के लिए नेशनल पेंशन स्कीम की राशि से 4.5 फीसदी ज्यादा बजट की व्यवस्था करनी होगी। राज्य सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए इक्विटी लिमिट और फंड मैनेजर जैसे विकल्पों में वृद्धि की है। रिटायरमेंट के बाद लोगों को इनका सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि, ये दोनों लाभ बाजार के जोखिम पर निर्भर करेंगे। इस स्कीम में राज्य के उन अधिकारियों-कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जिनकी नौकरी साल 2005 में लगी, जबकि, ऑल इंडिया सर्विस के उन अधिकारियों-कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा जिनकी नौकरी साल 2004 में लगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल, 2025 से यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू कर चुकी है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) और यूनिफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का फैसला इसी महीने (जून) के अंत तक करना है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एनपीएस में पेंशन फंड में कर्मचारियों के वेतन से 10 प्रतिशत की कटौती की जाती है, जबकि राज्य सरकार द्वारा 14 प्रतिशत राशि जमा की जाती है। यूपीएस लागू होने पर पेंशन फंड में कर्मचारियों के वेतन से पूर्व की तरह 10 प्रतिशत राशि ही काटी जाएगी, जबकि सरकार का योगदान 14 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगा, लेकिन सरकार को एक कॉर्पस फंड बनाना जिसमें 8.5 प्रतिशत राशि अलग से जमा करेगी। यानी यूपीएस लागू होने पर सरकार को पेंशन फंड में 4.5 प्रतिशत अधिक योगदान देना होगा। मप्र सरकार हर महीने कर्मचारियों के वेतन-भत्तों पर करीब 5 हजार करोड़ रुपए खर्च करती है। एनपीएस की तुलना में यूपीएस में 4.5 प्रतिशत अधिक राशि जमा करने पर सरकारी खजाने पर हर महीने करीब 225 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

### मप्र सरकार ने भी बनाई कमेटी

मप्र सरकार भी एक अप्रैल, 2005 को या उसके बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार ने अपर मुख्य सचिव वन अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में आईएएस अफसरों की कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी गत 29 अप्रैल को गठित की गई थी, लेकिन अब तक कमेटी की एक भी बैठक नहीं हुई है। यही वजह है कि सरकार यूपीएस लागू करने को लेकर आगे कोई निर्णय नहीं ले पाई है। अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, सचिव वित्त लोकेश जाटव, संचालक बजट तन्वी सुन्द्रियाल, उप सचिव जीएडी अजय कटेसरिया समिति के सदस्य और संचालक पेंशन जेके शर्मा सदस्य सचिव हैं। एनपीएस के अंतर्गत आने वाले जो लोग संशोधित योजना का विकल्प चुनते हैं, उन्हें उनके अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर गारंटीशुदा पेंशन और मुद्रास्फीति में वृद्धि प्राप्त होगी। कर्मचारी की मृत्यु पर कर्मचारी की पेंशन का 60 प्रतिशत उसके परिजनों को दिया जाएगा (पारिवारिक पेंशन)। इसके लागू होने पर मप्र में करीब पांच लाख सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस का लाभ मिलेगा।

### जमीनी काम पूरा

राज्य के वित्त विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने जमीनी काम कर लिया है और सरकार को 2024-25 के लिए मप्र में एनपीएस के लिए अनुमानित राशि के लिए अतिरिक्त 225 करोड़ रुपये या 4.5 प्रतिशत अधिक खर्च करना होगा, जो लगभग 5000 करोड़ रुपये है। हालांकि, यूपीएस बाजार जोखिम पर आधारित होगा। इसमें 2005 के बाद के राज्य सेवाओं के अधिकारी-कर्मचारी और 2004 के बाद के अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए मौजूदा एनपीएस के विकल्प के रूप में यूपीएस लॉन्च किया। अप्रैल 2025 में कार्यान्वयन के लिए निर्धारित, यह नई योजना 2004 के बाद शामिल हुए कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प प्रस्तुत करती है। प्रदेश में वर्तमान में करीब 4 लाख 50 हजार कर्मचारी नेशनल पेंशन स्कीम के दायरे में हैं। ये कर्मचारी लंबे समय से सरकार से ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग कर रहे हैं। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री उमाशंकर तिवारी का कहना है कि सरकार को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करना चाहिए। यूपीएस को लेकर कर्मचारी सहमत नहीं है।

# रिफ्रेशर प्रशिक्षण अंतर्गत शिक्षको को दिया जा रहा गणित विषय का प्रशिक्षण



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान हासिल करने हेतु मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तर पर कक्षा 1 व 2 में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षको का 2 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण विकासखंड वारासिवनी में 11 जून 2025 से प्रारंभ हो चुका है। भोपाल से प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनर्स धन्नालाल बिसेन , भोजराज पटले, प्रीति वैद्य ,लता गनी के द्वारा शिक्षको को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा गणित विषय में पाठ्य पुस्तक , शिक्षक संदर्शिका ,अभ्यास पुस्तिका में आए बदलाव के साथ साथ 4 ब्लॉक मॉडल तथा शिक्षण पद्धति से शिक्षण पर शिक्षको की समझ को विकसित किया जा रहा है। जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी के बीआरसी सतेंद्र शरणागत ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत कक्षा 1ली और कक्षा 2 री के बच्चो में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को हासिल करने हेतु कक्षा 1 व 2 में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षको का ब्लॉक स्तरीय 2 दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय माध्यमिक शाला नदीटोला सिकंद्रा में आयोजित किया है। यह प्रशिक्षण दो चरणों में 11 जून से 14 जून 2025 तक आयोजित है। जिसमें विकासखंड वारासिवनी के कुल 157 शिक्षक और 10 जनशिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी का समस्त स्टाफ प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से सहभागी है। जिनमे बीएसी योगेश राहंगडाले , बालचंद राहंगडाले , दिनेश वशिष्ठ ,एमआईएस रेवाशंकर सोनेकर ,ऑपरेटर अनिता लिल्हारे, तकनीकी सहयोगी शैलेंद्र पालेवार सहित सभी जनशिक्षक शामिल हैं।

# रेगुलर, नॉन रेगुलर एम्प्लाई की डेटा एंट्री जांच जारी

भोपाल। प्रदेश में 45 हजार कर्मचारियों अधिकारियों का 4 माह से वेतन नहीं निकाले जाने के मामले में राज्य सरकार ने कोषालय अधिकारियों को डेटा टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। इसका खुलासा एसएफआईसी (स्टेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस सेल) ने किया था जिसके बाद सरकार सतर्क हुई है और अब प्रदेश के नियमित और दैनिक वेतन भोगी, स्थायी, संविदा व आउटसोर्स, नॉन रेगुलर कर्मचारियों के डेटा का परीक्षण आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से किया जा रहा है। आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समय-समय पर पत्र लिखकर डेटा की पुष्टि के लिए निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय के अंतर्गत एक राज्य वित्तीय इंटेलिजेंस सेल (एसएफआईसी) संचालित है जो नियमित अंतराल पर कोषालय के डेटा का एनालिसिस करता है। इसमें कर्मचारियों के वेतन आहरण की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस सेल द्वारा ऐसे 45 हजार कर्मचारियों के कर्मचारी कोड के डेटा का विश्लेषण किया गया जिनके पिछले चार महीनों से वेतन का आहरण कोषालय सॉफ्टवेयर से नहीं किया गया। इसलिए ऐसे कर्मचारियों की डिटेल का सत्यापन कोषालय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित डीडीओ से कराए जाने के लिए आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा निर्देश जारी किए गए। यह कहा गया है कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है जो समय-समय पर आयुक्त कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा की जाती है।

### वेतन न निकालने की वजह के साथ करें एंट्री

अफसरों के अनुसार माह दिसंबर 2024 के डेटा का परीक्षण कर पाया गया कि ऐसे कर्मचारी हैं जिनके एम्प्लाई कोड आवंटित हैं किंतु सेवानिवृत्ति तिथि की एंट्री नहीं हुई है। आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर में एग्जिट प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है, फिर भी चार माह से वेतन नहीं लिया जा रहा है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा सभी कोषालय अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को संबंधित डाटा प्रदान कर 15 दिन में कारण सहित एंट्री कराई जाए कि उनके द्वारा वेतन किस कारण से नहीं निकाला जा रहा है। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से प्राप्त जानकारी को कार्यालय आयुक्त कोष-लेखा को अवगत कराया जायेगा। यदि डेटा के सत्यापन में कोई गलती जानकारी में आती है तो संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन भेजा जाना होगा। रेगुलर और नॉन रेगुलर एम्पलाई के डाटा परीक्षण और निरीक्षण एक सामान्य और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पचमढ़ी में राजनीति में पारंगत होंगे 'माननीय'

## भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरे की सिखाई जाएगी बारिकियां : 3 दिन में भाजपा के 45 साल के संघर्ष की गाथा सुनेंगे भाजपापाई

भोपाल। मप्र में भाजपा अपने सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को राजनीति में पूरी तरह पारंगत करेगी। इसके लिए पार्टी ने 14 से 16 जून के बीच पचमढ़ी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण शिविर में माननीयों को भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरे की बारिकियां सिखाई जाएगी। प्रशिक्षण स्थल पर सभी विधायक, सांसद 13 जून की रात तक पहुंच जाएंगे। प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को अलग-अलग सत्रों में पब्लिक डीलिंग, चुनाव क्षेत्र में मैनेजमेंट, इनोवेशन, सदन में भूमिका, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी दी जाएगी। विधायक-सांसदों को सुबह 6ः00 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7ः00 से 8ः00 के बीच योग



और प्रार्थना कराई जाएगी।

13 जून की रात तक सभी प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद और मंत्री पचमढ़ी पहुंच जाएंगे। 14 जून को दोपहर 12 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। अमित शाह के साथ मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे। पहले दिन चार सत्र होंगे। डेढ़ घंटे के लंच ब्रेक के बाद करीब साढ़े तीन बजे से पहला सत्र होगा। इस सत्र में हमारा विचार और पंच निष्ठा विषय पर प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव संबोधन देंगे। इसके बाद दूसरे सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सांसद बंशीलाल गुर्जर भाजपा की कार्यपद्धति पर जानकारी देंगे। दूसरे दिन के शुरुआती सत्र में विधायकों-सांसदों को निर्वाचन क्षेत्र में मैनेजमेंट इनोवेशन और चुनौतियों के साथ सदन में भूमिका पर जानकारी दी जाएगी इस सत्र में विधायकों-सांसदों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। पहले ग्रुप में पहली और दूसरी बार के विधायकों को सांसद सुधीर गुप्ता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा संबोधित करेंगे। दूसरे समूह में बाकी बचे वरिष्ठ विधायकों को डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रदीप लारिया और हरिशंकर खटीक संबोधित करेंगे। तीसरे समूह में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके संबोधित करेंगे।

### डॉ. मोहन सुनाएंगे 22 साल के सफर की गाथ

प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन लंच ब्रेक के बाद विकसित मप्र 2047-अवसर एवं चुनौती( 2003 से 2025) तक की पृष्ठभूमि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपना वक्तव्य देंगे। पूर्व मंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया इस सत्र की अध्यक्षता करेंगे। सोशल मीडिया और मीडिया पर स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विमर्श बनाने में हमारी भूमिका के विषय पर विनोद तावडे व्याख्यान देंगे। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम सत्र की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश विधायकों, सांसदों और मंत्रियों को समन्वय, प्रक्रिया, समस्या और समाधान के विषय में समझाएंगे। शिवप्रकाश यह भी बताएंगे कि संगठन, अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, विचार परिवार और स्वयं के परिवार के लिए समय प्रबंधन करें और पर्सनल, प्रोफेशनल लाइफ में तालमेल बनाएं। दूसरे दिन डिनर के बाद कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और डिप्टी सीएम मप्र में भाजपा का उद्भव और विकास संस्मरण के स्वरूप को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सुनाएंगे। प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन सुबह 7 बजे से 45 मिनट का योग प्रार्थना और खेल का आयोजन होगा। नाश्ते के बाद सांसदों, विधायकों को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल, सामाजिक और मोबाइल शिष्टाचार सिखाएंगे। राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार इस सत्र की अध्यक्षता करेंगी। अंतिम सत्र में जिज्ञासाओं यानि विधायकों, सांसदों के सवाल-जवाब होंगे। इसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल होंगे।

# मप्र के चार जिले हुए मलेरिया मुक्त

### - अब शहरों के बाद 15 जिलों में गांव-गांव जाएंगे वॉलिंटियर

भोपाल। बारिश का महीना शुरू होते ही मच्छर जनित बीमारियां डेंगू,मलेरिया के केस बढने लगते हैं। इसे लेकर विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। प्रदेश के चार जिले हरदा,आगर-मालवा, विदिशा और शाजापुर में मलेरिया के केस जीरो हो गए हैं । यह विभाग की बड़ी उपलब्धि है। शहरों के साथ अब गांवों में भी मलेरिया को कंट्रोल करने की प्लानिंग की गई है। शुरुआती दौर में एंबेड परियोजना के



सहयोग से प्रदेश के 15 जिलों के प्रत्येक गांव में एक-एक वॉलिंटियर भेजे जाएंगे। ये वॉलिंटियर गांव में लोगों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगे और जिस क्षेत्र में लार्वा पाया जाएगा वहां हफ्ते में एक बार पहुंच कर इसे कंट्रोल करने का काम करेंगे।

गावों में मच्छर जनित बीमारियों को कंट्रोल करने के लिए एंबेड परियोजना फैमली हेल्थ इंडिया के सहयोग से प्रदेश के 15 जिले शिवपुरी, श्योपुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, विदिशा, भोपाल, जबलपुर, नीमच, रीवा, सीधी, बालाघाट, सिवनी और इंदौर के गांवों में वॉलिंटियर भेजे जाएंगे। एंबेड परियोजना के डॉ. संतोष भार्गव ने बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से शुरू किया जाएगा। उन्होने बताया कि इससे पहले बालाघाट जिले में प्रयोग किया गया था। जिसके बाद केसों में काफी कमी आई इस लिए अब प्रदेश के 15 जिलों में शुरू किया जा रहा है।

### ऐसे कम हुए प्रदेश में मलेरिया केस

मध्य प्रदेश में मलेरिया कम होने के प्रमुख कारण मलेरिया विभाग नगर निगम और एंबेड परियोजन के सहयोग से प्रदेश भर में जनजारूरता अभियान चलाया, स्कूल, कॉलेज से लेकर धर्मगुरुओं को भी इस अभियान में शामिल किया अभियान में एंबेड परियोजना के कर्मचारी झुग्गी बस्तियों तक पहुंच कर लोगों को जागरूर किया।

### मलेरिया को जड़ से समाप्त करना लक्ष्य

वाहक जनित रोग नियंत्रण राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवार ने बताया कि विभाग और एंबेड परियोजान के सहयोग से चलाए गए अभियान से हमने चार जिलों को मलेरिया मुक्त कर दिया है। अब प्रदेश के 15 जिलों के गांवों में अभियान चलाने की तैयारी है। मलेरिया को जड़ से समाप्त करना है। इससे लिए हर तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं।

**पिछले 6 साल में ऐसे घटी मरीजों की संख्या**

| वर्ष | कुल जांच | रोगियों की संख्या |
|---|---|---|
| 2019 | 10069562 | 14147 |
| 2020 | 9056958 | 6760 |
| 2021 | 9864546 | 3181 |
| 2022 | 11031117 | 3826 |
| 2023 | 11381858 | 3794 |
| 2024 | 11899684 | 3247 |

# बीडीए का बाबू दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### - नामांतरण कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत, चार महीने से अटका रखा था काम

भोपाल। भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) के बाबू को लोकायुक्त ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फरियादी ने 4 महीने पहले अपने मकान के नामांतरण का आवेदन दिया था। बाबू बिना रिश्वत लिए नामांतरण नहीं होने दे रहा था। तंग आकर युवक ने लोकायुक्त को लिखित शिकायत की।

शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार दोपहर ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बैरसिया रोड निवासी घनश्याम राठौर ने आवेदन देकर बताया कि बीडीए का बाबू शहाब उद्दीन सिद्दीकी उनके मकान के नामांतरण के एवज में फीस से अतिरिक्त दस हजार रुपए देने की मांग कर रहा है। मांग पूरी नहीं करने पर चार महीने से उनके काम को अटका रखा है। शिकायत की जांच के बाद शुक्रवार को आरके सिंह उप पुलिस अधीक्षक की टीम ने आरोपी को ट्रेप कर लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# मप्र बनेगा भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र

भोपाल। मप्र और फ्रांस के बीच संस्कृति-पर्यटन क्षेत्र में शुक्रवार को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। अब यह मप्र को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, पर्यटन और संस्कृति के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज डी. भोपाल के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अगले 3 साल के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक संबंधों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और



शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। इससे प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### नए अवसर खुलेंगे

भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. मथौ ने इस साझेदारी पर कहा कि हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करेगा। जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खान-पान और अन्य संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की पर्यटन प्रचार सामग्री का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया जाएगा और फ्रांसीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र के अधिकारियों और गाइड्स को फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह समझौता प्रदेश की सांस्कृतिक कूटनीति को बल देगा और स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, छात्रों तथा सांस्कृतिक संगठनों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जिससे मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र कुमार सिंह, फ्रांस के कौंसुल जनरल जीन मार्क सेरे शार्ले, फ्रांसीसी दूतावास के राजनीतिक परामर्शदाता शाद जॉयनाल आबेदीन और अलायंस फ्रांसेज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. मथौ ने सांची, भीम बेटका समेत कई पर्यटन स्थलों पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्हें टूर गाइड एवं स्कॉट अजय सिंह ने

# कांग्रेस नेता बनने में ट्रांसजेंडरो की रुचि नहीं

## युवा कांग्रेस ने आरक्षित किया था महासचिव पर, प्रदेशाध्यक्ष के लिए 17 दावेदार

**भोपाल। पिछले एक महीने से ठप पड़ी युवा कांग्रेस के चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। चुनाव अधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष, महासचिव, जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए दावेदारों के नामों का ऐलान कर दिया है। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के लिए 18 नाम आए हैं। जबकि दस्तावेजों के अभाव में एक नाम होल्ड पर है। खास बात यह है कि युवा कांग्रेस का महासचिव बनने के लिए कोई ट्रासजेंडर नहीं आया है। पार्टी नेता राहुल गांधी के निर्देश पर महासचिव का एक पद ट्रासजेंडर के लिए आरक्षित रखा गया था।**

प्रदेशाध्यक्ष के लिए घोषित दावेदारों की सूची में सामान्य, पिछड़ा, अजा एवं अजजा वर्ग के युवा शामिल है। एक युवा नेता राजीव सिंह का दस्तावेजों के अभाव में आवेदन रोका गया है। प्रदेशाध्यक्ष के लिए कुल 20 नाम आए थे। जिनमें से निरस्त हो गए हैं। जबकि एक रोका गया है। इसी तरह महासचिव के 48 पदों के विरुद्ध 178 नामांकन मान्य किए गए हैं। 3 नाम रोके गए हैं। ट्रासजेंडर के लिए आरक्षित एक पद एक भी नामांकन नहीं आया है। कांग्रेस को महासचिव पद के लिए ट्रासजेंडर नहीं मिलने पर भाजपा ने चुटकी है। युवा कांग्रेस के चुनाव में कुल पंजीकृत सदस्यों की संख्या 4332 है। जिनमें सशुल्क सदस्य 3948 है। जबकि अनपैड सदस्य संख्या 384 है।

### दावेदारों में पूर्व मंत्री के बेटे का नाम

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के लिए तय दावेदारों में पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया का नाम भी है शामिल है। यश का नाम परफार्मर के नामों के साथ बाद में जोड़ा गया था और प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हो गया। प्रदेशाध्यक्ष के लिए योगिता सिंह, जावेद पटेल, अभिषेक परमार, नीरज पटेल, गीता कड़वे, प्रमोद सिंह, विश्वजीत चौहान, विनय पांडे, राजवीर कुडिया, प्रियेश चौकडे, अब्दुलकरीम कुरैशी, सुभांगना जामनिया, आशीष चौबे, यश घनघोरिया, देवेन्द्र सिंह दादू, स्वीटी पाटिल, शिवराज यादव, मोनिका मांडरे के नाम शामिल है।

# नौ नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

### मतदान 7 जुलाई को

भोपाल । मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 7 जुलाई 2025 को होगा।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 23 जून, 2025 तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 जून है। इसी दिन अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी किया जायेगा। मतदान 7 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से होगी।

नगर पालिका परिषद बैरसिया के वार्ड 7, नगरपालिका परिषद सिवनी के वार्ड 11, नगर परिषद सांवेर के वार्ड 7, गौतमपुरा के वार्ड 15, ककरहटी के वार्ड 13, बिछिया के वार्ड 13, खांड के वार्ड 8, न्यूटन चिखली के वार्ड 4 और नगरपरिषद भीकनगाँव के वार्ड 5 में पार्षद पद के लिये उप निर्वाचन होगा।

# आतंकियों से भर चुकी है हाई सिक्योरिटी सेल

भोपाल । भोपाल सेंट्रल जेल की हाई सिक्योरिटी सेल आतंकियों से भर चुकी हैं। आतंकियों की तादाद यहां इतनी हो चुकी है कि सेल छोटी पडने लगी हैं। अब जेल में 12 नई हाई सिक्योरिटी सेल का निर्माण कराया गया है। जिसके लिए 1.20 करोड़ का बजट पारित हुआ था। करीब दो साल में यह हाई सिक्योरिटी सेल बनकर तैयार हुई हैं। जल्द ही इनमें कुख्यात आतंकियों को शिफ्ट किया जाएगा।

जेल सुपरीटैंडेंट राकेश भांगरे ने बताया कि भोपाल सेंट्रल जेल में फिलहाल 69 आतंकी बंद हैं। जो अलग-अलग संगठनों से ताल्लुक रखते हैं। इसमें स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया के 23, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 21 हिज्ब उत तहरीर के 17, रेएमबी के 4 और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के 4 आतंकी बंद हैं। जेल में हाई सिक्योरिटी सेल की क्षमता 58 हैं। वर्तमान में 69 आतंकियों को यहां रखा गया है। जल्द नई हाई सिक्योरिटी सेल में भी आतंकियों को शिफ्ट किया जाएगा।

### हर रोज 3.30 घंटे निकाला जाता है बाहर

सेंट्रल जेल में बंद आतंकियों को हर रोज साढ़े तीन घंटे के लिए हाई सिक्योरिटी सेल से बाहर निकाला जाता है। जिससे वह अपने पर्सनल काम जैसे कपड़े सुखाना, धूप लेना, टहलना आदि कर सकें। इन आतंकियों को बाहर निकलने के बाद निगरानी में रखा जाता है। हर एक आतंकी पर नजरें रखने की जिम्मेदारी 2 प्रहरियों की होती है। आतंकियों को सुबह ढाई घंटा, जबकि शाम में एक घंटा बाहर निकाला जाता है। उन्हें किसी से बातचीत की इजाजत नहीं होती। सभी आतंकियों को बाहर निकालने पर भी अलग-अलग रखा जाता है।

### जेल मैन्युअल के हिसाब से मुलाकात की इजाजत

आतंकी कामरान, अबु फैजल, शिबली और कमरुद्दीन को छोडक़र सभी 65 आतंकियों को जेल मैन्युअल के हिसाब से परिजनों से मिलने और कैंटीन सुविधा मिलती है। इनमें शामिल सजायाफ्ता आतंकी जेल ड्रेस में रहते हैं और जेल की टोपी लगाते हुए जेल नियमों का पालन करते हैं।

# संगठन सृजन की वजह से टलेगा युवा कांग्रेस चुनाव

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत केंद्रीय एवं प्रदेश के पर्यवेक्षक अलग-अलग जिलों के प्रवास पर हैं। इस बीच युवा कांग्रेस के चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। ऐसे में संगठन सृजन का काम देख रहे केंद्रीय पर्यवेक्षकों के समक्ष यह मांग उठ रही है कि युवा कांग्रेस के चुनाव को आगे बढ़ा दिया था। सभी पर्यवेक्षक 20 जून को दिल्ली में होने वाली संगठन सृजन की समीक्षा बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं अन्य के सामने युवा कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम आगे बढ़ाने की बात रख सकते हैं।

मप्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने बताया कि संगठन सृजन के बीच युवा कांग्रेस चुनाव उचित नहीं है। इसे टालने के लिए पार्टी नेतृत्व से मांग की है। संगठन सृजन कार्यक्रम के साथ ही यदि युवा कांग्रेस के चुनाव होते हैं तो फिर दोनों कार्यक्रम प्रभावित होने की संभावना है। पार्टी नेताओं की रुचि युवा कांग्रेस के चुनाव में भी है। सभी बड़े नेता अपने-अपने चहेतों को युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनवाने के लिए गोटियां फिट कर चुके हैं।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में डिप्टी रेंजर निलंबित

भोपाल। नर्मदापुरम के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में डिप्टी रेंजर विष्णुकांत त्रिपाठी को वनरक्षक से मारपीट और अभद्रता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एसटीआर के प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर मयंक गुर्जर ने शुक्रवार को उनका सस्पेंशन ऑर्डर जारी किया। त्रिपाठी देनवा बफर रेंज के देलाखारी में पदस्थ थे। अब उन्हें बागड़ा बफर रेंज ऑफिस में अटैच किया गया है। यह कार्रवाई वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी की शिकायत के आधार पर की गई है।

निलंबन आदेश सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर विष्णुकांत त्रिपाठी ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने उल्टे वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी पर ही गंभीर आरोप लगाए। त्रिपाठी के अनुसार, रघुवंशी की बीट सीताडोंगरी में अवैध कटाई हुई थी। त्रिपाठी ने कहा कि 4 जून को जब मैं जंगल में गया, तब सांझ, करी और सागौन जैसे पेड़ों के कटे हुए तने सामने मिले। अगले दिन 5 जून को मैं, बीट गार्ड रघुवंशी और ड्राइवर ललित के साथ रेंज में बन रहे रपटा निर्माण को देखने गया। वहां मैंने एक चौकीदार को कुछ निर्देश दिए और रघुवंशी से अवैध कटाई को लेकर सवाल किए। इसी दौरान उसने मुझे धक्का दिया और झूमाझटकी की।

### 50 हजार रुपए उधार दिए थे

डिप्टी रेंजर ने कहा कि उन्होंने रघुवंशी को बाइक खरीदने के लिए 50 हजार रुपए उधार दिए थे। अब वह पैसे नहीं लौटाना चाहता और अवैध कटाई के मामले में बचने के लिए उन पर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पंचनामा बनाना चाहता था, लेकिन उसने दो बार रोक दिया और अपने मामा के नाम की धमकी भी दी। बाद में उसने मारपीट की झूठी शिकायत थाने में दी और हाथ में फैक्चर होने की बात कही। एसटीआर प्रबंधन ने इस मामले में फिलहाल डिप्टी रेंजर को निलंबित करते हुए बागड़ा रेंज अटैच किया है। पूरे घटनाक्रम की विभागीय जांच चल रही है। नर्मदापुरम वन मंडल में इससे पहले भी कुछ अधिकारियों के बीच विवाद सामने आते रहे हैं।

# 'झिन्ना' के जाल में उलझे मंत्री राकेश शुक्ला

## विवादित खदान खुलवाने के लिए लिख दी सीएम को चिट्ठी

### मामले ने तूल पकड़ा तो पहटे, चिट्ठी किसी और ने लिखी, हस्ताक्षर मेरे जैसे

भोपाल। प्रदेश के कटनी जिला स्थित ग्राम झिन्ना एवं हरैया में बंद पड़ी खदान को चालू करवाने के लिए मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख दी है। मंत्री ने चिट्ठी में कहा है कि मेसर्स सुखदेव गोयनका कटनी के ग्राम झिन्ना एवं हरैया में स्वीकृत खनि पट्टा के संबंध में उच्च न्यायालय भी आदेश कर चुका है। इसलिए परीक्षण कराकर स्वीकृत खनिपट्टा के अधिकार दिलाएं जाएं। चिट्ठी लिखने का मामला उठा तो मंत्री ने कहा कि उन्होंने कोई चिट्ठी नहीं लिखी है। हालांकि इससे पहले मंत्री नागर सिंह चौहान ने वन मंत्री रहते इसी खदान का खनि पट्टा देने के लिए नोटशीट लिख दी थी। बाद में उन्हें वन मंत्रालय छोडना पड़ा था। मंत्री राकेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि आनंद गोयनका ने खनिज अधिकारी संबंधी दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके आधार पर उन्होंने नियमानुसार कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। दरअसल, कटनी की झिन्ना एवं हरैया खदान का जो पट्टा मेसर्स सुखदेव प्रसास गोयनका को स्वीकृत है। उस संबंध में उच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया था उसके विरुद्ध वन विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की है। इस वजह से वन विभाग उच्च न्यायायल के आदेश पर पट्टा का अधिकार नहीं दे रहा है। हालांकि झिन्ना एवं हरैया में तीन अलग-अलग फर्म को खनि पट्टा स्वीकृत हुए थे। इनमें तीसरी फर्म ने अपना पट्टा एक फर्म को दिया है। जो पूर्व मंत्री के परिजनों से जुड़ी फर्म है। तीसरी फर्म सुखदेव प्रसाद गोयनका है। जिसके नाम पर खनि पट्टा स्वीकृत है, लेकिन मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। जबकि झिन्ना एवं हरैया में अन्य फर्मों के पास खनिपट्टा के अधिकार हैं।

### तो फिर किसने लिखी चिट्ठी

यदि झिन्ना खदान खुलवाने के लिए मंत्री राकेश शुक्ला ने चिट्ठी नहीं लिखी तो फिर किसने लगे। खास बात यह है कि चिट्ठी में आनंद गोयनका द्वारा मंत्री को दिए पत्र का भी उल्लेख है। मंत्री चिट्ठी लिखने से पलट गए हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक इस मामले में न तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और न ही जांच की मांग की है।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया

लॉर्डस । मिचेल स्टार्क की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ( डब्ल्यूटीसी ) के फाइनल में जीत के लिए 282 रनों का कठिन लक्ष्य दिया है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी में 207 रनों पर आउट हुई। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 212 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम महज 138 रन पर आउट हो गई थी। इस तरह से पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास 74 रन की बढ़त थी। इसी कारण उसकी बढ़त 282 रनों की हुई।

ऑस्ट्रेलिया ने एक समय दूसरी पारी में 73 रनों पर ही सात विकेट खो दिए थे पर इसके बाद स्टार्क और कैरी ने 61 रनों की साझेदारी कर पारी संभाली । इसके बाद हेजलवुड के साथ मिलकर 59 रन बनाये।

स्टार्क अंतिम तक जमे रहे। उन्होंने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए। स्टार्क 136 गेंद में 58 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया ने आज दूसरी पारी की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कागिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन को 2 रनों पर आउट कर टीम को नौवां झटका दिया। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 135 गेंदों में 59 रन बना दिये। केशव महाराज ने किसी प्रकार हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को समाप्त किया। स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाये। जब वह उतरे थे तब टीम ने 73 रनों पर ही सात विकेट खो दिये थे। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आखिरी विकेट के लिए 59 रन जोड़ कर मैच में ऑस्ट्रेलिया की वापसी करायी। स्टार्क और हेजलवुड टेस्ट क्रिकेट में दसवें विकेट के लिए तीन बार पचास से अधिक की साझेदारी करने वाली दूसरी जोड़ी है, उनसे पहले यह उपलब्धि बीजे वाटलिंग और ट्रेंट बोल्ट ने हासिल की थी। दिन की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के निचले क्रम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने परेशान किया।

हेजलवुड ने भी स्टार्क का साथ अच्छे से दिया और अपनी बल्लेबाजी तकनीक से प्रभावित करते हुए 53 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। मार्को यानसेन की गेंद स्टार्क के बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप के ऊपर से चार रनों के लिए चली गयी जिससे उन्होंने टेस्ट में अपना 11वां अर्धशतक पूरा किया और टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया।



## भारतीय टीम से मुकाबले के लिए तैयार है इंग्लैंड - मैकुलम

लंदन। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि भारतीय टीम इस दौरे में पूरी तैयारी के साथ आई होगी क्योंकि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम में काफी अच्छे खिलाड़ी है पर हमारी टीम भी मुकाबले के लिए तैयार है। कोच के अनुसार पांच टेस्ट मैच की इस सीरीज के लिए भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा वह नये विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत जीत से करना चाहेगी। ठीक इसी तरह का इरादा हमारी टीम का भी रहेगा। इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर हमारी टीम आगामी एशेज सीरीज के लिए भी अपनी लय हासिल करना चाहेगी। टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून से लीड्स में होगी।

मैकुलम ने कहा, 'भारतीय टीम बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आयी है और हम उनसे खेलने के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज में वेस्टइंडीज़ को हराया है। अब उसका ध्यान टेस्ट प्रारुप पर है। मैकुलम ने कहा, ''यह जरुरी है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वहीं उनके दूसरी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे, जबकि गस एटकिंसन अब भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। मैकुलम को हालांकि उम्मीद है कि जो गेंदबाज शामिल किये गये हैं वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे कुछ अच्छे तेज गेंदबाज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे लेकिन हमारे पास क्रिस वोक्स, सैम कुक, ब्रायडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग के रूप में तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा और विविधतापूर्ण आक्रमण है। इंग्लैंड की टीम में इस सीरीज के लिए जैकब बेथेल को फिर से टीम में शामिल किया है। उन्होंने कहा, ''स्पिनर के लिए हमारे पास शोएब बशीर हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में लगातार अपने खेल में सुधार कर रहे हैं। हम जानते हैं कि भारत के खिलाफ हमारी परीक्षा होगी और वे पूरी तैयारी के साथ उतरेंगे।

## भारतीय निशानेबाज सिफत ने आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य जीता

म्यूनिख। भारतीय महिला निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप तीसरा स्थान हासिल करने के साथ ही कांस्या पदक जीता है। सिफत ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच फाइनल में 453.1 अंक के साथ ही कांस्य पदक अपने नाम किया । वहीं नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक हासिल करने के साथ ही स्वर्ण पदक जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंकों के साथ ही रजत पदक जीता। वहीं सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया था। इससे पहले ब्यूनस आयर्स में हुए विश्व कप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था जिससे उनके इस सत्र की शुरुआत अच्छी रही थी। वहीं फ्रांस की अगाथे सेसिल कैमिली गिरार्ड ने भी क्वालीफिकेशन में 592 अंक हासिल किए पर 10 अंक के अंदरूनी हिस्से (एक्स) में अधिक निशाने के कारण वह नंबर एक रही रहीं थीं। स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट क्वालीफिकेश में तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो आशी चौकसे क्वालीफिकेशन में 589 अंक के साथ ही 11वें स्थान पर रहीं जबकि अंजुम मौदगिल को 586 अंक के साथ ही 27वां स्थान मिला।

## गंभीर ने सुदर्शन, करुण और अर्शदीप की जमकर प्रशंसा की, पहले टेस्ट में इन्हें जगह मिलना तय

लंदन । भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से यहां हेंडिंग्ले में होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले खिलाड़ियों से बात की। इस दौर गंभीर के साथ स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रॉक्स भी थे। गंभीर ने पहली बार टेस्ट टीम की कप्तानी कर रहे शुभमन से कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है ये सम्मान की बात है। गंभीर ने बल्लेबाज साई सुदर्शन, करुण नायर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की। इससे साफ है कि इन तीनों को पहले टेस्ट में जगह मिलना तय

टीम में शामिल नए खिलाड़ियों साई सुदर्शन और अर्शदीप सिंह का स्वागत किया और कहा कि उनके पास बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने का अवसर है जिसका वे लाभ उठायें। गंभीर ने



करुण नायर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आठ साल के बाद वापसी करना आसानी नहीं होता। करुण ने घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर टीम में जगह बनायी है। सुदर्शनको लेकर गंभीर ने कहा] आपके आखिरी तीन महीने बल्ले से अच्छे गए हैं, ऐसे में उम्मीद करते हैं कि आगे भी चीजें सही रहेंगी। सभी को उम्मीद है कि लाल गेंद करियर भी उनका अच्छा होगा।

साई ने आईपीएल 2025 के 15 मैचों में 759 रन बनाए हैं। वहीं अर्शदीप को लेकर भी गंभीर ने कहा, आपका सीमित ओवरों टी20 और एकदिवसीय में प्रदर्शन अच्छा रहा है अब आप लाल गेंद से भी इसी को दोहरायें।

गंभीर ने आगे कहा कि जब मैं इस टीम को देखता हूं, तो मुझे लगता है कि इसमें कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता है। अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर लड़ना शुरू करते हैं, तो मुझे लगता है कि हम इस इंग्लैंड डौरे में अच्छी सफलता हासिल कर सकते हैं। साथ ही सभी खिलाड़ियों से कहा कि देश के लिए खेलने के अवसर का लाभ उठाये क्योंकि इससे बड़ा सम्मान कुछ नहीं है।

इस सीरीज में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो के बीच कुल 136 टेस्ट मैच हुए है, जिसमें से भारतीय टीम ने 35 जबकि वहीं इंग्लैंड ने 51 जीते हैं 50 मैच बराबरी पर रहे। वहीं इंग्लैंड में हुए 67 टेस्ट में भारतीय टीम 9 जबकि इंग्लैंड 36 मैच जीती है, 22 मैच बराबरी पर रहे।

भारत में कुल 69 टेस्ट में से भारतीय टीम 26 जबकि इंग्लैंड ने 15 जीते हैं। 28 मैच ड्रॉ रहे।

इंग्लैंड की टीम- बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स.

भारतीय टीम- शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उप-कप्तान/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव.

**टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम**

पहला टेस्ट- 20-24 जून, 2025 - हेडिंग्ले, लीड्स

दूसरा टेस्ट- 2-6 जुलाई, 2025 - एजबेस्टन, बर्मिंघम

तीसरा टेस्ट- 10-14 जुलाई, 2025 - लॉर्ड्स, लंदन

चौथा टेस्ट- 23-27 जुलाई, 2025 - ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर

पांचवां टेस्ट- 31 जुलाई-4 अगस्त, 2025 - द ओवल, लंदन

## गंभीर इंग्लैंड दौरा बीच में छोड़कर स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पारिवारिक कारणों से अचानक ही इंग्लैंड दौर बीच में छोड़कर स्वदेश लौट आये हैं। गंभीर भारतीय टीम के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड में थे पर परिवार में मेडिकल इमरजैंसी के कारण उन्हें लौटना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंभीर की मां की तबियत खराब है अभी ये पता नहीं चला है कि वह कब टीम से वापस जुड़ेंगे। गंभीर की अनुपस्थिति में बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल, सहायक कोच रेयान टेन डोशेट और फील्डिंग कोच टी दिलीप भारतीय टीम की तैयारियों पर नजर रखेंगे। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 20 जून से खेलना है।

## तिलक काउंटी क्रिकेट में हैंपशर की ओर से खेलेंगे

हैदराबाद । आईपीएल में मुम्बई इंडियंस की ओर से शानदार प्रदर्शन के बाद अब बल्लेबाज तिलक वर्मा इंग्लिश काउंटी में खेलते नजर आयेंगे। हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने कहा कि बाएं हाथ का ये बल्लेबाज काउंटी टीम हैंपशर की ओर से खेलेगा। वह हैदराबाद की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। एचसीए ने कहा, ''हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि तिलक को शामिल करने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने हमसे संपर्क किया है।'' साथ ही कहा कि 'हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशर काउंटी के साथ शानदार जुड़ने के लिए अपनी शुभकामनाएं देता है।'' गौरतलब है कि तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी मैच में 50.16 की औसत से



1,204 रन बनाए हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 121 रन रहा है। उन्होंने पांच शतक और चार अर्द्धशतक बनाये हैं। तिलक ने भारतीय टीम की ओर से 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैचों में तकरीबन 749 और 68 रन बनाए हैं। तिलक काउंटी क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन कर अगले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगे

वहीं भारत के ही एक अन्य बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों में वनडे कप के लिए यॉर्कशर की ओर से खेलेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मुकाबले खेलने हैं। गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम के साथ हैं। यॉर्कशर ने कहा कि रूतुराज एक अच्छे बल्लेबाज हैं और उनके आने से टीम को लाभ होगा।

## सचिन की तरह छोटी उम्र में ही बड़े रिकार्ड बना रहे वैभव

मुम्बई। 14 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी जिस प्रकार का प्रदर्शन आईपीएल में किया है उससे सभी हैरान है। इस टूर्नामेंट में वैभव ने विश्व के शीर्ष तेज गेंदबाजों को भी जमकर पीटा। ऐसे में अब उनकी तुलना महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से होने लगी है। सचिन ने जो काम 16 से 17 साल में किया था वैभव उसे 14-15 साल में ही कर लेना चाहते हैं। भारतीय क्रिकेट में सचिन को भगवान का दर्जा हासिल है। ऐसे में वैभव से उनकी तुलना करना और भी अहम हो जाता है। उनका रणजी ट्रॉफी डेब्यू, घरेलू क्रिकेट में शतक पर नजर डालें तो वैभव भी सचिन की तरह लगते हैं। तेंदुलकर ने 1988 में केवल 15 साल की उम्र में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया था। यह वो दौर था जब सचिन ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को हैरान कर दिया था। उन्होंने अपने पहले रणजी मैच में शतक बनाकर भविष्य में नये रिकार्ड बनाने के संकेत दे दिये थे। वहीं वैभव ने 2024 में 13 साल और 269 दिन की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। इससे वे इस टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हालांकि डेब्यू मैच में वह सचिन की तरह रन नहीं बना पाये पर उनका मनोबल देखकर सभी हैरत में पड़ गये।

सचिन रणजी मैच में शतक जड़कर अपनी क्षमता साबित कर चुके थे। 1988 में हैरिस शील्ड टूर्नामेंट में विनोद कांबली के साथ उनकी 664 रन की ऐतिहासिक साझेदारी ने भी उनका नाम सभी जानने लगे थे। दूसरी ओर वैभव अपने रणजी डेब्यू में भले ही कमाल नहीं कर पाए लेकिन आईपीएल 2025 में अपने 35 गेंदों पर लगाये शतक से वह रातो-रात हीरो बन गये। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में 100 रन बनाकर टी20 क्रिकेट इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। वैभव ने ये रन मोहम्मद सिराज से और राशिद खान जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ बनाये थे।

सचिन ने साल 1988 तक भारत में अपना नाम बना चुके थे। साल 1989 में पाकिस्तान दौरे पर वसीम अकरम, वकार यूनुस, इमरान खान और अब्दुल कादिर का भी उन्होंने अच्छे से सामना किया पर दुनिया ने टेस्ट क्रिकेट में उनका सिक्का तब जमा जब उन्होंने 17 साल की उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 119 रन (नाबाद) बनाए। यह उनका पहला टेस्ट शतक था। इस पारी ने भारत को हार से बचाया और सचिन को विश्व क्रिकेट में एक उभरते सितारे के रूप में स्थापित किया। वहीं वैभव इसी महीने अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड जाने वाले हैं। वे इस टूर के लिए एनसीए में तैयारी कर रहे हैं। इस तैयारी के दौरान उन्होंने जिस प्रकार के आक्रामक शतक लगाये उससे इंग्लैंड के गेंदाज सकते में हैं

वैभव ने 90 गेंद में 190 रन बना दिये। 14 साल के वैभव को लेकर कोई कुछ कहना जल्दबाजी होगी पर यह तय है कि अगर वे इंग्लैंड की स्विंग और सीम गेंदबाजी का सामना कर बड़े स्कोर बनाते हैं तो उनको लिए भारतीय टीम मे जगह मिलेगी। भारतीय टीम को अगले साल टी20 वर्ल्ड कप खेलना है। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें अवसर दे सकते हैं। इससे वह सचिन का सबसे कम उम्र में डेब्यू का भारतीय रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं।

## कमिंस ने बनाया रिकार्ड, रिची बेनो की बराबरी पर आये

लॉर्ड्स । ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) फानल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 28 रन देकर 6 विकेट लेने के साथ ही एक नया रिकार्ड बनाया है। कमिंस अब टेस्ट में कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले संयुक्त रुप से दूसरे गेंदबाज बन गये हैं। उन्होंने इसी के साथ ही टेस्ट कप्तान के रूप में नौ बार पांच विकेट लेने के रिची बेनो के रिकॉर्ड की भी बराबरी की है। वहीं कप्तानप के रुप में सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने का रिकार्ड पाकिस्तान के इमरान खान का है। इमरान ने 12 बार पांच विकेट लिए थे। वहीं भारतीय टीम ने पूर्व स्पिनर बिशन सिंह बेदी ने 9 बार कप्तान रहते हुए पांच विकेट लिए थे।

कमिंस की घातक गेंदबाजी से दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीकी पारी ऑस्ट्रेलिया के 212 के जवाब में सिर्फ 138 रन पर ही सिमट गयी। कमिंस ने सुबह के सत्र में पहले ही दो विकेट ले लिए और लंच के बाद केवल 17 गेंदों में एक रन पर चार विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीकी पारी की कमर ही तोड़ दी।

केवल टेम्बा बावुमा और डेविड बेडिंघम ने पांचवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करके कुछ समय के लिए स्थिति को संभाला। लंच के तुरंत बाद कमिंस ने काइल वेरिन को एलबीडब्लू आउट किया और उसी ओवर में मार्को जेनसन को शून्य पर आउट किया। इसके बाद उन्होंने बेडिंघम की पारी भी समाप्त कर दी। कमिंस ने कसिगो रबाडा को आउट कर अपना 300 वां टेस्ट विकेट लिए।

## मिराज बांग्लादेश एकदिवसीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनाये गये

ढाका। ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज बांग्लादेश एकदिवसीय क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनाये गये हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मिराज को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की है। मिराज अगले एक साल तक के लिए कप्तान बनाये गये हैं। उन्हें नजमुल हुसैन शांतो की जगह कप्तान बनाया गया है। वह अगले महीने श्रीलंका में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से कप्तानी संभालेंगे।

कप्तान बनोय जाने पर मिराज ने खुशी जतायी है। मिराज ने कहा, 'राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। इस ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार एकदिवसीय मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की थी। 105 एकदिवसीय मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक ऐसे समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले इस, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान बनाया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी एकदिवसीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग,सेतु निर्माण संभाग**
**साउथ सिविल लाईन जबलपुर**

एनआईटी नं.- 03/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/2025 जबलपुर दिनांक 03.06.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स.क्र | पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _428633_1 | जिला बालाघाट | वार्षिक मरम्मत कार्य | बालाघाट जिले के अंतर्गत वार्षिक मरम्मत, पी.जी के विरुद्ध कार्य और विविध कार्य जैसे भूमिगत और अन्य सर्वेक्षण कार्य | द्वितीय आमंत्रण | रू0 19.75 लाख | समस्त दस्तावेज ऑन लाईन जमा किये जावेगे |
| 2 | 2025_PWDRB _428662_1 | जिला छिन्दवाडा | वार्षिक मरम्मत कार्य | छिन्दवाडा जिले के अंतर्गत वार्षिक मरम्मत, पी.जी के विरुद्ध कार्य और विविध कार्य जैसे भूमिगत और अन्य सर्वेक्षण कार्य | द्वितीय आमंत्रण | रू0 19.25 लाख | |
| 3 | 2025_PWDRB _428675_1 | जिला नरसिंहपुर | वार्षिक मरम्मत कार्य | नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत वार्षिक मरम्मत, पी.जी के विरुद्ध कार्य और विविध कार्य जैसे भूमिगत और अन्य सर्वेक्षण कार्य | द्वितीय आमंत्रण | रू0 19.80 लाख | |

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 16/06/2025 शाम 18.00 बजे निर्धारित है । विस्तुत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाईड में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेबसाईड पर किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी ।

जी-14289/25

**स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता**

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर

# सर्वदलीय डेलीगेस्ट की विदेश यात्रा से क्या नेताओं को मिलेगा राजनीतिक लाभ?

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद हुए सीजफायर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का पक्ष मजबूती से रखने के लिए सरकार ने सर्वदलीय सांसदों को प्रतिनिधिमंडल भेजा था। वे अब लौट आया है। पीएम मोदी से मुलाकात और औपचारिकताओं के बाद अब असली सवाल यह है कि क्या इस विदेश यात्रा का इन नेताओं को कोई राजनीतिक लाभ मिलेगा?



इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसदों ने एक स्वर में भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखा। भले ही यह मिशन कूटनीतिक था, लेकिन इसके राजनीतिक अर्थ भी कम नहीं थे। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस दौरे में अपनी 'राष्ट्रवादी नेता' की छवि को मजबूती से पेश किया है, जिससे उनकी पारंपरिक मुस्लिम पहचान के इतर एक नया आयाम जुड़ गया है। हालांकि विपक्ष के नेता उन्हें अब भी बीजेपी का 'अनकहा सहयोगी' मानते हैं।

वहीं, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी जो कभी कांग्रेस की प्रवक्ता थीं, इस मिशन में मोदी सरकार की तारीफ करते नजर आईं। उनके बदले हुए रुख को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं हो रही हैं कि क्या वे फिर से बीजेपी में जा सकती हैं? खासकर तब जब स्मृति ईरानी का प्रभाव एक तरह से खत्म हो गया है, जो पहले उनके रास्ते की दीवार थीं। वहीं कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इस दौरे में अपनी वैश्विक छवि को और निखारा, लेकिन पार्टी के अंदर उनकी लाइन से कई नेता नाराज हैं। थरूर का सरकार को खुफिया चूक के लिए क्लीन चिट देना और सीजफायर को अमेरिका के दबाव में न मानना, उनके कांग्रेस नेतृत्व से मतभेद को उजागर करता है। सवाल यह है कि क्या थरूर कांग्रेस छोड़कर किसी अन्य दल की राह पर बढ़ सकते हैं?

डीएमके की कनिमोझी ने भी अपनी छवि को राष्ट्रीय स्तर पर पेश किया, लेकिन क्या इससे उन्हें अपनी पार्टी में वांछित राजनीतिक ऊंचाई मिलेगी? डीएमके की कमान उनके भाई स्टालिन के पास है और उत्तराधिकारी के तौर पर उदयनिधि स्टालिन को ही देखा जा रहा है। बीजेपी के रविशंकर प्रसाद मंत्री पद गंवाने के बाद वे सक्रिय राजनीति में हाशिये पर थे, लेकिन क्या अब पार्टी में उनकी वापसी किसी बड़ी भूमिका में हो सकती है? बिहार चुनाव निकट हैं और रविशंकर प्रसाद की भूमिका पर सबकी निगाहें हैं।

इस विदेश यात्रा ने भले ही कई नेताओं को वैश्विक मंच पर चमकने का मौका दिया हो, लेकिन असली परीक्षा अब घरेलू राजनीति पर नजर आएगी कि कौन इस दौरे को सिर्फ 'डिप्लोमैटिक ड्यूटी' तक सीमित रखता है और कौन इसे 'राजनीतिक लाभ' में तब्दील करता है।

## धनबाद से बिल्डर की हत्या करने आए ईनामी बदमाश समेत चार गिरफ्तार

पटना। पटना के बोरिंग रोड के बिल्डर की हत्या करने आए 50 हजार के इनामी बदमाश विकास कुमार समेत चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बिल्डर को मरने के लिए तीन लाख की सुपारी ली थी। एसटीएफ और पटना पुलिस टीम ने गुरुवार शाम आशियाना मोड़ से रामनगरी मोड़ के बीच खदेड़कर नकटा गोप उर्फ नाकट गोप के बेटे विकास के साथ ही उसके गुर्गों अभिषेक कुमार, राज और गोविंद कुमार को पकड़ा। पुलिस ने पिस्टल और आधुनिक हथियार तान कर बदमाशों से कहा- रुक जाओ नहीं तो गोली मार देंगे। उसके बाद चारों को दबोच लिया। पुलिस को अपराधियों के पास से एडवांस में मिले 40 हजार कैश के अलावा दो पिस्टल, 10 गोली, एक बुलेट, एक स्कूटी बरामद की है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि धनबाद से ये चारों बोरिंग रोड जाकर उस बिल्डर की रेकी कर हत्या करने वाले हैं। ये चारों दीघा के रहने वाले हैं। चारों को एसटीएफ ने राजीवनगर थाने के हवाले कर दिया। पटना पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए विकास ने धनबाद में ठिकाना बना रखा है।

## जिस सीट से नफरत करते थे यात्री, उसी पर सफर कर रहे थे विश्वास और सुरक्षित रहे

अहमदाबाद। रमेश एकमात्र यात्री हैं, जो गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जीवित बचे हैं। इसकी एक बड़ी वजह उनकी सीट यानी 11ए मानी जा रही है। आमतौर पर यात्री इस सीट पर बैठने से बचते हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि इस हादसे में 250 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल, जांच जारी है और दुर्घटना की वजह का पता लगाया जा रहा है।

रमेश की सीट का नंबर भी 11ए था। बीते साल द सन से बातचीत में फ्लाइट अटेन्डेंट्स ने बताया था कि 11ए और 11एफ पर बैठने से यात्री इसलिए बचते हैं, क्योंकि यह प्लेन के बिल्कुल बीच में मौजूद होती है और ऐसे में उन्हें विमान से उतरने में आखिरी में मौका मिलता है। दोनों ही सीटें विंडो हैं। 11ए को इसलिए भी खराब माना जाता है, क्योंकि यहां बैठने वाले यात्री को खास नजारे देखने नहीं मिलते। इसकी बड़ी वजह आमतौर पर छोटी खिड़की होना है। फ्लाइट रडार 24 के एक जानकार का कहना है कि बोइंग के एसी सिस्टम के चलते कई बार 11ए सीट में खिड़की ही नहीं होती।

### जब मैं उठा तो मेरे आसपास शव थे- रमेश

बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) की 11ए सीट पर बैठे रमेश चमत्कारी रूप से बच गए। वह ब्रिटिश नागरिक हैं और अपने परिवार से मिलने 45 वर्षीय भाई अजय कुमार रमेश के साथ भारत आए थे। दोनों ही भाई अलग रो में बैठे थे। उन्होंने कहा, जब मैं उठा तो मेरे आसपास शव पड़े हुए थे। मैं डर गया और उठकर भागने लगा। मेरे आसपास जहाज के टुकड़े थे। किसी ने मुझे पकड़ा और एम्बुलेंस में डाला और अस्पताल लेकर आ गए। अहमदाबाद में हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) ने बताया कि विमान के पायलट ने दोपहर 1.39 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, जो पूर्ण आपात स्थिति का संकेत था। उन्होंने कहा कि उपलब्ध वीडियो फुटेज के अनुसार, दोनों इंजन का पूरी क्षमता से काम न करना या पक्षी का टकराना दुर्घटना के संभावित कारणों में से एक हो सकता है। टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद नीचे की ओर आया, जबकि उसका लैंडिंग गियर (पहिया) अब भी बाहर निकला हुआ था।

## एक्सिओम-4 मिशन फिर टला, इसरो ने सुरक्षा को बताया शीर्ष प्राथमिकता

नई दिल्ली। एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन बार-बार टल रहा है। इस मिशन के टलने के बीच भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को एक बयान जारी कहा कि सुरक्षा और मिशन की संपूर्णता उसकी शीर्ष प्राथमिकता है। इसरो ने कहा कि वह इस संबंध में नासा और एक्सिओम स्पेस के साथ मिलकर काम कर रहा है।

बता दें भारत के शुभांशु शुक्ला तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा करने वाले हैं। फिलहाल इस अंतरिक्ष मिशन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसके पीछे की वजह अंतरिक्ष एजेंसियां ??प्रक्षेपण से पहले उत्पन्न विभिन्न मुद्दों पर विचार कर रही हैं। इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने एक्स पर कहा कि सुरक्षा और मिशन की पूर्णता हमारी शीर्ष प्राथमिकताएं हैं।

उन्होंने कहा कि इसरो इस संबंध में एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स के साथ मिलकर काम कर रहा है। एक्सिओम-4 निजी मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की वापसी में और देरी हो गई है। नासा ने गुरुवार को घोषणा की थी कि वह आईएसएस के रूसी मॉड्यूल में एक लीकेज की जांच कर रहा है। नासा ने एक बयान में कहा कि नासा और एक्सिओम स्पेस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम मिशन-4 के प्रक्षेपण को स्थगित कर रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को मूल रूप से 29 मई को उड़ान भरनी थी।

## भाग्य पर व्याख्यान देने के बजाय जवाबदेही तय करें गृहमंत्री- कांग्रेस

### पार्टी इस सामूहिक दुख और पीड़ा के समय में राष्ट्र के साथ खड़ी है

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हुई मौतों पर शुक्रवार को दुख जताया और गृहमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि घटनास्थल का दौरा करने के बाद गृह मंत्री अमित शाह भाग्य पर व्याख्यान देने के बजाय जवाबदेही तय करने का वादा कर सकते थे। बता दें शाह विमान हादसे के कुछ घंटे बाद अहमदाबाद पहुंचे थे और कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना ज्यादा था कि किसी को बचा पाने की गुंजाइश ही नहीं थी।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया जिसमें कांग्रेस एआई-171 विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों, चालक दल के सदस्यों और उन निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है जो दुर्घटनास्थल के आसपास मौजूद थे और हादसे का शिकार हुए। हम इस त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद भीषण और हृदय विदारक दुर्घटना है, जिसने पूरे देश को सदमे में डाल दिया है।

कांग्रेस पार्टी इस सामूहिक दुख और पीड़ा के समय में राष्ट्र के साथ खड़ी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेत पवन खेड़ा ने अमित शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया- जब एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और लोगों की मौत हो गई, तो गृह मंत्री कम से कम जवाबदेही का वादा कर सकते हैं, न कि भाग्य पर व्याख्यान दें।

खेड़ा के मुताबिक गृह मंत्री ने कहा था कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। खेड़ा ने सवाल किया कि यदि कुछ भी रोका नहीं जा सकता, तो हमारे पास मंत्रालय हैं ही क्यों? उन्होंने कहा कि विमानन दुर्घटनाएं दैवीय कृत्य नहीं हैं उन्हें रोका जा सकता है। इसीलिए हमारे पास विमानन नियामक, सुरक्षा प्रोटोकॉल और संकट के समय प्रतिक्रिया की प्रणालिया हैं। उन्होंने कहा कि अमित शाह के तर्क के मुताबिक क्या हमें सुरक्षा बुनियादी ढांचे, विनियमन, या संकट की तैयारी में निवेश करना पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए? उन्होंने सवाल किया कि क्या इसे भाग्य पर छोड़ देना चाहिए?

## मुस्लिमों पर हो रहे जुल्म को लेकर मौलाना तौकीर देंगे गिरफ्तारी -कहा- इस बार कोई समझौता नहीं करेंगे, बरेली प्रशासन अलर्ट

बरेली। इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। बरेली में मौलाना तौकीर ने एक बयान जारी कर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने ऐलान किया कि रविवार को वह गिरफ्तारी देंगे और इस बार कोई समझौता नहीं करेंगे।

मुस्लिम समुदाय पर हो रहे अत्याचार को लेकर मौलाना तौकीर रजा ने बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इंसाफ पाने के लिए बात किससे करें? जो हमारा, हमारे बच्चों के जानी दुश्मन हैं। हमारी मस्जिदों के दुश्मन हैं। मौलाना तौकीर ने कहा कि सीएम योगी कैसी-कैसी गुस्ताखियां करते हैं। हम सिर्फ खामोश इसलिए हैं क्योंकि हम अपने देश में अमन चाहते है। बड़े आंदोलन की चेतावनी देते हुए तौकीर रजा ने कहा कि हमारे नौजवान गिरफ्तारी देने के लिए निकलेंगे और अगर दंगा होता है, तो उसकी जिम्मेदारी यूपी पुलिस और बरेली पुलिस की होगी।

उन्होंने कहा कि या तो मेरी बात सुनो या फिर मुझे जेल में डाल दो। पहले भी हम लोगो ने कर्फ्यू तोड़कर संगीनों के साए में नमाजें अदा की थीं और एक बार फिर से तारीख दोहराने का समय आ गया है। हालिया दिनों में हैदरी दल पर बरेली पुलिस ने कार्रवाई की, तो इस पर सियासी बयानबाजी शुरू हो गई। मौलाना तौकीर ने हैदरी दल पर कार्रवाई को लेकर पुलिस प्रशासन और सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बरेली में जो लड़कियां बहक गई थी, उनको मुस्लिम युवाओं ने कहा कि नकाब का मजाक मत उड़ाओ और ऐसे लड़कों पर पुलिस ने कार्रवाई की। ऐसा करके उन्होंने मुसलमानों को भड़काने का काम किया।

मौलाना ने कहा अब खामोश बैठने का वक्त नहीं है। ऐसी आजादी किसी काम की नहीं है। लंबे समय से भंग चल रही इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल संगठन को फिर से बहाल कर दिया गया है। गुरुवार को नई टीम की घोषणा की गई, जिसमें शमशाद बाबू को बरेली का जिलाध्यक्ष और पार्षद अनीस सकलेनी को बरेली महानगर का अध्यक्ष बनाया गया है। सिटी स्टेशन के सामने स्थित मदरसा परिसर में जिले के सीनियर कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मौलाना तौकीर रजा ने मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की।

मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि जो लोग आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के तलवे चाट रहे थे, उस समय सच्चे देशभक्त मुसलमानों पर अंग्रेज लाठियां बरसा रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि सच्चे हिंदुस्तानी मुसलमान देश के लिए अपनी जान तक दे सकते हैं, उन्हीं पर पुलिस लाठियां चला रही है, जो गद्दार देश को लूट रहे हैं, उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती और न कोई कर सकता है। उन्होंने मुसलमानों से अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने अन्याय पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, जब तक बेईमानी हो रही है, हमारे बच्चों की लिंचिंग हो रही है। बहन-बेटियों को बेइज्जत किया जा रहा है, जब तक यह तरीका बंद नहीं किया जाता तब तक हमें आज़ाद रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने मुसलमानों को कब्र की गर्मी की परवाह करने की सलाह दी और हिम्मत होते हुए भी कुछ न करने पर जवाबदेही का सवाल उठाया।

मौलाना तौकीर रजा खान ने आखिर में एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि रविवार को वह अपनी गिरफ्तारी देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह का अभियान बाद में पूरे यूपी में चलाया जाएगा। रजा के इस ऐलान के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है।

## एडवाइजरी जारी : तेहरान-तेल अवीव में चल तनाव के बीच भारतीयों से सतर्क रहने को कहा

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआईए) ने शुक्रवार को ईरान और इराक जाने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। वहीं तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने भी इजरायल में मौजूद भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे सतर्क रहने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पर भारतीय मिशन ने इजरायल में रहने वाले या यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सावधानी और तैयारियों के महत्व पर जोर दिया है।

इजरायल स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, इजरायल में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें। वह इजरायली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड के बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। सावधानी बरतें और देश के अंदर गैर-जरूरी यात्रा से बचें। सेफ्टी शेल्टर के करीब रहें। इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते



तनाव को देखते हुए भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों से आधिकारिक चैनलों के माध्यम से अपडेट रहने को कहा है। इसके साथ ही आपात स्थिति में मिशन के संपर्क में रहने की सलाह भी दी गई है।

आईजीआईए की ओर से यह सलाह ईरान और इजरायल के बीच बढ़ती दुश्मनी के बीच आई है। शुक्रवार सुबह इजरायल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की है। इस ऑपरेशन को इजरायल ने नेशन ऑफ लायंस का नाम दिया है। आईजीआईए ने एडवाइजरी में कहा, दिल्ली में परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। हालांकि, ईरान, इराक और पड़ोसी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों के चलते कुछ उड़ानों के शेड्यूल प्रभावित हुए हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वह अपनी उड़ानों के बारे में लेटेस्ट अपडेट के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। हम सभी यात्रियों से आग्रह करते हैं कि वह सटीक और लेटेस्ट जानकारी के लिए केवल ऑफिशियल सोर्स पर ही भरोसा करें।

## सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों हमारे सारे हिंदू मंदिर एवं तीर्थ स्थल

### -कथावचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज की मांग



वृंदावन। बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर व न्यास गठन पर कथावचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने कहा है कि वे शुरू से ही मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड बनाकर हिंदू मंदिर एवं तीर्थ स्थलों की व्यवस्था स्थानीय सनातनी भावनाओं के अनुरूप करनी चाहिए। वृंदावन में कांक्रीट का गलियारा न बने, बल्कि स्थानीय लोगों के सहयोग से तुलसी, लता-पता, वृक्षों से सजा मार्ग बने, जिसमें प्रवेश करते समय वास्तविक करोड़ों ठाकुरजी और लाड़ली जू के भक्तों को वृंदावन का आभास हो।

गंगोत्री धाम में भागवत कथा कह रहे देवकीनंदन ने कहा है कि बांके बिहारी मंदिर की परंपरागत सेवा-पूजा एवं व्यवस्था में बदलाव नहीं होना चाहिए। मुख्य मार्ग चौड़े होने चाहिए, लेकिन वृंदावन का सही मायने में विकास तभी माना जा सकता है, जब निर्मल यमुना की जलधारा आने लगे। स्वच्छ यमुनाजल से ठाकुरजी को स्नान कराकर सेवा पूजा की जा सके। ब्रज-वृंदावन मांस और मदिरा से मुक्त हो जाए। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर दूषित प्रसाद मामले के बाद से वह 'सनातन बोर्ड' की मांग इसलिए करते आ रहे हैं कि मंदिरों की पूजा पद्धिति एवं संस्कृति बची रहे।

देवकीनंदन ने कहा कि नमाज पढ़ने के लिए सरकार और प्रशासन सड़क पर भी व्यवस्था करवा देते हैं, इसके लिये ट्रैफिक को कंट्रोल कर डायवर्ट तक कर दिया जाता है। फिर बांकें बिहारी जैसे मंदिरों में दर्शन को आने वाले यात्रियों के लिये उचित व्यवस्थाएं क्यों नहीं बना सकते है। उन्होंने कहा कि भगवान के दर्शन को पैदल चलकर जाने का शास्त्रीय विधान है। मंदिर से कुछ किलोमीटर दूर वाहन रोककर पैदल जाना चाहिये।

## 19 वर्षीय दलित युवती की मौत मामले में आरोपी हैदर को मौत की सजा

रुड़की। उत्तराखंड में रुड़की की अदालत ने 19 वर्षीय दलित युवती की हत्या के मामले में एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है। एक अन्य दोषी को आजीवन कारावास दिया गया है। यह घटना 2021 की है। युवती निधि अपने घर में अकेली थी। इस दौरान पड़ोसी हैदर अली निधि को लगातार फोन कर मिलने के लिए बुलाता था। इंकार करने पर हैदर ने घर में घुसकर दो साथियों की मदद से निधि की हत्या कर दी। इस घटना में एक नाबालिग भी शामिल है, जिसका किशोर अदालत में मुकदमा चल रहा है। वह दो भाइयों की इकलौती बहन थी। पिता की मृत्यु के बाद घर खर्च चलाने के लिए घर पर एक छोटी सी किराने की दुकान शुरु की थी। उनकी मां दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करती थीं।

कोर्ट के फैसले के बाद परिवार ने कहा कि उन्हें न्याय मिल गया है। निधि के भाई दिनेश सिंह ने कहा कि हम बहुत गरीब लोग हैं, लेकिन इस फैसले ने हमें महसूस कराया कि न्याय सभी के लिए समान है। हम फैसले से संतुष्ट हैं और अपने वकील संजीव वर्मा के आभारी हैं, जिन्होंने हमसे एक भी रुपया नहीं लिया।

मामले के मुताबिक, 24 अप्रैल, 2021 को, निधि घर पर अकेली थी, हैदर अपने दोस्तों शारिक और रेहान के साथ आया और उस पर हमला कर दिया। उसने चाकू से निधि का गला काट दिया। उसकी चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और हैदर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि अन्य दो भागने में सफल रहे। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में निधि की मौत हो गई। नाबालिग आरोपी रेहान का किशोर अदालत में मुकदमा चल रहा है।

## लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट तीन घंटे हवा में रहने के बाद मुंबई लौटी

मुंबई। लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआईसी129 को तीन घंटे तक हवा में रहने के बाद तकनीकी कारणों से वापस मुंबई लौटना पड़ा है। यह उड़ान शुक्रवार सुबह 5ः39 बजे मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुई थी।

एअर इंडिया की ओर से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि यह निर्णय एहतियात के तौर पर लिया गया, क्योंकि ईरान के हवाई क्षेत्र में हालात अनिश्चित हो गए हैं और वहां का हवाई मार्ग अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बयान में कहा गया, कि ईरान की वर्तमान स्थिति के मद्देनज़र एअर इंडिया की कई उड़ानों को या तो डायवर्ट किया जा रहा है या सुरक्षित रूप से वापस बुलाया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

फ्लाइट एआईसी129, जो नियमित रूप से मुंबई से लंदन हीथ्रो के लिए उड़ान भरती है, ने बीच रास्ते से लौटने का फैसला लिया। इस दौरान विमान करीब तीन घंटे तक हवा में रहा। एयरलाइंस ने यात्रियों को सुरक्षित तरीके से मुंबई एयरपोर्ट पर उतार दिया है। इसी के साथ यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए एयरलाइन वैकल्पिक उड़ान और जरूरी सेवाओं की व्यवस्था करने की भी बात कही है। स्थिति सामान्य होने तक एअर इंडिया ने प्रभावित मार्गों पर संचालन में सतर्कता बरतने के संकेत दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, वैश्विक एयर ट्रैफिक पर पश्चिम एशिया में उपजे तनाव का असर दिखने लगा है, जिससे कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अपने मार्ग बदलने या उड़ानें रद्द करने की नौबत आ रही है।

# विमान दुर्घटना के चलते नपा. ने की परिषद की बैठक स्थगित

## पार्षद मनीष नेमा ने आवारा कुत्तों की मीडिया के सामने रखी समस्या, परिषद की बैठक में नहीं पहुंचे कांग्रेस पार्षद

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका की परिषद की बैठक 13 जून को निरस्त कर दी गई। जिसमें नगर पालिका प्रबंधन द्वारा बताया गया कि 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को देखते हुए परिषद की बैठक को आगामी पांच दिनों के बाद तय तिथि अनुसार पुन: आयोजित की जाएगी। अभी बैठक को निरस्त किया जाता है। विमान में मृत लोगों को परिषद के सदस्य सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई । बैठक के बाद पार्षद मनीष नेमा ने आवारा कुत्तों की समस्या को मिडिया के सामने रखा , इस बैठक के लिए बनाए गए सांसद प्रतिनिधि ने भी जनप्रतिनिधियों की बात को गंभीरता से लेने नगर पालिका प्रबंधन से कहा ।

आपको बता दे की 13 जून को प्रात: 11:00 बजे नगर पालिका द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका के सदस्यों का विशेष सम्मेलन बुलाया गया था । 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को देखते हुए नगर पालिका द्वारा परिषद की बैठक को निरस्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया और परिषद की बैठक को आगामी 5 दिनों के बाद तय तिथि अनुसार पुन: आयोजित करने की बात कही गई । जबकि कांग्रेस के पार्षदों ने पहले ही इस बैठक से संगठन के निर्देश अनुसार दूरी बना ली थी । कोई भी कांग्रेस का पार्षद इस परिषद की बैठक में नगर पालिका नहीं पहुंचा। कुछ कांग्रेस पार्षद नगर पालिका तो आए पर वह बैठक में सम्मिलित नहीं हुए। बैठक में सत्ता पक्ष के पार्षदों द्वारा एक प्रस्ताव पारित कर परिषद की बैठक को आगे बढ़ाया और नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ विमान में मारे गए लोगों की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया । कुछ सत्ता पक्ष के पार्षद ने मीडिया को अपने वार्ड की समस्या रखते हुए बताया कि उनके वार्डो में आवारा कुत्तों की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रही है । जिसकी चिंता नगर पालिका को करनी होगी तो वही इस बार बनाए गए सांसद प्रतिनिधि सुशील वर्मा ने भी जनप्रतिनिधियों की बात को नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों को मानने को कहा उन्होंने बताया कि आज नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधियों की बातों को नहीं सुन रहे हैं।



### विमान दुर्घटना को देखते हुए आज कार्यक्रम में नही गये - योगराज

13 जून शुक्रवार को आयोजित परिषद की बैठक में किसी भी कांग्रेस पार्षद ने हिस्सा नहीं लिया। नेता प्रतिपक्ष योगराज कारो लिल्हारे ने बताया कि अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रेश की घटना पर पार्टी के किसी भी कार्यक्रम और बैठक में हिस्सा नहीं लिए जाने के निर्देश मिले थे। जिसके चलते, कांग्रेस पार्षद बैठक में शामिल नहीं हुए है। हालांकि परिषद की बैठक में भी उपस्थित परिषद अध्यक्ष, सदस्यों और नगरपालिका प्रबंधन ने अहमदाबाद घटना को लेकर शोक श्रद्वाजंलि दी। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक लिखित पत्र भी दिया था, कि विमान दुर्घटना को देखते हुए परिषद की बैठक को निरस्त कर आगामी दिनों तक आगे बढ़ा दिया जाये।

### जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नही हो रही- सुशील वर्मा

बैठक में सांसद प्रतिनिधि सुशील वर्मा ने कहा कि किसी भी वार्ड के पार्षद जनप्रतिनिधि को वार्ड की जनता, पूरे विश्वास के साथ निर्वाचित करती है, ताकि वह वार्ड और उनकी समस्या को नगरपालिका में उठाए। यदि कोई पार्षद जनप्रतिनिधि, अपने वार्ड और जनता की समस्या को रखता है तो नगरपालिका प्रबंधन का दायित्व है कि वह उसकी बातों को गंभीरता से ले और इसका निराकरण करें। सांसद प्रतिनिधि वर्मा ने इसके साथ ही सांसद भारती पारधी के शहर विकास की कल्पना को भी रखते हुए कहा कि शहर विकास के लिए राशि लाना सांसद का काम है लेकिन शहर विकास के कार्यो को अमलीजामा, पहनना, नगरपालिका का काम है, नगरपालिका शहर विकास को लेकर, योजना तैयार करें और सांसद से उसकी डिमांड करें, ताकि शहर का विकास हो सके।

### आवारा कुत्तो की बढ़ती संख्या चिंता का विषय हैं - मनीष नेमा

परिषद बैठक में शामिल पार्षद मनीष नेमा ने शहर में आवारा कुत्तो की बढ़ती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि शहर में जब बच्चे ट्यूशन जाते है तो कुत्ते, उनके पीछे दौड़ते है, जिसके कारण वह गिर जाते है और इससे उन्हें चोटें आती है। ऐसे में कोई बड़ी घटना ना घटित ना हो जाए। जिसको लेकर मैने सीएमओ को आवारा कुत्तो की बढ़ती संख्या और उनसे हो रही समस्या पर पत्र दिया है, ताकि इस पर रोक लगे, ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो।

# खैरी में अवैध रेत उत्खनन करते पकड़े 5 ट्रेक्टर

## तहसीलदार ने दल बनाकर आकस्मिक रूप से उत्खनन क्षेत्र में दस्तक दी



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शुक्रवार को खैरलांजी तहसील के खैरी गांव में तहसीलदार छवि पंत ने दल बनाकर अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही की। खैरलांजी तहसीलदार पंत ने बताया कि अवैध रेत खनन की शिकायत पर उन्होंने राजस्व और पुलिस का दल बनाकर बताये गए क्षेत्र पहुँची। यहां अवैध रेत खनन देखकर हकम्प मच गया। दल को आते देख उत्खननकर्ता भागने भी लगे, दल द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही की। खैरी गांव की बैनगंगा नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 5 ट्रैक्टर जप्त किए गए। जिसमें से दो ट्रैक्टर की ट्रॉली में रेत भरी हुई पाई गई एवं अन्य तीन ट्रैक्टर खाली पाए गए। सभी पांचों ट्रैक्टर को मौके से जप्त कर थाने में खड़ा किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार दुलारेलाल परते, सहायक उपनिरीक्षक सतीश गेढ़ाम, पटवारी सरिता यादव,आरक्षक रामसिंह मेवाड़ा,हेमराज बकोडे और विष्णु जाट शामिल रहे।

### इन ट्रेक्टर को किया जब्त

तहसीलदार पंत ने बताया कि वैनगंगा नदी में स्वीकृत रेत खदान से बाहर ख.नं. 232 रकबा 23.738 में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 05 टैक्टर पक ? गए है। इनमें एमपी-50ए-9287, (रेत भरी ट्राली), एमपी-50एए-0165 (रेत भरी ट्राली) टैक्टर न्यू रंग नीला, स्वराज कंपनी, नंबर नहीं है। (खाली ट्राली) ट्रैक्टर मालिक का नाम गनराज माहुले, ग्राम खैरी, ट्रैक्टर चालक का नाम रितिक पिता गनराज माहुले खैरी, एमपी-50एए-1806 (खाली ट्राली) और एमपी-50एए-1088 (खाली ट्राली) अवैध रेत उत्खनन में शामिल रहे, जिन्हें जब्त किया गया।

# नाले में नहाने गए एक युवक की नाले में ही डूबने से मौत

## एसडीआरएफ की टीम ने युवक विकेश का निकला शव

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बैगानगरी समीप डबरा नाला में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक विकेश उर्फ मोनू पिता कुलवंत भलावी 22 वर्ष ग्राम जलगांव थाना परसवाड़ा निवासी है। 11 जून की शाम 6:00 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह युवक अपने दोस्त के साथ नहाने के लिए डबरा नाला गया था। 12 जून को जिला मुख्यालय से पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने इस युवक का शव मशक्कत के बाद नाला से बाहर निकले। बैहर पुलिस ने इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकेश उर्फ मोनू भलावी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था जिसकी दो बहने हैं। माता-पिता खेती मजदूरी करते हैं।यह भी बताया गया है कि विकेश उर्फ मोनू छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग में टेंट का काम करता था। वहीं पर इसकी पहचान संदीप धुर्वे बैगा नगरी बैहर निवासी से हुई थी। और दोनों टेंट में ही काम करते थे। हाल ही में दोनों युवक अपने घर आए हुए थे। 11 जून को विकेश उर्फ मोनू भलावी अपने गांव के एक युवक के साथ बैगानगरी बैहर अपने दो संदीप धुर्वे के घर बारसा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था और शाम को 06:00 बजे करीब विकेश उर्फ मोनू भलावी अपने दोस्त के साथ डबरा के गुरार नाला में नहाने के लिए गए थे। विकेश उर्फ मोनू भलावी नाला में नहाते समय नाला के गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। गांव के लोग दौड़े किंतु विकेश उर्फ मोनु भलावी को बाहर नहीं निकाल पाए। सूचना मिलने पर भैया थाने से सहायक उपनिरीक्षक कैलाश पटेल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। शाम होने से विकेश उर्फ मोनु भलावी का शव बाहर नहीं निकाल पाए। 12 जून को जिला मुख्यालय बालाघाट से एसडीआरएफ की टीम बैगा नगरी पहुंची और डबरा के गुरार नाल में रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर विकेश उर्फ मोनू भलावी का शव बाहर निकाले। सहायक उप निरीक्षक कैलाश पटेल ने मृतक विकेश उर्फ मोनू भलावी का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# तहसील बिरसा पटवारी कुलदीप मेरावी को 15 दिन में कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एसडीएम बैहर अर्पित गुप्ता ने तहसील बिरसा के पटवारी कुलदीप मेरावी को बिना किस कारण के अनुपस्थित होने पर नोटिस जारी किया। कुलदीप मेरावी, पटवारी जो कि तहसील बिरसा में पदस्थ हैं, दिनांक 13 सितम्बर 24 से निरंतर बिना पूर्व सूचना अथवा स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित हैं। उन्हें पूर्व में कारण बताओ नोटिस दिनांक 6 फरवरी से 27 दिसंबर 2024 को जारी किए गए थे, लेकिन उन्होंने न तो नोटिस का जवाब दिया और न ही कार्य पर उपस्थित हुए। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर एसडीएम कार्यालय बैहर में उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि में कार्य पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही कर सेवा से पृथक किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट